


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, शनिवार 10 मई 2025 ■ बैसाख शुक्ल पक्ष-13 ■ वर्ष- 41 ■ अंक-042 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 11 मई 2025 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


# भारतीय सेना के हमले से पाकिस्तान के 5 एयरबेस तबाह

**नई दिल्ली,10 मई।** पाकिस्तान की नापाक हरकतों का भारत मुंहतोड़ जवाब दे रहा है। भारतीय वीर कैसे बॉर्डर पर पाकिस्तान की कोशिशों को ध्वस्त कर रहे हैं अपने जान की परवाह किए बिना, यह भारत की सेना और सुरक्षा बल की ताकत को दर्शाता है। 10 मई की सुबह खबर आयी थी कि शुक्रवार रात को पाकिस्तान रेंजर्स द्वारा बिना उकसावे के गोलीबारी के बाद एक मजबूत जवाबी कार्रवाई में, सीमा सुरक्षा बल ने पुष्टि की कि उसने जम्मू के अखनूर सेक्टर के पार पाकिस्तान के सियालकोट जिले में स्थित लूनी में एक आतंकवादी लॉन्च पैड को नष्ट कर दिया है। भारतीय सेना ने पाकिस्तान के 5 एयरबेस को तबाह कर दिया है। यह कार्रवाई शुक्रवार रात करीब 9 बजे शुरू हुए संघर्ष विराम उल्लंघन का एक सुनियोजित जवाब था। बताया जाता है कि पाकिस्तान के कई शहरों की सड़कों पर सन्नाटा छाया हुआ है तथा पेट्रोल पंप बंद करा दिये गये हैं।

**आतंकवादी लॉन्च पैड ध्वस्त**

भारतीय सेना ने वीडियो शेयर करते हुए यह जानकारी दी - 08 और 09 मई 2025 की रात को जम्मू और कश्मीर और पंजाब के कई शहरों में ड्रोन हमलों की कोशिश करने के पाकिस्तान के दुस्साहस के जवाब में, भारतीय सेना ने आतंकवादी लॉन्चपैड पर समन्वित हमला किया, उन्हें नष्ट कर दिया। नियंत्रण रेखा के करीब स्थित आतंकवादी लॉन्चपैड अतीत में भारतीय नागरिकों और सुरक्षा बलों के खिलाफ आतंकवादी हमलों की योजना बनाने और उन्हें अंजाम देने का केंद्र थे। भारतीय सेना की त्वरित और निर्णायक कार्रवाई ने आतंकवादी बुनियादी ढांचे और क्षमताओं को एक महत्वपूर्ण झटका दिया है। वहीं दूसरी तरफ शुक्रवार देर रात भारतीय कश्मीर और पड़ोसी राज्य पंजाब के सिखों के पवित्र शहर अमृतसर में धमाके हुए। भारतीय सेना ने कहा कि उसने पाकिस्तान के साथ पिछले तीन दशकों में सबसे भीषण लड़ाई में ड्रोन को मार गिराया है। इंडियन आर्मी ने अपने सोशल मीडिया पर एक ट्वीट किया है जिसमें एक वीडियो और तस्वीर शेयर की गयी है। इसके साथ ही उन्होंने एक जानकारी भी साझा की है। भारतीय सेना की पोस्ट में लिखा है- ड्रोन हमलों और अन्य हथियारों के साथ पाकिस्तान की बेशर्मी हमारी पश्चिमी सीमाओं पर जारी है। ऐसी ही एक घटना में, आज सुबह लगभग 5 बजे, अमृतसर के खासा कैंट के ऊपर दुश्मन के कई सशस्त्र ड्रोन उड़ते हुए देखे गए। हमारी वायु रक्षा इकाइयों द्वारा दुश्मन के ड्रोन को तुरंत निशाना बनाया गया और नष्ट कर दिया गया। भारत की संप्रभुता का उल्लंघन करने और नागरिकों को खतरे में डालने का पाकिस्तान का ज़बरदस्त प्रयास अस्वीकार्य है। भारतीय सेना दुश्मन के मंसूबों को विफल करेगी।



## संक्षेप

### प्रधानमंत्री आवास में बड़ी बैठक

**नई दिल्ली,10 मई।** ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान को उसकी औकात बताने के बाजवूद बाज नहीं आ रहे पाकिस्तान को करारा जवाब देने के लिए एक बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने आवास में तीनों सेनाध्यक्षों के साथ बैठक कर रहे हैं. इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सीडीएस अनिल चौहान भी मौजूद हैं. भारतीय विदेश मंत्रालय ने आज सुबह बताया कि पाकिस्तान ऑपरेशन सिंदूर के जवाब में ओछी हरकत पर उतर आया है. एक तरफ रिहायशी इलाकों में निशाना बनाकर आम लोगों को शिकार बना रहा है. वहीं दूसरी ओर सैन्य ठिकानों, स्कूल और एयरपोर्ट की ओर मिसाइलों के जरिए निशाना बना रहा है. भारत इसका मुंहतोड़ जवाब देते हुए पाकिस्तान के चार एयरबेस को ध्वस्त कर दिया है. पल-पल बदलती स्थिति को देखते हुए रक्षा मंत्री और सीडीएस के साथ तीनों सेनाध्यक्षों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मुलाकात काफी अहम मानी जा रही है. कयास लगाए जा रहे हैं कि इस बैठक में आज की स्थिति को देखते हुए भविष्य के लिए रणनीति तैयार की जाएगी.

### बाड़मेर में हाई रेड अलर्ट : जिला कलेक्टर टीना डाबी ने लोगों से घरों में रहने की अपील की

**बाड़मेर।** भारत-पाक सीमा पर बढ़ते तनाव के बीच राजस्थान के सीमावर्ती जिले बाड़मेर में सुरक्षा एजेंसियों ने हाई रेड अलर्ट जारी किया है। जिला कलेक्टर टीना डाबी ने शनिवार को एक आपात संदेश में नागरिकों से घरों में ही रहने और बाजार या सार्वजनिक स्थानों पर जाने से बचने की सख्त अपील की है। कलेक्टर डाबी ने कहा, स्थिति की संवेदनशीलता को देखते हुए सभी नागरिकों को अपने-अपने घर जाने का निर्देश दिया गया है। किसी भी अफवाह से बचें और प्रशासन द्वारा जारी दिशानिर्देशों का पालन करें। जिले में हाई रेड अलर्ट की स्थिति है। उन्होंने यह भी बताया कि सुरक्षा एजेंसियां पूरी मुस्तैदी से हालात पर नजर रखे हुए हैं और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयारी पूरी है। प्रशासन की ओर से स्कूल, कॉलेज, बाजार और सार्वजनिक परिवहन को भी आंशिक रूप से बंद करने के निर्देश दिए गए हैं। बाड़मेर रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर भी सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। बाड़मेर जिला प्रशासन लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है और आम नागरिकों से शांति बनाए रखने और सत्यापित जानकारी ही साझा करने की अपील कर रहा है।

### सिद्धिविनायक मंदिर का बड़ा फैसला, नारियल और माला पर लगाई रोक

**मुंबई ,10 मई ।** भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव और संभावित आतंकी हमलों की आशंका के मद्देनजर मुंबई के प्रतिष्ठित श्री सिद्धिविनायक गणपति मंदिर ने सुरक्षा के लिहाज से एक बड़ा फैसला लिया है। अब मंदिर में श्रद्धालु नारियल, फूलों की माला और बाहर से लाया गया प्रसाद लेकर नहीं जा सकेंगे। मंदिर प्रशासन ने बताया कि यह फैसला मुंबई पुलिस की एडवाइजरी के आधार पर लिया गया है और इसकी औपचारिक घोषणा रविवार को की जाएगी। उसी दिन से यह नियम लागू भी कर दिया जाएगा। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सदा स्वर्णकार ने बताया कि हाल ही में एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के साथ सुरक्षा को लेकर बैठक हुई थी। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि भारी भीड़ और मंदिर की लोकप्रियता के चलते यह स्थान आतंकियों की हिट लिस्ट में हो सकता है।मंदिर के ट्रस्टी भास्कर शेट्टी ने कहा, पुलिस ने हमें निर्देश दिया है कि सुरक्षा कारणों से नारियल और प्रसाद पर प्रतिबंध लगाया जाए। नारियल में विस्फोटक और प्रसाद में ज़हर की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

मंदिर प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि यह प्रतिबंध स्थायी नहीं, बल्कि कुछ समय के लिए लागू किया जा रहा है, ताकि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। मंदिर ट्रस्ट ने श्रद्धालुओं से इस निर्णय को समझने और सहयोग करने की अपील की है। उनका कहना है कि भगवान गणेश की पूजा श्रद्धा से होती है, सामग्री से नहीं।

## कच्छ में भारतीय सेना ने मार गिराए ड्रोन



**नई दिल्ली,10 मई।** गुजरात में भारत ने 6 पाकिस्तानी ड्रोन मार गिराए गए हैं. नालिया और भुज एयरफोर्स ने ये कार्रवाई. की है. इसमें नालिया एयरफोर्स स्टेशन ने 4 ड्रोन और भुज एयरफोर्स स्टेशन ने 2 ड्रोन को मार गिराया है. सूत्रों के अनुसार, एक मिसाइल जैसी वस्तु नालिया के पास देखी गई है. इस मामले की जांच जारी है. गुजरात के गृहमंत्री खुद स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं और संबंधित एजेंसियों के साथ लगातार संपर्क में हैं. इलाके में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है और स्थानीय प्रशासन को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं. पूरे घटनाक्रम को लेकर केंद्रीय एजेंसियां भी सक्रिय हो गई हैं. इस बीच राज्य के पाकिस्तान बॉर्डर से सटे इलाकों में गोलाबारी के चलते गुजरात के मुख्यमंत्री ने इमरजेंसी मीटिंग की है. उन्होंने स्टेट इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर में अधिकारियों के साथ बैठक की और स्थिति की जानकारी ली.

## बाड़मेर में मिसाइल का मलबा बरामद पोखरण और भणियाणा में भी मिले टुकड़े

**जयपुर,10 मई।** जैसलमेर के भणियाणा में एक संदिग्ध वस्तु मिली है. सांकड़ा थाना पुलिस और जैमला के सरपंच अमानाराम मौके पर पहुंचे, जहां बड़ी संख्या में ग्रामीण भी इकट्ठा हुए हैं. ये मिसाइल जैसी दिख रही है. जानकारी के मुताबिक ये मिसाइलनुमा चीज मंजूरदीन के घर के आंगन में गिरी, जिससे आसपास की तारबंदी क्षतिग्रस्त हो गई. यह घटना सुबह-सुबह हुए विस्फोटों के बाद हुई. न्यूज ऐजेंसी के मुताबिक बाड़मेर में भी पुलिस ने मिसाइल का मलबा बरामद किया है. जैसलमेर और पोखरण से भी इसी तरह के टुकड़े और मलबा बरामद किया गया है. बता दें कि भारत के सीमावर्ती इलाकों में पाक लगातार ड्रोन और मिसाइल से हमले करने की कोशिश कर रहा है. शनिवार सुबह ही पाकिस्तान ने जम्मू के आपशंभू मंदिर को निशाना बनाकर मिसाइल हमला किया है. हालांकि भारतीय सुरक्षा बलों ने इसे नाकाम कर दिया. मिसाइल मंदिर के मुख्य गेट के पास आकर गिरी. हालांकि राहत की बात ये है कि इस हमले में कोई हताहत नहीं हुई है. इधर गुजरात के कच्छ स्थित आदिपुर के रिहायशी इलाके में भी पाक ने ड्रोन से हमला करने की कोशिश की. जिसे भारतीय सेना ने मार गिराया. गुजरात में भारत ने 6 पाकिस्तानी ड्रोन मार गिराए गए हैं. नालिया और भुज एयरफोर्स ने ये कार्रवाई. की है. इसमें नालिया एयरफोर्स स्टेशन ने 4 ड्रोन और भुज एयरफोर्स स्टेशन ने 2 ड्रोन को मार गिराया है. सूत्रों के अनुसार, एक मिसाइल जैसी वस्तु नालिया के पास देखी गई है. इस मामले की जांच जारी है.



## भारत के हमले में लश्कर और जैश के टॉप-5 आतंकी मारे गए

**नई दिल्ली,10 मई।** पहलगाम हमले के बाद 7 मई 2025 को भारत द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान और पाकिस्तान-अधिकृत कश्मीर में की गई टारगेटेड सैन्य कार्रवाई में कई प्रमुख आतंकवादी मारे गए। इन आतंकियों का संबंध प्रतिबंधित आतंकी संगठनों लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद से था। सभी बड़े पांच आतंकियों की पहचान कर ली गई है। रक्षा मंत्रालय ने इसकी एक लिस्ट जारी की है। **मुदस्सर खडियान खास उर्फ अबू जिंदाल**-लश्कर-ए-तैयबा का आंतकी मुदस्सर खाडियान खास मरकज तैबा, मुरिदके का प्रमुख था। पाकिस्तानी सेना द्वारा उसके अंतिम संस्कार में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। पाक आर्मी चीफ और पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज की ओर से पुष्पांजलि अर्पित की गई। नमाज-ए-जनाजा सरकारी स्कूल में हुई, जिसका नेतृत्व हाफिज अब्दुल रऊफ ने किया। इस दौरान लेफ्टिनेंट जनरल और पंजाब पुलिस के IG भी मौजूद थे। **हाफिज मुहम्मद जमील**-यह जैश-ए-मोहम्मद का आतंकी थी। यह मौलाना मसूद अजहर का साला भी था। मरकज सुब्हान अल्लाह, बहावलपुर का प्रभारी था। मुस्लिम युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और फंडिंग में सक्रिय भूमिका निभाता था। **मोहम्मद यूसुफ अजहर**-यह जैश-ए-मोहम्मद से जुड़ा आतंकी थी। यह भी मौलाना मसूद अजहर का साला था। यह जेएम के लिए हथियारों की ट्रेनिंग का प्रमुख प्रशिक्षक था। जम्मू-कश्मीर में कई आतंकी हमलों में शामिल। IC-814 विमान अपहरण मामले में वांटेड था। **खालिद उर्फ अबू आकशा**-लश्कर-ए-तैयबा का यह आतंकी जम्मू-कश्मीर में कई आतंकी हमलों में शामिल है। अफगानिस्तान से हथियारों की तस्करी में संलिप्त था। उसका अंतिम संस्कार फैसलाबाद में हुआ, जिसमें पाक सेना के वरिष्ठ अधिकारी और डिप्टी कमिश्नर उपस्थित थे। **मोहम्मद हसन खान**-जैश-ए-मोहम्मद का यह आतंकी मोहम्मद हसन खान जेएम के PoK ऑपरेशनल कमांडर मुफ्ती असगर खान कश्मीरी का बेटा था। जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमलों के समन्वय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता था।

### धार्मिक स्थलों को निशाना बना रहा नापाक पाकिस्तान

**नई दिल्ली,10 मई।** पाकिस्तान अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा है. बार-बार मुंह की खाने के बाद भी पाक सुधरने को तैयार नहीं है. पाक की ओर से एक बार फिर भारत के धार्मिक स्थलों को निशाना बनाने की कोशिश की गई है. पाकिस्तान ने जम्मू के आपशंभू मंदिर को निशाना बनाकर मिसाइल हमला किया है. हालांकि भारतीय सुरक्षा बलों ने इसे नाकाम कर दिया. मिसाइल मंदिर के मुख्य गेट के पास आकर गिरी. हालांकि राहत की बात ये है कि इस हमले में कोई हताहत नहीं हुई है. हमले के बाद घटनास्थल पर एसडीआरएफ, स्थानीय पुलिस, प्रशासन और अन्य एजेंसियां तुरंत मौके पर पहुंची और मंदिर परिसर के आसपास की जगह पर घेराबंदी कर दी है. SDRF कर्मियों के मुताबिक फिलहाल स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और किसी तरह की जनहानि की सूचना नहीं है.

## शमशान घाट के पास मिला नरकंकाल,नरबलि की आशंका

**मुंगेली,10 मई।** लगभग 1 महीने पहले घर से लापता हुई मासूम बच्ची के अपहरण मामले में भयभीत करने वाली जानकारी सामने आई है। पुलिस अब तक बच्ची का पता नहीं लगा सकी थी, लेकिन अब इस मामले ने एक चौंकाने वाला मोड़ ले लिया है। दरअसल, कोसाबाड़ी से सटे श्मशान घाट के पास पुलिस को एक नरकंकाल और उसके पास बच्चियों जैसे कपड़े बरामद हुए हैं। इस बरामदगी के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। कई स्थानीय लोगों ने आशंका जताई है कि यह मामला नरबलि का हो सकता है। मामले को लेकर एसपी भोजराम पटेल ने बताया कि पुलिस को शमशान घाट पर नरकंकाल और कपड़े मिले हैं, इन अवशेषों की डीएनए जांच कराई जाएगी ताकि यह पता चल सके कि क्या वे उसी मासूम बच्ची के हैं जो 12 अप्रैल की रात से लापता है। एसपी ने यह भी माना कि ये अवशेष इस मामले में महत्वपूर्ण सुराग साबित हो सकते हैं। डीएनए रिपोर्ट आने के



बाद ही सच्चाई सामने आ सकेगी। बता दें कि मुंगेली जिले के कोसाबाडी गांव से 12 अप्रैल की रात 7 साल की मासूम बच्ची का अपहरण कर लिया गया. बच्ची अपनी मां के साथ घर के आंगन में रात को सो रही थी. इसी दौरान अज्ञात शख्स ने बच्ची का अपहरण कर लिया. परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया लेकिन अब तक मासूम बच्ची का कोई पता नहीं चल सका है. घटना को लगभग 1 महीना बीत जाने के बाद भी पुलिस अब तक आरोपी का पता नहीं लगा सकी है.

वहीं उसे ढूढने या उसकी जानकारी देने वाले को प्रशासन से लेकर जनप्रतिनिधी ने ईनाम देने की घोषणा भी कर रखा है. मुंगेली एसपी ने अपनी तरफ से 10 हजार, बिलासपुर आईजी ने 30 हजार और लोरमी विधानसभा चुनाव के निर्दलीय प्रत्याशी कोमल राजपूत ने बच्ची का पता बताने पर 1 लाख रुपए देने की घोषणा की है. इस तरह मासूम बच्ची लाली का पता बताने वाले को कुल 1 लाख 40 हजार की राशि दी जाएगी. इनामों की घोषणाओं के बाद भी बच्ची का पता नहीं चल सका है.

## बीएलए का बलूचिस्तान के एक तिहाई हिस्से पर कब्जा

**नई दिल्ली,10 मई।** भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव और संभावित युद्ध की आशंकाओं ने बलूचिस्तान में स्वतंत्रता आंदोलन को नई गति दी है। बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा में गुरुवार देर रात पाकिस्तानी सेना पर सिलसिलेवार हमले हुए। बताया जा रहा है कि बलूच विद्रोहियों ने यह हमला किया है, और इसमें पाकिस्तान के कई सैनिक मारे गए हैं। उन्होंने बलूचिस्तान की आजादी की भी मांग की है। बलूचिस्तान के लोग अपनी आजादी को लेकर मुखर हो रहे हैं। बलूच लिबरेशन आर्मी ने हाल के महीनों में अपनी सैन्य गतिविधियों





को तेज किया है, जिसमें मंगोचर शहर पर कब्जा और जाफर एक्सप्रेस ट्रेन हाईजैक जैसे साहसिक हमले शामिल हैं। मंगोचर शहर सहित बलूचिस्तान के एक तिहाई हिस्स पर कब्जा करने का दावा किया, जहाँ सरकारी इमारतों को आग लगाई गई और क्वेटा-कराची राजमार्ग को अवरुद्ध किया गया। बलूचिस्तान में बलूचों ने प्रमुख स्थानों से पाकिस्तानी झंडे को उतार दिया है। बलूचिस्तान के लड़ाके अब एक पूर्ण राष्ट्र के सैनिकों की तरह वर्दी में नजर आने लगे हैं।

## अमेरिकी विदेश मंत्री रुबियो ने विदेश मंत्री जयशंकर को किया फोन

**नई दिल्ली,10 मई।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर से चर्चा के बाद शनिवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर से बात की. अमेरिकी विदेश मंत्री ने चर्चा के दौरान भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव कम करने और ÷गलत अनुमान÷ से बचने की आवश्यकता पर जोर दिया. अमेरिकी विदेश विभाग की एक प्रेस विज्ञप्ति में प्रवक्ता टैमी ब्रूस के हवाले से कहा गया है कि ÷विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भारतीय विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर से बात की. विदेश मंत्री रुबियो ने जोर दिया कि दोनों पक्षों को तनाव कम करने और गलत अनुमान से बचने के लिए सीधे संवाद को फिर से स्थापित करने के तरीकों की पहचान करने की आवश्यकता है. रुबियो-जयशंकर की बातचीत अमेरिकी शीर्ष राजनयिक की जनरल असीम मुनीर से बातचीत के बाद हुई, जिसमें उन्होंने पाकिस्तान के सेना प्रमुख से भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव कम करने का आह्वान किया. रुबियो ने अपने पाकिस्तानी समकक्ष इशाक डार से भी बातचीत की, जो देश के उप प्रधानमंत्री भी हैं. उन्होंने गुरुवार को जयशंकर और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से भी बात की. परमाणु हथियारों से लैस पड़ोसियों के बीच तनाव कम करने का अमेरिकी प्रयास उसके उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के इस बयान के बावजूद हुआ है कि भारत-पाकिस्तान संघर्ष मूल रूप से हमारा कोई काम नहीं है.

## नवा रायपुर में प्रस्तावित होलसेल कॉरिडोर रद्द



**रायपुर,10 मई।** नवा रायपुर अटल नगर में प्रस्तावित 'होलसेल कॉरिडोर' प्रोजेक्ट पर फिलहाल ब्रेक लग गया है. पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में तैयार किए गए होलसेल कॉरिडोर प्रोजेक्ट को निरस्त किया जा चुका है. होलसेल कॉरिडोर निर्माण के लिए अब नए सिरे से प्रोजेक्ट तैयार किया जाएगा. नवा रायपुर में बसाहट, निवेश व वाणिज्यिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए होलसेल कॉरिडोर विकसित करने का निर्णय लिया गया था. पूर्व में 'होलसेल कॉरिडोर' के लिए नवा रायपुर में 1083 एकड़ जमीन चिन्हित कर ली गई थी और इसका भू-उपयोग परिवर्तन किया जा चुका था. 'होलसेल कॉरिडोर' को दक्षिण एशिया व देश का सबसे बड़ा थोक व्यावसायिक बाजार बनाने की योजना थी. पूर्ववर्ती सरकार द्वारा होलसेल कॉरिडोर में 540 रुपए वर्गफीट में व्यवसायियों को भू-खंड आवंटित करने तथा इसके निर्माण में अतिरिक्त राशि राज्य सरकार द्वारा खर्च किए जाने का प्रस्ताव तैयार किया गया था. बताया गया है कि पूर्ववर्ती सरकार के इस निर्णय पर वर्तमान भाजपा सरकार सहमत नहीं है और भूखंड आवंटन की प्रक्रिया को भी निरस्त कर दिया गया है. नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण द्वारा नवा रायपुर में नीलामी के जरिए जमीन का आवंटन किए जाने का प्रावधान है. जबकि होलसेल कॉरिडोर के लिए भू-खंडों की दर निर्धारित की गई थी. नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण की ओर से नवा रायपुर क्षेत्र में सड़क, नाली, बिजली, पेयजल सहित अन्य अधोसंरचना निर्माण का कार्य भी शुरू किया जा रहा है. करीब 100 करोड़ रुपए की लागत से विभिन्न अधोसंरचना निर्माण के लिए निविदा प्रक्रिया पूरी कर ली गई है. इनमें 30 करोड़ रुपए सड़क निर्माण पर खर्च होंगे. शेष राशि नाली, बिजली, पेयजल सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं विकसित करने पर व्यय किए जाएंगे.

## घुटनों में आया पाकिस्तान

### भारत हमले रोक दे तो हम जंग से पीछे हटने को तैयार, खौफ में पाकिस्तानी विदेश मंत्री

**करांची,10 मई।** भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते सैन्य तनाव के बीच पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने शनिवार को बयान दिया कि यदि भारत आगे कोई हमला नहीं करता है तो पाकिस्तान भी स्थिति को शांत करने पर विचार करेगा। हालांकि उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अगर भारत कोई नया हमला करता है, तो हमारा जवाब जरूर आएगा। डार ने पाकिस्तानी समाचार चैनल Geo News को दिए एक इंटरव्यू में कहा, हमने जवाब दिया क्योंकि हमारा सब्र अब जवाब दे गया था। अगर भारत यहीं रुकता है, तो हम भी रुकने पर विचार कर सकते हैं। डार ने यह भी बताया कि उन्होंने यह संदेश अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो को भी दिया, जब रूबियो ने भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर से बात करने के दो घंटे बाद उन्हें कॉल किया। यह बयान ऐसे समय आया है जब भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पीओके में नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया है। यह जवाबी कार्रवाई 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद की गई थी, जिसमें 26 निर्दोष लोगों की मौत हो गई थी। डार की यह नरमी अमेरिका की उस अपील के बाद आई है जिसमें दोनों देशों से तनाव कम करने और



सीधा संवाद बहाल करने की अपील की गई है। इससे पहले भारत और पाकिस्तान द्वारा एक-दूसरे के सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमले जारी रखने के बीच भारत ने शनिवार को कहा कि पाकिस्तान की सेना अपने सैनिकों को सीमावर्ती इलाकों में भेज रही है। इसी के साथ संघर्ष खतरनाक रूप से बढ़ रहा है। कर्नल सोफिया कुरैशी ने विंग कमांडर व्योमिका सिंह और विदेश सचिव विक्रम मिसरी के साथ एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, ''ऐसा देखा गया है कि पाकिस्तानी सेना अपने सैनिकों को सीमावर्ती क्षेत्रों में भेज रही है।'' उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने पंजाब में उच्च गति की मिसाइल दागीं तथा श्रीनगर, अवंतीपुरा एवं उधमपुर में चिकित्सा सुविधा केंद्रों पर हमला किया।

**एक नजर**

## फरार डायरेक्टर गिरफ्तार



**दुर्ग, 10 मई।** दुर्ग जिले में 8 साल से फरार माइक्रो फाइनेंस पब्लिक लिमिटेंड के फरार डायरेक्टर को दुर्ग पुलिस ने ओड़िशा से गिरफ्तार कर लिया हैजेवरा सिरसा चौकी पुलिस में दर्ज रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने यह बड़ी कार्रवाई की है। शुक्रवार को गिरफ्तार आरोपी सुस्थादास, पिता ढोई चरन दास उम्र 45 वर्ष निवासी खोरधा ओड़िशा ने अधिक ब्याज का प्रलोभन देकर दुर्ग जिले के दो निवेशकों से 10,20,000 रूपए की धोखाधड़ी की थी जिसके बाद ऑफिस बंदकर वह फरार हो गया था। पिछले आठ साल से पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी पैसा डबल करने का दिया था लालच जेवरा सिरसा चौकी पुलिसने बताया कि रूखमणी बाई साहू पति स्व. दूजेराम साहू उम्र 55 साल निवासी ग्राम जेवरा सिरसा ने चौकी स्मृतिनगर में 2017 में धोखाधड़ी का रिपोर्ट दर्ज कराया था। उसने अपनी शिकायत में बताया था कि माइक्रो फाइनेंस लिमिटेड के डायरेक्टरों द्वारा अधिक ब्याज देने और पैसा डबल होने का झांसा देकर वर्ष 2008 से लगातार उसके पति से 9,70,000 रूपए और एक अन्य निवेशक से 50000 रुपए जमा कराए थे ऑफिस बंद कर भाग गए थे आरोपी डायरेक्टर इस प्रकार दो निवेशकों से 10,20,000 रुपए जमा कराकर धोखाधड़ी कर ऑफिस बंद कर भाग गए थे। पीड़ित की रिपोर्ट पर थाना पुलगांव (चौकी जेवरा सिरसा) में अप.क. 221/2017 धारा 420, 409 भा.द.वि. 3,4,5 चिटफण्ड एवं धन परिचालन पाबंदी अधिनियम 1978 छ.ग. निक्षेपकों के हितो का संरक्षण अधिनियम 2005 की धारा 10 माइक्रो फाईनेंस पब्लिक लिमिटेड का डॉयरेक्टर दुर्गा प्रसाद मिश्रा, बैकुंठनाथ पटनायक, सुरथादास, अशोक कुमार पटनायक, बिजोय कुमार राउत्रे के विरूद्ध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपीगण अपराध कायमी के पूर्व से ही फरार हो गए थे ओड़िशा से गिरफ्तार हुआ आरोपी चिटफण्ड के प्रकरणों में फरार डायरेक्टरों की पतासाजी और गिरफ्तारी हेतु लगातार प्रयास किया जा रहा है। इसी कम में आरओसी से प्राप्त जानकारी के आधार पर कम्पनी के डॉयरेक्टर की पतासाजी हेतु एक टीम ओड़िशा भेजा गया। टीम ने ओड़िशा से माइक्रो फाइनेंस पब्लिक लिमिटेंड कम्पनी के डायरेक्टर सुरथादास को गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमाण्ड में भेजा है शेष फरार आरोपी की पतासाजी की जा रही है ।

## शेयर मार्केट के नाम पर ठगी

**भिलाई, 10 मई।** भिलाई बीएसपी से सेवानिवृत्त कर्मी के साथ शेयर मार्केट के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 3(5), 318 (4) के तहत जुर्म दर्ज किया है सुपेला पुलिस ने बताया कि 97 बी-4नेहरू नगर ईस्ट भिलाई निवासी हरिकृष्ण तिवारी के वाट्सअप पर अज्ञात ने एक लिंक भेजा जिसमें शेयर के माध्यम से अधिक रकम का लालच दिया गया उसमें अपना डिटेल भरने को बोला गया जिसमें पीड़ित ने डिटेल अपडेट किया जिरोधा ब्रोकिंग कंपनी के माध्यम शेयर खरीदने के लिये अज्ञात ने बताया। पीड़ित ने अपने खाते से युपीआई के माध्यम से 7 बार में 1 लाख 70 हजार रुपए अज्ञात को भेजा। रकम लाभ समेत निकालने के लिये उन लोगों से 28 अप्रैल को बोलने पर आनाकानी करने लगे जिरोधा ब्रोकिंग कंपनी बैंगलोर मे स्थापित है कंपनी के नाम पर ठगी किया गया परेशान होकर शिकायत पुलिस में किया गया।

## नशा मुक्ति अभियान के तहत महिला गांजा तस्कर गिरफ्तार



**भिलाई, 10 मई।** भिलाई नशा मुक्ति अभियान के तहत् महिला गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया गया है आरोपियां से 1.200 कि.ग्रा. गांजा जप्त किया गया है कीमती लगभग 10,000 रुपए एवं एक दुपहिया वाहन 50,000 रुपये जुमला कीमती 60,000 रुपये बरामद किया गया है आरोपियां के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर जेल भेजा गया पुलिस प्रवक्ता दुर्ग पद्मश्री तंवर ने बताया कि

मुखबिर से सूचना मिली कि होण्डा शोरुम के पीछे एवेन्यु रोड पावर हाऊस भिलाई के पास एक महिला नीले रंग की दुपहिया वाहन क्रं. ल्प्ष्07 ष्ट॥ 2876 में गांजा रखकर बेचने हेतु ग्राहक की तलाश कर रही है इस सूचना पर उक्त स्थान पर छावनी थाने पुलिस टीम द्वारा घेरा बंदी कर दबिश देकर महिला को पकड़ा गया, नाम पता पूछने पर अपना नाम अकुला मीना उर्फ करीं उर्फ सुनीता कैनाल रोड परसुराम चौक के पास छावनी में रहना बतायी जिसके कब्जे से मादक पदार्थ गांजा 1.200 कि.ग्रा. कीमती लगभग 10,000 रुपये एवं एक नीले रंग का एक्टीवा क्रं. ल्प्ष्07 ष्ट॥ 2876 कीमती करीबन 50,000 रुपये जुमला कीमती 60,000 रुपये विधिवत बरामद किया गया आरोपिया के विरुद्ध आरोपी खिलाफ धारा 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट कायम कर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है ।

## बोरसी में नारायणा ई-टेक्नो का सभापति श्याम शर्मा ने शुभारंभ किया

**दुर्ग,10 मई।** समर कैंप का उद्घाटन एक भव्य सफलता रही, जिसमें खुशी,उत्साह और जीवंत ऊर्जा की झलक दिखी। यह हमारे नारायणा बच्चों के भविष्य को संवारने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रहा। दुर्ग छत्तीसगढ़ में 2025-26 में नारायणा ई-टेक्नो बोरसी का सभापति श्याम शर्मा ने पार्षद कुलेश्वर साहू,कमल देवांगन, जोसफ,ज्ञानदास बंजारे के बीच तीन सेगमेंट्स के साथ हुआभव्य शुभारंभ।इस कार्यक्रम की शुरुआत एक अनोखे स्वागत के साथ किया गया।जहाँ हमारे बच्चों द्वारा हस्तनिर्मित पौधे भेंट किए गए, जो विकास और देखभाल का प्रतीक थे। इस समर कैंप के माध्यम से हम हर बच्चे के समग्र विकास को समर्पित हैं।

# मुख्यमंत्री के नेतृत्व में गांव-गांव में लग रहा है समाधान शिविर: चंद्राकर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई,10 मई।** सुशासन तिहार के अंतर्गत तीसरे चरण का समाधान शिविर जनपद पंचायत दुर्ग के ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत दाऊ उत्तम सिंह साव शासकीय महाविद्यालय परिसर मचांदुर में आयोजित किया गया। यह शिविर 30 मई तक नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित किए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य जनता की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण करना है। सुशासन तिहार के अंतर्गत आयोजित समाधान शिविर में ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार ने जो वादा किया था, उसे पूरा कर दिखाया है। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के 14 गांवों के लिए समाधान शिविर लगाया गया है, जहां आम जनता की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जा रहा है। विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि हमारी सरकार जनता के द्वार पर पहुंच रही है और उनकी समस्याओं का समाधान वहीं कर रही है। सरकार की नीतियां पूरी तरह से ग्रामीण और गरीब वर्ग के हित में हैं। उन्होंने बताया कि किसानों को 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान का समर्थन मूल्य दिया गया है और प्रति एकड़ 21 क्विंटल तक धान की खरीदी की गई है।



उन्होंने महतारी वंदन योजना का जिक्र करते हुए बताया कि इसके तहत प्रदेश की महिलाओं को हर महीने को एक हजार की आर्थिक सहायता सीधे उनके खातों में दी जा रही है। यह सब मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के कारण संभव हो पाया है। विधायक ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत पात्र और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिल रहा है। साथ ही ग्रामीण भूमिहीन श्रमिकों को सालाना 10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी।

प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के अंतर्गत चल रहे सर्वे का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि पात्रता के आधार पर सभी को आवास उपलब्ध कराया जाएगा, कोई भी गरीब अब मकान से वंचित नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर जनता को समर्पित है।अगर कोई भी अधिकारी कर्मचारी किसी भी काम के लिए पैसा लेते है तो तुरन्त शिक़ायत करे तत्काल कार्यवाही होगा विधायक श्री चंद्राकर ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 5 मई से गांव-गांव का दौरा कर रहे हैं और जनता से सीधे संवाद कर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने एकेच गोठ, एकेच बानी बूंद-बूंद बचाबो पानी थीम के तहत जल संरक्षण और बाल विवाह की रोकथाम को लेकर उपस्थित लोगों को शपथ भी दिलाई।जिला पंचायत सीईओ बजरंग दुबे ने बताया कि 8 से 11 मई तक जनप्रतिनिधियों और विभागीय अधिकारियों के माध्यम से आम जनता से आवेदन लिए गए, जिसका निराकरण कर विभागीय अधिकारियों द्वारा अपने-अपने विभाग में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी मंच से अवगत कराया जा रहा है। आवेदन ऑनलाईन एवं ऑफलाईन दोनों माध्यमों से प्राप्त की गई थी। साथ ही प्रधानमंत्री आवास के लिए सर्वे का कार्य किया जा रहा है। अभी तक 92 हजार का सर्वे कराया जा चुका है।उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत मचांदुर के अंतर्गत बोरीगरका, चिरपोटी, डूमरडीह, घूघसीडीह, पाउवारा, कोड़िया, कोकड़ी, हनोदा, पुरई, खोपती, उमरपोटी, कातरो, करगाडीह से कुल 12260 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 11942 आवेदनों का निराकरण किया गया।आवेदनों में 12065 मांग के एवं 195 शिकायत के प्राप्त हुए। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास के लिए सबसे अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिसे पात्रतानुसार आवास स्वीकृत किए गए हैं। प्रधानमंत्री आवास के लिए सर्व का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने आम जनता से सर्वे कार्य में सहयोग की अपील की है, ताकि अधिक से अधिक लोगों को योजनाओं का लाभ मिल सके।इस अवसर पर अपर कलेक्टर विरेन्द्र सिंह, संयुक्त कलेक्टर हरवंश सिंह मिरी,जिला पंचायत ष्ट.श्व.ह्र. बजरंग दुबे, जनपद ष्ट.श्व.ह्र. रूपेश पाण्डेय,स्ष्ठरूहरवंश मिरि,शिक्षा अधिकारी अरविन्द मिश्रा, तहसील विहेन ढालसिंग, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती श्रद्धा साहू,मंडल अध्यक्ष शीतला सिंह राजपूत,सरपंच मचांदुर युगलकिशोर साहू, सरपंच श्रीमती जनपद सदस्य श्रीमती बिन्दु देशलहरे,सरपंच युगल किशोर साहू, उपसरपंच दुष्यंत कुमार साहू सोसायटी अध्यक्ष फलेंद्र राजपूत कॉलेज अध्यक्ष प्रवीण यदु, डीलेश गब्बर साहू राजू साहू,नवाब खान, गजेन्द्र साहू पूर्व सरपंच करण सेन, डोमार साहू, पूजा चंद्राकर, मंजू वर्मा, राजू साहू दिलीप साहू, दयालु राम यादव, ललिता देवांगन बैसाखू राम साहू, योगेश पटेल संतोष साहू, चुम्मन लाल यादव, कमलेश साहू,धनराज सिंह गजपाल, ओमन साहू, गणपत साहू, सुदर्शन साहू, संजय साहू प्रहलाद चंद्राकर यशवंत मंडले, हीरामन साहू ननकु राम यदु सबित यादव छबील लाल साहू, अनूप कुमार विजेन्द्र कुमार पूर्व मंडल अध्यक्ष फत्ते लाल वर्मा, शुभम वर्मा सहित अधिकारी कर्मचारी एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# मेरिट में 9वाँ स्थान हासिल कर पाहंदा की बेटी नूतन ने बढ़ाया पाटन क्षेत्र का मान: प्रणव शर्मा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 10 मई।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CGBSE) के कक्षा दसवीं के परिणाम में शासकीय स्कूल पाहंदा (अ) की होनहार छात्रा कु. नूतन वर्मा ने 97.83प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में नवां स्थान हासिल किया है। यह खबर प्राप्त होते ही पूरे क्षेत्र में खुशी देखी जा रही है। इसी क्रम में जनपद पंचायत पाटन के सभापति, शिक्षाविद प्रणव शर्मा ने भी बेटी नूतन वर्मा एवं पूरे परिवार को मिठाई खिलाकर बधाई दी।सभापति प्रणव शर्मा ने नूतन वर्मा के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए, उसे पाटन क्षेत्र को गौरवान्वित करने के लिए शाबाशी दी और आने वाले समय में इस बेटी से प्रेरणा लेकर और भी विद्यार्थी मेरिट में स्थान बनाएंगे यह उम्मीद भी जताई।छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी बोर्ड के परीक्षा परिणामों में इस बार भी प्रदेश की बेटियों का दबदबा रहा है।



## दुर्गेश को समाधान शिविर में मिली राहत

**दुर्ग,10 मई।** ग्राम बोरीगारका निवासी कृषक दुर्गेश वर्षों से अपनी भूमि के कागजात को लेकर असमंजस में रहे। दुर्गेश के लिए समाधान शिविर किसी वरदान से कम नहीं रहा। दुर्गेश की ऋण पुस्तिका जीर्णोद्धार स्थिति में थी, पुराने दस्तावेज धुंधले पड़ चुके थे और समय पर नवीनीकरण न होने से वह किसी भी वित्तीय सहायता या कृषि ऋण के लिए पात्र नहीं हो पा रहे थे।दुर्गेश ने समाधान शिविर में अपनी समस्या रखी, जहां विभागीय अधिकारी नायब तहसीलदार श्रीमती क्षमा यदु ने तुरंत संज्ञान लेते हुए दस्तावेजों की जांच की। प्रक्रिया को प्राथमिकता में लेते हुए उनकी पुरानी, क्षतिग्रस्त ऋण पुस्तिका का नवीनीकरण कर एक नई पुस्तिका जारी की गई। नई ऋण पुस्तिका मिलने के साथ ही दुर्गेश अब बैंक से कृषि ऋण लेने में सक्षम हो गए हैं।

# संदिग्ध व्यक्तियों के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया गया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दुर्ग, 10 मई।** दुर्ग जिले में एक बार फिर दुर्ग पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया गया यह कार्रवाई शनिवार सुबह से ही छावनी थाना क्षेत्र के शारदापारा में शुरू हुई, जहां 100 से अधिक पुलिस कर्मियों ने किराए पर रहने वाले और संदिग्ध लोगों की गहन जांच की। यह अभियान सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए चलाया गया, जिसमें भिलाई नगर सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी, छावनी सीएसपी हरीश पाटिल, और छावनी थाना प्रभारी मोनिका पांडे सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के मद्देनज़र पुलिस विशेष रूप से उन लोगों की जांच कर रही है जो पाकिस्तान या बांग्लादेश से भारत आए हैं। कुछ दिन पहले इसी तरह की चेकिंग में पुलिस ने चार से पांच संदिग्धों को हिरासत में लिया था। पुलिस का कहना है कि यह कार्रवाई राज्य शासन के निर्देशानुसार की जा रही है ताकि जिले में रहने वाले सभी किरायेदारों और बाहरी व्यक्तियों का सत्यापन सुनिश्चित किया जा सके भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने कि शारदापारा में चल रही इस कार्रवाई के दौरान लोगों के फिंगरप्रिंट लिए जा रहे हैं और आधार कार्ड, परीक्षा परिणाम व अन्य दस्तावेजों की जांच की जा रही है। अब तक लगभग 25 से 30 लोगों के फिंगरप्रिंट लिए जा चुके हैं। यदि किसी के दस्तावेजों में गड़बड़ी पाई जाती है या कोई संदेहास्पद जानकारी मिलती है, तो उससे पूछताछ की जाएगी। यह अभियान आने वाले समय में अन्य क्षेत्रों में भी जारी रहेगा ताकि क्षेत्र में सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# नेहरू युवा केन्द्र के स्वयंसेवक सिविल डिफेंस मॉकड्रिल में शामिल हुए

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई,10 मई।** केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देशन में दुर्ग जिला प्रशासन द्वारा सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल का आयोजन भिलाई के सूर्या मॉल, केंद्रीय विद्यालय सहित विभिन्न चौक चौराहों पर किया गया था जिसमें माय भारत नेहरू युवा केन्द्र दुर्ग के स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया।

जिला युवा अधिकारी नितीन शर्मा ने बताया 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने आतंकवादियों के खिलाफ कई बड़े एक्शन लिए हैं। भारत पाकिस्तान के बीच युध्द की स्थिति को देखते हुए भारत सरकार ने बुधवार को देश के सभी राज्यों में सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल कराने का एलान किया था।

इस हेतु केंद्रीय गृह मंत्रालय ने देश भर के 244 जिलों को चिह्नित कर बड़े पैमाने पर



सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल के आयोजन का निर्देश दिया गया था जिसमें छग राज्य से दुर्ग जिला का भी चयन किया गया था।नितिन शर्मा ने बताया सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल एक नियोजित अभ्यास है, जिसका उद्देश्य नागरिकों, प्रशासन और आपातकालीन सेवाओं को युद्ध, प्राकृतिक आपदा या अन्य आपात स्थितियों जैसे हवाई हमले, आतंकी हमले या रासायनिक हमले के लिए तैयार करना है। भारत में आज हुई यह मॉक ड्रिल युद्ध जैसी परिस्थितियों में नागरिकों की सुरक्षा और प्रतिक्रिया क्षमता को मजबूत करने के लिए आयोजित की जा रही है। यह 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के बाद पहला इतना बड़ा सिविल डिफेंस अभ्यास था, जो राष्ट्रीय सुरक्षा और नागरिकों के लिए महत्वपूर्ण है।युवा सामाजिक कार्यकर्ता आदित्य भारद्वाज ने बताया सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल का मुख्य लक्ष्य नागरिकों को आपात स्थिति में व्यवस्थित और त्वरित प्रतिक्रिया देना सिखाना है। इसमें हवाई हमले की चेतावनी (सायरन), ब्लैकआउट, निकासी, प्राथमिक चिकित्सा और बंकरों में शरण लेने जैसे अभ्यास शामिल होते हैं। यह ड्रिल प्रशासन, सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स, होम गार्ड, अग्निशमन सेवाओं और पुलिस के बीच समन्वय को भी बेहतर बनाती है। आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए सभी नागरिकों को जागरूक होना बहुत जरूरी है इसके लिए नेहरू युवा केन्द्र अपने सम्बंधित युवा मण्डलों के माध्यम से लगातार प्रयास करेगी।दुर्ग जिले के विभिन्न चिन्हित स्थलों पर हुए मॉक ड्रिल में नेहरू युवा केन्द्र के मास्टर ट्रेनर एवं ग्राम कातरो सरपंच जितेंद्र सोनी, आदित्य भारद्वाज, आशीष मलिक, आकांक्षा, मृदुल निर्मल, सुशील एवं केंद्र से सम्बध्द संघर्ष युवा संगठन, शौर्य युवा संगठन, कर्मवीर युवा संगठन सहित विभिन्न युवा मंडलों के स्वयंसेवकों ने सराहनीय योगदान दिया।



## जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि लोकचंद साहू ने वर-वधु को आशीर्वाद दिया

**कवर्धा ।** जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि लोकचंद साहू वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होकर वर-वधु को आशीर्वाद दिया ।

# भारत के शौर्य और स्वाभिमान के प्रतीक, सनातन धर्म रक्षक महाराणा प्रताप का योगदान कभी नहीं भुलाया जा सकता: रमन सिंह

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 10 मई।** भारत के शौर्य और स्वाभिमान के प्रतीक, सनातन धर्म रक्षक, युग पुरुष महाराणा प्रताप की 484 वी जयन्ती ग्राम खैरझिटी में मनाई गई। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद संतोष पाण्डेय और पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने विधि-विधान से पूजा अर्चना कर सनातन धर्म के रक्षक, युग पुरुष महाराणा प्रताप की भव्य मूर्ति का अनावरण किया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह ने महाराणा प्रताप की वीरता को याद करते हुए जयघोष के नारे भी लगाए, जो पूरे क्षेत्र में गूंज उठे। अतिथियों ने महाराणा प्रताप के भव्य मूर्ति में दीप प्रज्ज्वलित और पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज कबीरधाम जिले के ग्राम खैरझिटी में महाराण प्रताप जयंती कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह रमन सिंह के पहुंचने पर राजपूत क्षत्रिय समाज के पदाधिकारियों ने महाराणा प्रताप की स्मृति चिन्ह, शस्त्र भेटकर और पगड़ी पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया। कार्यक्रम में पूर्व संसदीय सचिव श्री सियाराम साहू, कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष श्री सुरेश चंद्रवंशी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष श्री कैलाश चंद्रवंशी, कवर्धा के युवराज श्री मैकलेश्वर राज सिंह, श्री चंद्रशेखर वर्मा, जिला पंचायत सदस्य डॉ. बीरेन्द्र साहू, श्री रोशन दुबे, जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुषमा बघेल, उपाध्यक्ष श्री गणेश तिवारी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्री अनिल सिंह, पांचो परिक्षेत्र के अध्यक्षगण विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए।

छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने महाराणा प्रताप के संघर्ष और वीरता को याद करते हुए कहा कि उनके अद्वितीय साहस और बलिदान को हमेशा याद किया जाएगा। उन्होंने विशेष रूप से महाराणा प्रताप के जीवन की संघर्षों का जिक्र करते हुए बताया कि महाराणा प्रताप ने अपनी मातृभूमि के लिए जो अनगिनत त्याग किए, वह कभी भुलाए नहीं जा सकते। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप सिंह ने अरावली की पहाड़ियों और मेवाड़ के घने जंगलों में रहकर अपने लोगों को संगठित किया और अकबर की सत्ता को चुनौती दी। उनकी वीरता का वास्तविक कारण यह नहीं था कि उन्होंने अकबर को हराया, बल्कि वे इस वजह से महान हैं क्योंकि उन्होंने कभी भी अकबर के सामने आत्मसमर्पण नहीं



किया। उन्होंने आगे कहा कि महाराणा प्रताप सिंह के सेना में ऐसी शक्ति थी, कि वह अपनी एक छोटी सी सेना के साथ लाखों सैनिकों को चुनौती देने की क्षमता रखते थे। उनका साहस और संघर्ष न केवल उनके समय में बल्कि आज भी प्रेरणा देता है।

छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने महाराणा प्रताप के संघर्ष और वीरता पर प्रकाश डालते हुए एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक घटना का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि बिकानेर के राजकुमार पृथ्वीराज ने महाराणा प्रताप को एक चिट्ठी लिखी थी, जिसमें उसने समर्पण की पेशकश की थी, लेकिन महाराणा प्रताप ने जिस साहस और सम्मान के साथ उस चिट्ठी का जवाब दिया, वह इतिहास में एक महत्वपूर्ण मोड़ के रूप में दर्ज हुआ है। इसके साथ ही विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की भी सराहना की, जिनकी पाकिस्तान के खिलाफ उठाए गए कदमों को उन्होंने ऐतिहासिक बताया। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के ÷मिशन सिंदूर÷ का जिक्र करते हुए कहा कि यह मिशन पाकिस्तान की नापाक हरकतों का मुंहतोड़ जवाब है, और देश की सुरक्षा के प्रति प्रधानमंत्री की दृढ़ निष्ठा को दर्शाता है।

सांसद श्री संतोष पाण्डेय ने अपने संबोधन में महाराणा प्रताप की वीरता और उनके अद्वितीय साहस को याद करते हुए कहा कि जब भी हम महाराणा प्रताप का नाम लेते हैं, तो सबसे पहले उनके घोड़े चेतक, उनकी तलवार और भाले का ख्याल आता है। महाराणा प्रताप का नाम भारतीय इतिहास में उस वीरता और साहस का प्रतीक है, जिसे हम कभी भी नहीं भूल सकते। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप ने पराधीनता को कभी स्वीकार नहीं किया। उन्होंने अकबर की सत्ता को न सिर्फ चुनौती दी, बल्कि उसे नकारते हुए घास की रोटी खाना स्वीकार किया, लेकिन कभी भी अपनी मातृभूमि और स्वाभिमान से समझौता नहीं किया। उन्होंने आगे कहा कि एक बार जब राणा प्रताप का तलवार चलता था, तो यह किसी भी युद्ध भूमि को संजीवनी शक्ति दे देता था। उनका एक-एक कदम सशक्त और देशभक्ति से प्रेरित था। महाराणा प्रताप ने कभी भी अकबर के सामने सिर नहीं झुकाया और उनका यह संघर्ष हमेशा प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा। सांसद श्री पाण्डेय ने कहा कि आज हमें अपने बच्चों और आने वाली पीढ़ियों को इन महान शूरवीरों की वीरता और त्याग के बारे में बताना चाहिए। अगर हमें अपने समाज में साहस और समर्पण की भावना को मजबूत करना है, तो हमें महाराणा प्रताप, शिवाजी महाराज और हमारे अन्य महापुरुषों को अपना आदर्श बनाना चाहिए। उन्होंने राजपूत क्षत्रिय समाज की अग्रणी भूमिका को भी सराहा और कहा कि राजपूत समाज हमेशा से ही अपनी वीरता और राष्ट्रभक्ति के लिए जाना जाता है। उनका इतिहास प्रेरणा से भरा हुआ है, और उन्होंने हमेशा अपने धर्म और कर्तव्य के प्रति निष्ठा निभाई है।

पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने महाराणा प्रताप के जयघोष के नारे से अपना संबोधन शुरू किया। उन्होंने कहा कि आज जिस भव्य मूर्ति का अनावरण हम देख रहे हैं, वह केवल एक मूर्ति नहीं, बल्कि महाराणा प्रताप के साहस, वीरता और उनके द्वारा की गई महानतम संघर्षों का प्रतीक है। यह मूर्ति हम सभी को प्रेरणा देती है और हम सभी के मन में एक अलग ही उर्जा उत्पन्न करती है। जब हम महाराणा प्रताप की मूर्ति को देखते हैं, तो उनका संघर्ष, उनकी निष्ठा, और उनका बलिदान हमारे दिलों में एक नई जागरूकता और गौरव का अनुभव कराता है। विधायक श्रीमती बोहरा ने आगे कहा कि महाराणा प्रताप का इतिहास हम सभी को जानना चाहिए और हमें अपनी आने वाली पीढ़ियों को भी यह बताना चाहिए कि किस प्रकार महाराणा प्रताप सिंह जी ने अपनी 20 हजार की सेना के साथ 80 हजार की विशाल मुग़ल सेना से वीरता से लड़ा। यह केवल एक युद्ध नहीं था, बल्कि यह कर्तव्य, सम्मान, और मातृभूमि के प्रति अडिग निष्ठा थी। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि हमें अपने इतिहास पर गर्व करना चाहिए और उन वीरों को आदर्श मानकर अपने जीवन में उनके जैसे साहस, समर्पण और संघर्ष को अपनाना चाहिए। हम सभी हिंदुओं को एकजुट होकर कंधे से कंधा मिलाकर अपने समाज और राष्ट्र की भलाई के लिए काम करना है।चंद्रशेखर वर्मा ने सभी को महाराणा प्रताप की जयंती बधाई एंव शुभकामनाएं दी। उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि संगठित रहना सबसे जरूरी है। उन्होंने महाराणा प्रताप के जीवन से हमें यह सिखने को मिलता है कि सत्य और धर्म की राह पर चलने का कभी भी कोई मूल्य नहीं होता, भले ही वह कितनी भी कठिन क्यों न हो। मेवाड़ में हमेशा भगवा लहराता रहा और इस भगवे की रक्षा के लिए महाराणा प्रताप ने जंगलों में घास की रोटियां खाईं, फिर भी अपने धर्म और मातृभूमि की रक्षा के लिए कभी भी समझौता नहीं किया। उन्होंने कहा कि हमें अपने इतिहास से प्रेरणा लेकर अपने राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों का पालन करना चाहिए और किसी भी स्थिति में अपने गौरवशाली अतीत को कभी नहीं भूलना चाहिए। कार्यक्रम में श्री योगेश्वर दिलीप सिंह, श्री संतोष सिंह ठाकुर, श्री केदार सिंह ठाकुर, श्री चंद्रिका सिंह ठाकुर, श्री मनोज सिंह, ठाकुर पीयूष सिंह, श्रीमती वंदना बाला ठाकुर, सौरभ सिंह, श्री रवि राजपुत, योगेंद्र सिंह ठाकुर, अमन ठाकुर, जीवेन्द्र सिंह, श्री हेमलाला सिंह ठाकुर, रामसिंह, कल्याण सिंह, केहर सिंह, दुर्गेश सिंह, सहित राजपूत समाज के पदाधिकारीगण और नागरिक उपस्थित थे।

**एक नजर**

### समाधान शिविरः पचपेड़ी में 5 हजार से अधिक आवेदनों का निराकरण



**धमतरी 10 मई।** कुरूद विकासखण्ड के ग्राम पंचायत पचपेड़ी में आज समाधान शिविर का आयोजन हुआ। इस दौरान सुशासन तिहार में मिले मांग, शिकायत और समस्या संबंधी कुलं 5 हजार 100 आवेदन की जानकारी दी गई। प्राप्त आवेदनों में से 5 हजार 43 आवेदनों का निराकरण कर दिया गया है। समाधान शिविर में 41 हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित भी किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती पूजा सिन्हा, जनपद पंचायत कुरूद के अध्यक्ष श्रीमती गीतेश्वरी साहू, जनपद उपाध्यक्ष श्री सतीश जैन, श्री आनंद यदु सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और विभागीय अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे। समाधान शिविर पचपेड़ी में कुल 41 हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं का लाभ मिला। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 6 महिलाओं की गोदभराई की गई। वहीं 8 बच्चों का अन्नप्राशन्न किया गया। इसी तरह 5 बच्चों को सुपोषण किट का वितरण भी किया गया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा 4 हितग्राहियों को नया नल कनेक्शन दिया गया और खाद्य विभाग द्वारा दो हितग्राहियों को राशनकार्ड वितरित किया गया।

### सखी वन स्टॉप सेंटर में की जाएगी सेवा प्रदाता की नियुक्ति

**धमतरी 10 मई।** सखी वन स्टॉप सेंटर धमतरी को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए यहां सेवा प्रदाताओं के 6 पदों पर केवल महिला वर्ग की नियुक्ति की जाएगी। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित इस सखी वन स्टॉप सेंटर में पैरा लीगल, कार्मिक वकील, पैरा मेडिकल कार्मिक, कार्यालय सहायक और सुरक्षा एवं गार्ड तथा नाईट गार्ड के सेवा प्रदाता नियुक्त किए जाएंगे। इसके लिए इच्छुक आवेदक आगामी 18 मई तक जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग में पंजीकृत अथवा स्पीड पोस्ट के माध्यम से आवेदन कर भेज सकते हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि सेवा प्रदाता के भर्ती के संबंध में शैक्षणिक योग्यता, नियम और शर्तें जिले की वेबसाईट www.dhamtari.gov.in पर देखा जा सकता है।

### सुशासन तिहार में मानसिंह एवं छन्नू लाल को मिला लर्निंग लाईसेंस



**राजनांदगांव 10 मई।** सुशासन तिहार अंतर्गत नगर पंचायत घुमका में आयोजित समाधान शिविर में ग्राम खजरी के श्री मानसिंह निषाद लर्निंग लाईसेंस बनाने के लिए आवेदन लेकर आए थे। उन्होंने अपना आवेदन परिवहन विभाग के स्टॉल में प्रस्तुत किया। जिस पर तत्काल लर्निंग लाईसेंस बनाकर उन्हें प्रदान किया गया। श्री मानसिंह निषाद ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि इतनी आसानी से लर्निंग लाईसेंस बन जाएगा, ऐसा उन्होंने नहीं सोचा था। सुशासन तिहार के माध्यम से जनसामान्य के लिए बहुत अच्छी पहल की गई है और शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन हो रहा है। शिविर के माध्यम से अच्छी सुविधा मिल रही है तथा शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी मिल रही है।

### सुशासन तिहार में देवेन्द्र को मिला उनके जमीन का मालिकाना हक

**धमतरी 10 मई।** राज्य शासन द्वारा आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को दिलाने तथा आम जनता से सीधे संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से शहरी क्षेत्र से लेकर गांवों तक सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। इस सुशासन तिहार में मिले समस्या, मांग और शिकायतों की जानकारी आवेदकों को देने के लिए समाधान शिविर भी लगाए जा रहे हैं। बीते दिनों मगरलोड विकासखण्ड के ग्राम पंचायत खिसोरा में आयोजित समाधान शिविर में अंगारा निवासी श्री देवेन्द्र साहू भी पहुंचे। श्री साहू बताते हैं कि सुशासन तिहार 2025 के तहत उन्होंने समाधान पेटी में स्वामित्व कार्ड के लिए आवेदन दिया था।

# नौनिहालों के दिलों में भी बसते हैं पीएम नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

- मुख्यमंत्री साय ने आंगनबाड़ी में बच्चों से किया आत्मीय संवाद, टॉफियां बांटी और पूछा हालचाल



**रायपुर, 10 मई।** गरियाबंद जिले के मड़ेली में आयोजित समाधान शिविर के दौरान आज एक अनोखा दृश्य देखने को मिला, जब मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय अचानक आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण करने पहुँच गए। नन्हें बच्चों के बीच पहुँचे मुख्यमंत्री ने जब पूछा–बच्चों, हमारे देश के प्रधानमंत्री कौन हैं? तो सबने उत्साह से कहा श्री नरेंद्र मोदी! फिर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री का नाम पूछने पर सभी ने तुरंत उत्तर दिया–श्री विष्णु देव साय। यह दृश्य सिर्फ एक सामान्य संवाद नहीं था, बल्कि यह बताता है कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की लोकप्रियता केवल युवाओं और बड़े बुजुर्गों तक सीमित नहीं, बल्कि बच्चों के दिलों तक भी पहुँच चुकी है। मुख्यमंत्री श्री साय ने बच्चों को दुलारा, चॉकलेट और टॉफियां बांटी और कुछ पल उनके साथ बिताए। बच्चों की मासूम मुस्कान और स्नेह ने मुख्यमंत्री श्री साय को भी भाव-विभोर कर दिया। उन्होंने आंगनबाड़ी परिसर का अवलोकन किया और बच्चों के साथ आत्मीय संवाद करते हुए कहा कि हमारी सरकार बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए पूरी तरह समर्पित है। आंगनबाड़ियों के माध्यम से हर बच्चे को बेहतर पोषण, स्वच्छता और शिक्षा मिले यह हम सबकी प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री साय ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि राज्य की सभी आंगनबाड़ियों में बच्चों को पोषण आहार के साथ-साथ एक सुरक्षित, सुंदर और प्रोत्साहनपूर्ण वातावरण भी मिले। उन्होंने कहा कि हमारे बच्चों की परवरिश जितनी श्रेष्ठ होगी, देश का भविष्य उतना ही सशक्त होगा। इस अवसर पर मड़ेली आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 03 की कार्यकर्ता श्रीमती उर्वशी नंदे ने जानकारी दी कि केंद्र में 15 बच्चे नियमित रूप से आते हैं और उन्हें निर्धारित मेन्यू के अनुसार नाश्ता और गर्म भोजन प्रदान किया जाता है। पूरक पोषण आहार वितरण की प्रक्रिया भी प्रतिदिन जारी है।

# स्टेडियम निर्माण में गड़बड़ी उजागर

- नपं अध्यक्ष ने निर्माण कार्य रूकवाया, शासन से मार्गदर्शन लेने के बाद दोबारा शुरू होगा निर्माण
- चुनाव से पूर्व हड़बड़ी में शुरू किए गए स्टेडियम निर्माण, सीसी सड़क एवं बाउंड्रीवाल खड़े करने के मामले का खुलासा

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**अंबागढ़ चौकी, 10 मई।** पचास लाख की लागत से नगर के ग्रीन हिल पार्क क्रिकेट मैदान ट्रायबल कालोनी में निर्माणाधीन स्टेडियम निर्माण के कार्य पर नगर पंचायत अध्यक्ष ने रोक लगा दी है। पखवाडे भर से इस काम को नगर अध्यक्ष ने रूकवा दिया है। नगर अध्यक्ष ने कहा की जब तक शासन और प्रशासन की ओर से मार्गदर्शन नही मिलेगा, तब तक यह कार्य को रोक कर रखा जाएगा। नगर अध्यक्ष ने कहा कि वे केवल खानापूर्ती के लिए स्टेडियम निर्माण नही कराना चाहते है और न ही शासकीय धनराशि का दुरूपयोग कराना चाहते है। यदि स्टेडियम निर्माण हो तो उचित व वैधानिक तरीके से होना चाहिए।

नगरीय निकाय चुनाव के आचार संहिता लगने से पूर्व आनन फानन में प्रारंभ किए स्टेडियम निर्माण में कई गडबडिया उजागर हो रही है। नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने खुलासा किया कि मैदान का सीमांकन कराए बिना ही निर्माण कार्य शुरू करा दिया गया है। जिस अनुसुचित जाति जनजाति विकास विभाग के नाम पर मैदान का स्वामित्व है उससे किसी तरह की सहमति नही ली गई है और न ही स्टेडियम निर्माण के लिए कार्ययोजना बना कर कार्य किया गया है। नगर अध्यक्ष ने बताया की केवल खानापूर्ती व शासकीय धनराशि का उपयोग करने के चक्कर में सीधे मैदान के अंदर दीवाल खडा किया जा रहा है। यदि ऐसा ही बाउंड्रीवाल बना दिया गया तो इस स्टेडियम में कई खेल के लिए मैदान छोटा पड जाएगा। और यंहा पर ड्यूस बाल क्रिकेट, फुटबाल, हाकी के लिए मैच कराना असंभव हो जाएगा। स्टेडियम के आस पास खंडहर के रूप में स्थित कर्मचारियो के क्वार्टर को खाली कराए जाने की किसी तरह की योजना ही नही है। इसके अलावा स्टेडियम के पास इंडोर स्टेडियम एवं खिलाडियो के लिए चेजिंग रूम सहित खिलाडियो को अन्य सुविधाओ देने के लिए किसी तरह की योजना ही नही बनाई गई है।

### साथी बाजार संचालन के संबंध में प्री-बिड बैठक संपन्न

**राजनांदगांव 10 मई।** जिला प्रशासन राजनांदगांव, नाफेड एवं इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा साथी परियोजना के तहत जिले में साथी बाजार संचालन के संबंध में जिला पंचायत सभाकक्ष में प्री-बिड बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बताया गया कि साथी परियोजना अंतर्गत महिला स्वसहायता समूहों एवं एफपीओ द्वारा साथी बाजार राजनांदगांव का संचालन किया जाएगा। साथी बाजार का मुख्य उद्देश्य राजनांदगांव जिले के अधिक से अधिक स्थानीय व्यापारियों, संकुल स्तरीय संगठनों तथा कृषक उत्पादक संगठनों को दुकान संचालन हेतु अवसर उपलब्ध कराना है। बैठक में साथी बाजार में दुकान संचालन हेतु रूचि की अभिव्यक्ति में आवेदन किये जाने की प्रक्रिया, चयन के मापदण्ड, नियम एवं शर्तों की जानकारी एवं मार्गदर्शन दिया गया।

### सफलता की कहानीः गरीबों के लिए वरदान बनी प्रधानमंत्री आवास योजना

**धमतरी, 10 मई।** प्रधानमंत्री आवास योजना ने देशभर के कई आवासहीन परिवारों के लिए एक नई उम्मीद जगाई है। बेघर परिवारों को इस योजना के माध्यम से मिल रहे पक्के मकान ने न केवल लोगों के जीवन स्तर को ऊपर उठाया है, बल्कि उन्हें एक सुरक्षित और स्थायी आवास भी प्रदान कर रही है। इसी योजना के तहत जिले के धमतरी विकासखंड के ग्राम पंचायत कोड़ेगांव रै के आश्रित ग्राम कोदागहन निवासी श्री कवलू राम पिता श्री सुखराम का सपना भी साकार हुआ। मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करने वाले कवलू राम के लिए पक्का मकान बनाना एक सपने जैसा था, जिसे पीएम जन-मन प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत साकार किया। कच्चे मकान में रहते हुए श्री कवलू राम और उनके परिवार को कई समस्याओं का सामना करना पड़ता था, विशेषकर बरसात के मौसम में। छत से पानी टपकता था, जिससे घर में रहना मुश्किल हो जाता था। इस मुश्किल समय में प्रधानमंत्री आवास योजना उनके जीवन में नई रोशनी लेकर आई। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत श्री कवलू राम को 2.00 लाख रुपये की वित्तीय वर्ष 2024-25 में आर्थिक सहायता प्रदान की गई। इस राशि से उन्होंने अपनी बचत मिलाकर एक पक्का मकान बनाया।

## सुबह नगर भ्रमण पर निकले महापौर एवं कलेक्टर

- मोहारा जलसयंत्र गृह देख नदी में पानी के संग्रहण की ली जानकारी

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**राजनांदगांव, 10 मई।** निगम सीमाक्षेत्र मे शासन द्वारा स्वीकृत योजनाओं का क्रियान्वयन करने स्थल निरीक्षण हेतु महापौर श्री मधुसूदन यादव एवं कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे विभागीय अधिकारियों के साथ आज शहर भ्रमण किये। भ्रमण के दौरान निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा, निगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, एस.डी.एम. श्री खेमलाल वर्मा, तहसीलदार श्री मनीष वर्मा सहित महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य श्री सावन वर्मा व श्री आलोक श्रोती, पार्षद श्रीमती प्रियंका पंकज कुरंजेकर उपस्थित थे। भ्रमण के दौरान उन्होंने मोहारा जलसयंत्र गृह का निरीक्षण कर नदी में पानी की स्थिति एवं समाग्री की उपलब्धता की जानकारी लिए। उल्लेखनीय है कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा जनहित में विभिन्न योजनाए संचालित की जाती है, जिसका लाभ जनता को देने उसका क्रियान्वयन आवश्यक होता है। इसी प्रकार राजनांदगांव में नागरिकों की सुविधा के लिये राज्य सरकार द्वारा घोषणा कर विभिन्न योजनाओ की स्वीकृति दी गयी है। उन्ही घोषणाओ को धरातल में पूरा करने आज महापौर श्री यादव एवं कलेक्टर डॉ. भुरे नगर निगम, राजस्व एवं राजगामी के अधिकारियों के साथ निगम सीमाक्षेत्र में भूमि की उपलब्धता देखने सुबह निकले। महापौर यादव ने कहा कि शासन द्वारा निगम सीमाक्षेत्र में नागरिको की सुविधा के लिये विभिन्न घोषणाए की गयी है, जिसका धरातल में क्रियान्वयन करने आज स्थल चयन किया जा रहा है।

# खाद्य विभाग की लापरवाही से दो परिवार खाद्यान्न योजना से वंचित

- मानपुर में खाद्यान्न वितरण योजना से वंचित है हितग्राही, विधानसभा में दिया गलत जवाबः इंद्रशाह मंडावी

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**मोहला, 10 मई।** पूरे प्रदेश में जहां सुशासन तिहार के नाम पर शासन प्रशासन अपनी ही पीठ थपथपाने का कार्य कर रही है। वहीं मानपुर में दो परिवार ऐसे है जिन्हें विगत 22 महीनें से राशन का वितरण नहीं किया जा रहा है। हितग्राही राशन वितरण लाभ से पूरी तरह वंचित है। ये खाद्य विभाग की बड़ी लापरवाही है। इसमें सबसे बड़ा कारण प्रशासन का असहयोग है। उक्त मामला तब प्रकाश में आया जब हितग्राहियों ने अपनी समस्या मोहला-मानपुर विधायक इंद्रशाह मंडावी को बताया। विधायक मंडावी ने इस मामला को गत विधानसभा के बजट सत्र में भी प्रमुखता से उठाया था कि मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिले में कितने हितग्राही है जिन्हें बायोमीट्रिक मिलान के अभाव में खाद्यान्न वितरण नहीं किया जा रहा है तब खाद्य मंत्री दयालदास बघेल के द्वारा जवाब दिया गया कि उक्त जिले में बायोमीट्रिक मिलान के अभाव में राशन सामग्री से वंचित हितग्राहियों की संख्या निरंक है। विधायक ने विस्तार पूर्वक बताया कि सुशासन तिहार के दौरान इस संबंध में हितग्राही परिवार की तरफ से जानकारी चाही गई थी जिसमें प्रशासन ने यह माना है कि मानपुर में दो हितग्राही गोविंदमल जैन राशनकार्ड क्रमांक 223888689931 तथा अस्तरी बेगम राशनकार्ड क्रमांक 223888637417 को नवंबर 2022 से आधार प्रमाणीकरण के अभाव में राशन वितरण नहीं किया गया है। जबकि विधानसभा में मंत्री के द्वारा गलत जवाब दिया गया था। इसमें शासन-प्रशासन अपनी लापरवाही छुपाना चाहती थी। जो सरासर हितग्राही परिवार के साथ अन्याय है तथा सरकार के खाद्यान्न योजना के नाम पर वाहवाही लूटने का कोरी कल्पना मात्र है। इसमें राशनकार्ड धारी अस्तरी बेगम 10.08 एवं उनके पति हसन अली का 31.03.2024 को मृत्यु भी हो गया है। सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 में दिए जानकारी अनुसार खाद्य विभाग ने राशन वितरण विषयक में हितग्राही परिवार को ही लापरवाह एवं जिम्मेदार ठहराया है। जिसमें कहा गया है कि हितग्राही परिवार के द्वारा शासन के प्रावधानार्थ आधार प्रमाणीकरण हेतु प्रयास नहीं किया गया।

# पीएम आवास योजनाः लॉटरी के माध्यम से 15 मई को होगा आबंटन



**राजनांदगांव, 10 मई।** प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक मोर मकान मोर आस अंतर्गत मात्र किफायती दरों में आवास के लागत मूल्य पर वर्षो से किरायेदारों के रूप में निवासरत परिवारों का अब सपना साकार हो रहा है, उन्हें स्वयं का अपना पक्का आवास मिल रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत नगर निगम सीमाक्षेत्र में सुन्दर सुविधायुक्त 1282 बहु मंजिला आवास लखोली, पेण्ड्री,मोहारा, रेवाड़ीह आदि स्थानों में पूर्ण रूप से निर्मित किया है, एवं 648 आवास विभिन्न स्तरो पर निर्माणाधीन है। उक्त आवासों को मोर मकान मोर आस योजना के तहत शासन द्वारा निर्धारित किए गए दरों पर नियमानुसार आबंटित किया जा रहा है। आवास आबंटित करने नगर निगम द्वारा प्रक्रिया की जा रही है। पूर्व में 167 पात्र हितग्राहियो को आवास का आबंटन किया गया। पात्र आवेदनों में से परियोजना अनुरूप राशि जमा करने पर आवेदकों को लॉटरी में सम्मिलित कर दिनांक 15 मई 2025 दिन गुरूवार को दोपहर 3:30 बजे निगम टॉउनहाल सभागृह में लॉटरी के माध्यम से आवास आबंटित किये जायेंगें।

प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत आवास आबंटन के संबंध में नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विष्वकर्मा ने बताया कि मोर मकान मोर आस योजनान्तर्गत वर्षो से अवासहिन जरूरतमन परिवारो को आवास उपलब्ध कराया जा रहा है। जिसके लिए नगर निगम द्वारा आवेदन आमंत्रित किया गया हैं, पात्र आवेदक परियोजना अनुरूप राषि जमा करने के उपरांत आगामी लाटरी में षामिल हो सकते है। आयुक्त श्री विष्वकर्मा ने बताया कि वे आवास जो अभी निर्माणाधीन है उन निर्माणाधीन आवास के लिए लॉटरी के पूर्व निर्धारित प्रति आवास मूल्य का 10 प्रतिशत एवं षेश राशि 10 माह में किस्तों के रूप में देनी होगी। निकाय अंतर्गत निर्माणाधीन आवास 272 यूनिट लखोली 2,74,044.00 रू. 258 यूनिट रेवाडीह, पेण्ड्री 2,91,027.00 रू. 870 यूनिट पेण्ड्री एवं मोहारा 2.80,115.00 रू. से सभी निर्माणाधीन आवास एक वर्श में पूर्ण कर लिये जायेगे, हितग्राही आबंटन उपरांत अपने स्वयं के आवास को अपने ऑखो के सामने बनते हुये देख सकते है। उन्होंने स्वयं के आवास का सपना सकार करने आवास योजना का लाभ लेने आवेदन करने की अपील की है।

**समाचार संक्षेप**

### भारतीय सेना आंधी-तूफान तो पाकिस्तानी सेना तिनका



**राजनांदगांव, 10 मई।** अल्पसंख्यक मोर्चा के बस्तर संभाग प्रभारी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता अकरम कुरैशी आतंकवाद के मुद्दे पर पाकिस्तान और भारत के मध्य शुरू हुई जंग को लेकर देशवासियों का हौसला बढ़ाने वाली प्रतिक्रिया वक्त की है उन्होंने कहा कि शुरुआती युद्ध में ही यह पता चल गया है कि भारतीय सेना अगर आंधी तूफान है तो पाकिस्तान सेना तिनके के समान है। प्रेस को जारी बयान में जनाब अकरम कुरैशी ने कहा कि इस युद्ध में भारत सरकार के रणनीति और तीनों सेना के समन्वित शौर्य को देखकर चीन के भी पसीने छूट रहे हैं। उन्हें भी सबक मिल गया है कि भारत की सीमा पर घुसपैठ या दखल अंदाजी करना भारी पड़ सकता है इस युद्ध में चीनी रक्षा उपकरणों की भी गुणवत्ता की पोल खुलने लगी है स्थिति को देखते हुए ऐसा नहीं लगता कि पाकिस्तान के पक्ष में चीन भी जंग में कूदेगा। उधर तुर्किस्तान जो पाकिस्तान का ही समर्थक है उसे भी भारत से पंगा लेने सौ बार सोचना पड़ेगा। कुल मिलाकर भारत के शौर्य के आगे पाकिस्तान अकेला पड़ता दिखाई दे रहा है। अकरम कुरैशी ने दावे के साथ कहा कि भारतीय सेना का जोश इतना हाई है कि एक साथ कई मोर्चे पर दुश्मनो के दांत खट्टे कर सकती है।

### विश्व रेडक्रास दिवसः सीआरसी ठाकुरटोला में रक्तदान शिविर का आयोजन




**राजनांदगांव, 10 मई।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष भारतीय रेडक्रास सोसायटी राजनांदगांव डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के मार्गदर्शन में विश्व रेडक्रास दिवस एवं विश्व थैलेसीमिया दिवस के अवसर पर दिव्यांगजन कौशल विकास, पुनर्वास एवं सशक्तिकरण समेकित क्षेत्र ठाकुरटोला में स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान दिव्यांगजनों को श्रवण यंत्र, छड़ी ,मोटर चलित साइकिल, घुटने की बेल्ट का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी व सचिव भारतीय रेडक्रास सोसायटी राजनांदगांव डॉ. नेतराम नवरतन ने विश्व रेडक्रास दिवस की हार्दिक बधाई दी। उन्होंने बताया कि भारतीय रेडक्रास सोसायटी का भारत में उदय वर्ष 1918 से 1920 में स्पेनिस फ्लू महामारी के दौरान हुआ था तथा संवैधानिक मान्यता 1920 में मिली थी। उन्होंने कहा कि विश्व रेडक्रास दिवस के अवसर पर रेडक्रास के जन्मदाता सर हेनरी ड्यूनेन्टको याद किया जाता है। प्रबंधक सह जिला संगठक श्री प्रदीप शर्मा ने बताया कि विश्व रेडक्रास दिवस के अवसर पर सीआरसी के साथ अलावा ब्लड बैंक जिला अस्पताल, ब्लड बैंक शासकीय मेडिकल कॉलेज हास्पिटल पेण्ड्री, बिलासा ब्लड बैंक गुरूद्वारा के सामने, नांदगांव ब्लड बैंक शिवनाथ वाटिका के पास, लाईफ लाईन ब्लड बैंक पावर हाऊस के सामने में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों ने शामिल होकर जरूरतमंदों के लिए रक्तदान किया। कार्यक्रम में सीआरसी संचालक श्रीमती स्मिता महोबिया, रेडक्रास के कोषाध्यक्ष श्री अशोक मोदी, सह सचिव श्री सुशील जैन, श्री उत्तमचंद जैन, श्री उमेश अग्रवाल, परंपरा ग्रुप से श्री दिव्यांशु गोलछा, श्री मनोज सिंह सहित रेडक्रास सोसायटी के पदाधिकारी, सदस्य, वालेंटियर, नागरिकगण उपस्थित थे।

### मां भानेश्वरी देवी के त्याग और तपस्या से समाज को मिला आशीर्वादः उप मुख्यमंत्री

**राजनांदगांव 10 मई।** उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव आज मुख्य अतिथि के रूप में राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम सिंघोला में प्रदेश स्तरीय मां भानेश्वरी जयंती महोत्सव एवं सामुदायिक भवन लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल हुए। इससे पहले उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव ने मां भानेश्वरी देवी मंदिर में पूजा-अर्चना की। उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव ने ग्राम पंचायत सिंघोला में सर्व समाज सामुदायिक भवन और मंडल साहू समिति सिंघोला के सामाजिक सामुदायिक भवन का लोकार्णण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व गृहमंत्री श्री ताम्रध्वज साहू ने की। इस अवसर पर विधायक डोंगरगांव श्री दलेश्वर साहू, विधायक कसडोल श्री संदीप साहू, पूर्व सांसद श्री अभिषेक सिंह, अध्यक्ष तेलघानी बोर्ड श्री जितेन्द्र साहू एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे। उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव ने कहा कि ग्राम सिंघोला की पावन धरती में माता भानेश्वरी देवी के चमत्कार, त्याग और तपस्या से चारो ओर वैभवशाली प्रकाश हो रहा है। मां भानेश्वरी के त्याग, तपस्या से समाज को आशीर्वाद मिला है। साहू समाज की महान विभूतियों ने समाज को आगे बढ़ाने का कार्य किया है। उन्होंने बताया कि आज महाराणा प्रताप की जयंती है। उन्होंने महाराणा प्रताप जयंती की बधाई देते हुए कहा कि जब महाराणा प्रताप का नाम आता है तो दानवीर भामाशाह का भी नाम आता है। दानवीर भामाशाह ने अपना पूरी संपत्ति मुगल सेना के खिलाफ लड़ाई करने के लिए महाराणा प्रताप को समर्पित कर दिया था। महाराणा प्रताप के अनन्य मित्र, सहयोगी एवं सलाहकार दानवीर भामाशाह के कारण बार-बार मुगल सेना परास्त हुई। दानवीर भामाशाह एक प्रखर योद्धा एवं सेनापति के रूप में कार्य करते थे।

### फसल चक्र परिवर्तन और दलहन तिलहन की खेती पर की गयी चर्चा



**धमतरी 10 मई।** खेती-किसानी को बेहतर बनाकर लाभ के व्यवसाय के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से जिले में लगातार किसान चौपालों का आयोजन किया जा रहा है। आज धमतरी विकासखण्ड के ग्राम मथुराडीह में आयोजित किसान चौपाल में किसानों ने दलहन-तिलहन फसलों के अलावा फसल चक्र परिवर्तन में गांव और किसानों के जीवन मे आये बदलाव की चर्चा हुई। कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि किसान चौपाल में आसपास के प्रगतिशील किसान आयें हुए है, जिन्होंने पारम्परिक खेती को छोड़कर आधुनिक खेती अपनाई और प्रगति की राह में आगे बढ़ रहे है। क्षेत्र के किसानों के लिए यह अच्छा अवसर है, वे इन प्रगतिशील किसानों की बातों को सुनें और उनकी पद्धति अपना कर आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि हमारा जिला उत्कृष्ट किसानों से परिपूर्ण है, जो कोदो, रागी, मिलेट्स, चना बीज उत्पादन और फसल चक्र अपनाकर जल संरक्षण में भी अपना सहयोग दें रहे है। कलेक्टर ने कहा कि अब समय आ गया है कि धान की पारम्परिक खेती को छोड़कर किसान नगदी फसल, पशुपालन, उद्यानिकी फसल की ओर कदम बढाया जाये। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि आप सभी की सुविधा के लिए यहां कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी, मछलीपालन सहित अन्य समवर्ती विभागों द्वारा स्टॉल लगाये गये है, जहां आप किसान क्रेडिट कार्ड बनाकर शासन की योजनाओं का लाभ ले सकते है। कलेक्टर ने उपस्थित किसानों को खेती को और बेहतर बनाने के लिए सुझाव भी मांगे। उन्होंने सभी को आश्वासन दिया कि जिले में किसानों की आय बढ़ाने और कृषि विकास के लिए हरसंभव मदद दी जाएगी। इस अवसर पर कलेक्टर एवं सीईओ ने किसान राजकुमार सिन्हा और तोमन सिंह ध्रुव को बीज भी वितरित किया।

## संपादकीय

# मौका मिला और भारत ने साबित किया....

व्यक्तिगत लड़ाई हो या दो देशों के बीच युध्द हो सफल वह माना जाता है जो मौका मिलने पर साबित करता है कि वह जितने दम से मार सकता है,उतने दम से अपनी रक्षा भी कर सकता है।उसको कोई सफल नहीं मानता है जो जोश में आकर पहले मारता है लेकिन मार का कोई असर नहीं होता है,क्योंकि सामने वाला हर वार से खुद का बचाव करने में कुशल है।उसको भी कोई सफल नही मानता है जो मार खाने का समय आता है तो खुद को मार खाने से बचा नहीं पाता है. यानी वह न तो सामने वाले को मार पाता है और न ही सामने वाले से मार खाने से खुद को बचा पाता है। पाकिस्तान ऐसा ही देश है। वह कहने को कहता है कि वह भारत के बराबर का देश है। किस आधार पर कहता है, भारत परमाणुशक्ति संपन्न देश है तो पाकिस्तान भी परमाणुशक्ति संपन्न देश है। वह चाहता है कि दुनियां पाकिस्तान को भारत के बराबर का माने, उतना ही महत्व दे जितना भारत को दिया जाता है।लेकिन वह भूल जाता है कि और कई मामलों में वह भारत से बहुत पीछे हैं, अर्थव्यवस्था, सेना, आबादी, मजबूत लोकतंत्र, राजनीतिक स्थिरता,कई क्षेत्रों में अभूतपूर्व विकास किया है।इस वजह से वह भारत के बराबर का देश नहीं माना जाता है।इस बात वह खीझता है लेकिन खीझने से तो कोई बड़ा नहीं हो जाता है, कोई भी देश या नेता बड़ा तब होता है या माना जाता है जब बड़ा काम करता है।और दुनिया के देश मानते हैं कि हां यह बड़ा काम है, इस काम को करने वाला बड़ा नेता है।पाकिस्तान बड़ा काम करता नहीं है और चाहता है कि दुनिया के देश उसे भारत के समान बडा देश माने। वह आतंकवादियों को भारत के जम्मू कश्मीर में भेजकर भारतीयों की हत्या धर्म पूछकर हत्या करवाता है और सोच कर खुश होता है कि इससे भारत में सांप्रदायिक दंगा हो जाएगा,व्यापक हिंसा होगी, हजारों लोग मारे जाएंगे। दुनियां में भारत का मजाक बनेगा।लोग कहेंगे कि भारत में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार होता है। पाकिस्तान भूल गया कि वह जो करवा रहा है, वह उसको उल्टा पड़ सकता है।वह आतंकियों को पाकिस्तान से भारतीयों को मारने के लिए जम्मू कश्मीर भेज रहा है तो भारत आतंकियों को मारने के लिए,आतंकियों के ठिकानों को नष्ट करने के लिए पाकिस्तान के शहरों में बने आतंकियों के ठिकानों पर हमला कर सकता है। पाकिस्तान भूल गया कि अब भारत में पीएम नरेंद्र मोदी है,जिसका यकीन मौका मिलने पर बड़े काम करने में है।ऐसे बड़े काम करने में है, जिसको करने के बारे में किसी ने सोचा न हो। पाकिस्तान में आतंकियों के ठिकानों पर हमला।यह भारत में किसी नेता नहीं सोचा था और पाकिस्तान के किसी नेता ने भी नहीं सोचा था वह काम पीएम मोदी ने सोचा और करके दिखा भी दिया। पाकिस्तान में ऐसे २१ आतंकियों के ठिकानों की पहचान की गई और उनमें से ९ ठिकानों को हमला कर नष्ट किया गया और करने के बाद दुनियां के तमाम देशों को बताया भी कि हमने यह बड़ा काम कर दिया, क्योंकि हमको सूचना मिली थी कि आतंकवादी फिर भारत पर हमला करने वाले थे। इससे पहले आतंकवादी हमला करते हमने हमला कर दिया। हमको अपने देश व देशवासियों को आतंकवादी हमले से बचाने का हक है। पूरी दुनिया ने माना पीएम मोदी व भारत की सेना ने सही किया। सभी ने पाकिस्तान की आतंकवादी भेजने के लिए निंदा की और भारत सराहना की। सबने माना पीएम मोदी ने, भारत ने सही काम किया है,बड़ा काम किया है।पाकिस्तान के नेताओं में समझ होती तो वह जम्मू कश्मीर के आतंकवादी घटना की अन्य देशों की तरह निंदा करते और साबित करते कि उन्होंने आतंकवादियों को भारत नहीं भेजा है।वह ऐसा तो कर नहीं सके,जो उनको नहीं करना था, वह किया। बड़ी गलती की और पीएम मोदी के बिछाए जाल में फंस गए। भारत की तरफ से यह जब साफ कर दिया गया था कि उसने पाकिस्तान पर हमला नहीं किया है,उसने तो आतंकियों को मारने के लिए उनके ठिकानों पर हमला क्रिया है। पाकिस्तान को समझ जाना था कि उसको भारत पर हमला नहीं करना है, लेकिन पाकिस्तान के नेता नहीं समझे और किया क्या द्रोण व मिसाइल से भारत के कई शहरों पर हमला।फिर उसने साबित करने की कोशिश की कि पाकिस्तान सेना व हथियारों के मामले में भारत का बराबर का देश है।वह पहले हमला कर भारत को बहुत नुकसान पहुंचा सकता है। उसने सोचा वह भारत को बड़ा नुकसान पहुंचाकर खुद को बडा.साबित कर दूंगा।पाकिस्तान यह नहीं सोच पाया कि पीएम मोदी व भारत ने एक बार आतंकियों के ९ ठिकानों पर हमला कर विश्व के सामने खुद को बडा.साबित कर चुके हैं। वह खुद भारत पर हमला कर पीएम मोदी व भारत को फिर पाकिस्तान पर हमला कर और बड़ा साबित करने का मौका दे रहा है। पाकिस्तान ने मौका दिया और पीएम मोदी व भारतीय सेना ने उसके हमले को नाकाम कर साबित किया कि पाकिस्तान के हमले से अपने देश को बचा सकते है और बचाकर दिखाया भी। पाकिस्तान के हमले से भारत को कोई नुकसान नहीं हुआ। पाकिस्तान के हमले से पाकिस्तान कमजोर देश व भारत मजबूत देश साबित हुआ, पीएम मोदी फिर देश को पाकिस्तान के हमले से बचाकर और बड़ा काम करने वाले नेता साबित हो गए। देश को बचाना तो बहुत बड़ा काम होता है, लोग कह सकते हैं कि देश को तो सेना ने बचाया है,लेकिन सेना को बचाने का हथियार एस-४०० वायु रक्षा प्रणाली पीएम मोदी ने ?स से खरीद कर दिया था। इसका अमरीका ने विरोध किया था लेकिन पीएम मोदी ने अमरीका के विरोध के बाद भी उसे देश की रक्षा के लिए जरूरी माना था और उनकी दूरदृष्टि के कारण ही यह हथियार भारत के पास था और पाकिस्तान के हमले के समय भारत को बचाने के काम आया। पीएम मोदी से पहले देश के किसी नेता ने सोचा भी नहीं थी कि देश की रक्षा के लिए एस-४०० होना चाहिए।पीएम मोदी बड़े नेता इसीलिए हैं कि वह जो कोई नहीं सोचता है, सोच लेते है, जो कोई नहीं करता है, कर लेते हैं।पाकिस्तान ने भारत पर हमला करने से पहले नहीं सोचा था कि जवाब में भारत भी हमला करेगा और पाकिस्तान के कई अहम व बड़े शहरों पर हमला कर साबित कर देगा कि भारत पाकिस्तान के किसी भी शहर पर,कभी भी हमला कर सकता है और पाकिस्तान को बड़ा नुकसान पहुंचा सकता है।पाकिस्तान ने मौका दिया और भारत ने, पीएम मोदी ने साबित किया कि वह और सेना भारत की रक्षा कर सकते हैं और दुश्मन देश पर हमला कर सबक सिखा सकते हैं। कोई कह सकता है कि इससे क्या होता है।

विश्व अहंकार जागरूकता दिवस विशेष

# अहंकार पर नियंत्रण पाकर हम बेहतर और समाधानी जीवन जी सकते हैं

**डॉ. प्रितम भि. गेडाम**



अहंकार मानसिक स्वास्थ्य की ऐसी स्थिति है जो मनुष्य के जीवन के हर पल को प्रभावित करती है। एक हद तक यह प्रेरित करती है, लेकिन लगातार इसके बढ़ने से समस्याओं का अंबार लग जाता है, जो खुद को ही नहीं अपितु आसपास के जुड़े लोगों के जीवन को भी बुरी तरह से अस्तव्यस्त करती है। केवल स्वार्थ या मैं, मेरा विचार करना हमें मानसिक सुख से दूर करता है। इतिहास गवाह है कि इस अहंकार की भेट में राजपाट, शोहरत, दौलत लूट गए। अधिकतम युद्धों का अहंकार मुख्य कारण रहा। रोजाना अनगिनत जिंदगियां तबाह हो जाती है और इसी अहंकार के कारण आवेश में अनुचित निर्णय लेकर जीवन का सुख शांति छीन लेते है। हमारी छोटी सी अनमोल जिंदगी है इसे खुलकर सुख-शांति से जीना चाहिए, निराशा और क्रोध में इसे व्यर्थ गवाना नहीं चाहिए, वक्त निकल जाने के बाद आखिर में जीवन में पछतावे के अलावा कुछ नहीं रहता। रिसर्च से पता चला है कि हमारे अधिकांश दुखों के लिए जिम्मेदार अदृश्य अहंकारी मन से प्रभावित होना हो सकता है, जिसमें श्रेष्ठता, हीनता, पूर्वाग्रह, दूसरों का मूल्यांकन, चालाकी, क्रोध, ईर्ष्या, भय, आक्रोश, व्यसन, तनाव, हिंसा, नस्लवाद, लिंगवाद, प्रशंसा, अनुमोदन, प्रतिक्रियावादी होना, सहानुभूति की कमी, अकेलापन, निराशा, झूठा प्रचार, धार्मिक और जनजातीय युद्ध आदि की झूठी भावनाएं शामिल है। इस प्रकार के सभी नकारात्मक और विनाशकारी गुणों का हमारे व्यक्तिगत, पारिवारिक, सामाजिक संबंधों और समग्र विश्व पर गंभीर परिणाम पड़ता है। कई लोग जो ईगोमेनिया अर्थात अहंकारोन्माद से पीड़ित हैं, जो मानसिक और भावनात्मक दुर्व्यवहार का एक रूप है, उन्हें यह भी पता नहीं होता कि वे इस मानसिक स्थिति का अनुभव कर रहे है। हर साल 11 मई को विश्व अहंकार जागरूकता दिवस दुनियाभर में मनाया जाता है, अहंकार जागरूकता आंदोलन और विश्व अहंकार जागरूकता दिवस की स्थापना 2018 में इस मानसिक स्थिति से पीड़ित सभी लोगों की सहायता करने और दूसरों को दुर्व्यवहार के इस अदृश्य रूप के प्रभावों का अनुभव करने से रोकने के लिए की गई थी। इस दिवस का उद्देश्य अहंकार से जुड़े मुद्दों को उजागर करना है, सभी को जागरूक होने, अपनी जागरूकता बढ़ाने और आत्म-केंद्रित या अहंकारी व्यवहार के खिलाफ बोलने के लिए प्रोत्साहित करना है। इसका लक्ष्य यह समझना है कि अहंकार किस प्रकार क्रोध, पूर्वाग्रह और हिंसा जैसे नकारात्मक व्यवहारों को जन्म दे सकता है। यह दिवस अहंकार से प्रेरित व्यवहार जैसे क्रोध, आक्रोश और हिंसा के नकारात्मक परिणामों पर प्रकाश डालता है, तथा व्यक्तियों को ऐसी प्रवृत्तियों को चुनौती देने और उन पर काबू पाने के लिए प्रोत्साहित करता है। अहंकार की इस मानसिक स्थिति पर प्रत्येक व्यक्ति को काबू पाना होगा।

अहंकार स्वस्थ और अस्वस्थ दोनों प्रकार का होता है, एक स्वस्थ अहंकार मनुष्य को अपनी ताकत और कमजोरियों को समझने में मदद करता है, जिससे अधिक यथार्थवादी लक्ष्य और अधिक सकारात्मक आत्म-छवि प्राप्त होती है, जो प्रेरणा और लचीलेपन के लिए महत्वपूर्ण हो सकता है। अपने विचारों, भावनाओं और व्यवहारों पर नियमित रूप से चिंतन करने से हमको यह पहचानने में मदद मिल सकती है कि कब हमारा अहंकार हमारे निर्णय लेने को प्रभावित कर रहा है, साथ ही दूसरों के दृष्टिकोण को समझना और स्वीकार करना हमें अपने अहंकार को नियंत्रित करने और उनकी प्रेरणाओं के बारे में धारणा बनाने से बचने में मदद कर सकता है। आत्म-सुधार के लिए प्रयास करना हमको अधिक सुरक्षित और स्वस्थ अहंकार बनाने में मदद कर सकता है। स्वस्थ अहंकार वाले व्यक्ति मुश्किल




परिस्थितियों से निपटने में बेहतर ढंग से सक्षम होते हैं, वे सक्रिय मुकाबला रणनीतियों के उपयोग को प्रोत्साहित कर रचनात्मक तरीके से तनाव से निपटने की क्षमता को बढ़ाते है। अस्वस्थ अहंकार हमारे मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। जो लोग स्वयं को दूसरों से श्रेष्ठ समझते हैं, दूसरों के प्रति सहानुभूति की कमी दिखाते हैं, तथा दूसरों के दृष्टिकोण का सम्मान नहीं करते, यह अस्वस्थ अहंकार के लक्षण है। अत्यधिक अहंकार के कारण आलोचना को स्वीकार करने में कठिनाई हो सकती है, तथा सहानुभूति की कमी हो सकती है, जिससे रिश्तों में तनाव आ सकता है तथा मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। अहंकार व्यक्ति को आलोचना के प्रति अतिसंवेदनशील बना सकता है, नकारात्मक प्रतिक्रिया से आसानी से उत्तेजित हो सकता है, तथा आत्म-विनाश के लिए प्रवृत्त कर सकता है, या दुसरो को नुकसान पहुंचा सकता है। अस्वस्थ अहंकार, आलोचना को सहना, संघर्ष में शामिल होना, तथा सीमाओं को स्वीकार करना कठिन बनाकर दीर्घकालिक तनाव पैदा कर सकता है। अक्रियाशील अहंकार वाले व्यक्ति अपनी भावनाओं को नियंत्रित करने के लिए इनकार, टालमटोल, या मादक द्रव्यों के सेवन जैसे अनुपयुक्त मुकाबला तंत्रों का सहारा ले सकते हैं। अहंकार निर्णय क्षमता को प्रभावित कर सकता है तथा आवेगपूर्ण या अविवेकपूर्ण निर्णय लेने की ओर ले जा सकता है, जिसका स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। जब अहंकार हमारे बस में होता है या अहंकार से हम समयानुसार परिवर्तनशील व लचीले होते है तब अहंकार हमें नया कुछ ज्ञान देता है, जिंदगी में कुछ सिखाता है, हम अपनी गलतियों से सीखकर खुद में बदलाव लाते है, कमजोरियों को स्वीकारते है। परंतु जब यह अहंकार हमारे आपे से बाहर हो जाता है, तब यह मनुष्य का अहंकार विनाश की ओर प्रगति का स्त्रोत है, कभी-कभी अहंकार पाप और अपराध का कारण भी बनता है। हमें सफल होने से हम खुद नहीं रोकते बल्कि हमारा अहंकार रोकता है, कुछ लोग अपने अहंकार की वजह से बहुत अनमोल रिश्ते खो देते है। अहंकार हमको यह महसूस नहीं होने देता की हम गलत है, अहंकार और ईर्ष्या करने वाले लोगों को कभी मन की शांति नहीं मिलती। अहंकार हमारे दिमाग और मन से भी ऊपर हैं, या तो हम अपने दिमाग पर राज करें या यह हमारे दिमाग पर राज करेगा। अहंकारी इंसान को न तो अपनी भूले नजर आती है ना ही दूसरों की अच्छी बातें।

हम अपने अहंकार को स्वस्थ बनाएं रखने के लिए और अपने अहंकार को नियंत्रित करने के लिए, इसके मूल कारणों को समझने पर ध्यान केन्द्रित करें, विनम्रता का अभ्यास करें, तथा सहानुभूति और आत्म-जागरूकता विकसित करें।

इसमें अपनी ताकत और कमजोरियों को स्वीकार करना, अपनी आलोचना को भी बुद्धिमानी से सहजतापूर्वक स्वीकार करना और दूसरों की भलाई को प्राथमिकता देना शामिल है। अपने साथ ही औरो के लिए बेहतर सोच होना जरुरी है, जीवन में कार्य करते हुए अपने ध्येय सिद्धि हेतु लक्ष्य की स्थापना करना, ध्यान साधना, सकारात्मक आत्म-चर्चा करना, अपना ध्यान व्यक्तिगत लाभ से हटाकर सार्थक अनुभवों पर केन्द्रित करके, हम अहंकार के प्रभाव को कम कर सकते हैं और अधिक संतुलित तथा संतुष्टिदायक जीवन जी सकते है। स्वस्थ अहंकार एक अच्छी चीज है क्योंकि यह हमारा आत्मविश्वास बढ़ाता है, हमें अपने डर का सामना करने या उस पर काबू पाने के लिए प्रेरित करता है। लेकिन जब अहंकार और घमंड नियंत्रण से बाहर हो जाते हैं, तो वे हमें नष्ट कर देते हैं। अहंकार और गर्व पर हमेशा नियंत्रण रखें, इससे कुछ नया सीखें, इसे झूठ दिखावा लड़ाई प्रतिस्पर्धा का माध्यम न बनायें। जब हमारी नम्रता हमारे अहंकार पर हावी हो जाएगी तो हम एक अच्छे इंसान बन जायेंगे।

**आप अहंकार छोड़ दीजिये, सुखों की अनुभूति होना प्रारंभ हो जाएगा। महात्मा गांधी**

## राशिफल

**मेष** आज का दिन आपके लिए व्यस्तता भरा रहने वाला है। आप अपने पेंडिंग पड़े कामों को भी पूरा करने की पूरी कोशिश करेंगे। इनकम को बढ़ाने के सोर्स पर भी पूरा ध्यान देंगे। इसके साथ-साथ आपको अपने घर की जरूरतों पर भी पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है। आपका कोई पुराना लेनदेन खत्म होगा। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से आपकी बेवजह झड़प हो सकती है। आपको आज अपनी वाणी की सौम्यता बनाए रखनी होगी। प्रतिस्पर्धा का भाव आपके मन में बना रहेगा।

**वृषभ** आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहने वाला है। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। आप किसी यात्रा पर जाएं, तो अपने कीमती सामानों की सुरक्षा अवश्य करें। परिवार में समस्याओं को लेकर आप अपने पिताजी से बातचीत कर सकते हैं। आपकी किसी मन की इच्छा की पूर्ति होने से आपके घर किसी धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। दांपत्य जीवन में रोमांस बढ़ेगा। परिवार में किसी सदस्य के विवाह की बात पक्की होने से माहौल खुशनुमा रहेगा।

**मिथुन** आज का दिन आपके लिए सेहत के लिहाज से कमजोर रहने वाला है। आप सामाजिक क्षेत्र में अच्छा नाम कमाएंगे। यदि आपके बिजनेस में कुछ समस्याएं आ रही थी, तो वह भी काफी हद तक दूर होगी। आपका कोई काम पूरा होने में यदि समस्या आ रही थी, तो वह भी दूर होती दिख रही है। आपको अपने काम को लेकर बेवजह तनाव बना रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको कोई जिम्मेदारी भरा काम मिलने से आप थोड़ा परेशान रहेंगे।

**कर्क** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपके लंबे समय से रुके हुए काम पूरे होंगे और आपकी भाई व बहनों से खूब पटेगी। कार्यक्षेत्र में आप अपने बॉस से काम को लेकर सलाह ले सकते हैं, जो विद्यार्थी विदेश जाकर शिक्षा ग्रहण करना चाहते हैं, उनकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। आप अपने वैवाहिक जीवन में चल रही समस्याओं को लेकर परेशान रहेंगे। आपकी भौतिक सुख सुविधाओं में वृद्धि होगी। आप तरक्की की राह पर आगे बढ़ेंगे।

**सिंह** आज का दिन आपके मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। तरक्की की राह पर आगे बढ़ेंगे। आपको अनजान लोगों से दूरी बनाकर रखना बेहतर रहेगा। आप किसी को सलाह देने से बचें। संतान को किसी नई नौकरी की प्राप्ति होने से कहीं बाहर जाना पड़ सकता है। आपकी सेहत को लेकर आपको टेंशन रहेगी। मौसम का विपरीत प्रभाव आपके स्वास्थ्य पर पड़ सकता है। आप किसी से मांग कर वाहन चलाने से बचें।

**कन्या** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपको बेवजह कामों को लेकर टेंशन रहेगी। बिजनेस के सिलसिले में आप कहीं बाहर जा सकते हैं। आपको किसी दुर रह रहे परिजन की याद सताएगी। आप अपनी छोटी-मोटी समस्याओं को लेकर अपने पिताजी से बातचीत कर सकते हैं। आपकी माताजी का कोई पुराना रोग उभर भर सकता है, जो आपको परेशानी देगा। धन को लेकर भी आपको थोड़ी टेंशन बनी रहेगी। आपको संतान की संगति पर भी विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

**तुला** आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। पारिवारिक जीवन में खुशियां बनी रहेगी। आप अपने प्रेमी के साथ रोमांटिक समय व्यतीत करेंगे। भगवान की भक्ति में आपका खूब मन लगेगा। आप किसी धार्मिक आयोजन में सम्मिलित हो सकते हैं। आपको किसी काम को लेकर भाग दौड़ लगी रहेगी, लेकिन आप किसी से मांग कर वाहन चलाने से बचें। आपकी कोई पुरानी गलती परिवार के सदस्यों के सामने आ सकती है। आप अपने कामों को कल पर टालने से बचे।

**वृश्चिक** आज का दिन आपके लिए अपने बढ़ते खर्चों पर नियंत्रण बनाए रखने के लिए रहेगा। आप अपनी आय और व्यय में संतुलन बनाकर चले, तो आपके लिए बेहतर रहने वाला है। भाई व बहनों से आप किसी प्रॉपर्टी को लेकर वाद विवाद में उलझ सकते हैं। छोटे बच्चे आपसे किसी चीज की फरमाइश कर सकते हैं। बॉस से आपके रिश्ते बेहतर रहेंगे। कानूनी मामला आज आपको खुशी दे सकता है। आप किसी परिजन से धन उधार लेने से बचे।

**धनु** आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आप कुछ पारिवारिक मुद्दों को लेकर परिवार के सदस्यों के साथ समय बिताएंगे। जीवनसाथी को आप कहीं शॉपिंग पर लेकर जाने की योजना बना सकते हैं। आपका कोई विरोधी आपको परेशान करने की कोशिश कर सकता है, जो जातक सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे हैं, उन्हें अपने प्रयासों में तेजी लानी होगी। आपको किसी लिए गए निर्णय के लिए आज पछतावा होगा।

**मकर** आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आप अपने दोस्तों व सगे संबंधियों के साथ कुछ समय व्यतीत करेंगे। आपको कोई इनकम का सोर्स भी बढ़ सकता है। सिंगल लोग जिसे प्यार करते हैं, उन्हें अपने परिवार के सदस्यों से मिलवा सकते हैं। आपको अपने बिजनेस में पूरा ध्यान देकर ही कामों को करना होगा। राजनीति की और कदम बढ़ा रहे लोगों को कोई बेहतर अवसर हाथ लगेगा। घूमने फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।

**कुंभ** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। कार्य क्षेत्र में आपको पुराने किए गए कामों के लिए कोई पुरस्कार मिल सकता है। आपको बिजनेस में भी अच्छे लाभ मिलेंगे। दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। आप किसी जरूरतमंद व्यक्ति के लिए कुछ रुपयों का इंतजाम कर सकते हैं, जो विद्यार्थी विदेश जाकर शिक्षा ग्रहण करना चाहते हैं, उन्हें कोई बेहतर अवसर हाथ लग सकता है।

**मीन** आज का दिन आपके लिए सुखद परिणाम लेकर आएगा। आपको बिजनेस में भी अप्रत्याशित लाभ मिलेगा, जिससे आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आप अपने भाइयों के साथ कहीं घूमने फिरने का प्लान बना सकते हैं। जीवनसाथी को आप कोई सरप्राइज गिफ्ट लेकर आएंगे। संतान को किसी नए कोर्स में दाखिला दिला सकते हैं। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम की तैयारी शुरू हो सकती हैं।

आपरेशन सिंदूर

# वैश्विक नक्शे से पाकिस्तान का नामों-निशां मिट जाएगा

**संजीव ठाकुर**



पहलगाम में 27 निर्दोष लोगों की हत्या और मासूम महिलाओं के सिंदूर को उजाड़ने के फलस्वरुप भारत सरकार और भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर चला कर नौ आतंकवादियों के अड्डों और 21 ठिकानों पर जोरदार बमबारी कर उसे पूरी तरह बर्बाद कर दिया है। ऑपरेशन सिंदूर अभी जारी है और लाहौर, रावलपिंडी, इस्लामाबाद तथा अन्य हवाई ठिकानों को भी बम से उड़ा दिया गया है। पाकिस्तान इसके बावजूद लगातार भारत के जम्मू कश्मीर, पंजाब, गुजरात एवं राजस्थान में 400 से ज्यादा ड्रोन हमले कर चुका है जिसे भारतीय सेवा ने नाकाम कर दिया है यह बहुत अच्छी बात है कि इसमें भारत को बहुत कम नुकसान हुआ है भारतीय फौज की कार्रवाई से पाकिस्तान पूरा का पूरा उजड़ कर दहशत में आ गया है और वहां हड़कंप मचा हुआ है' इसी दौरान इंटरनेशनल मोनीटरी फंड ने लगभग 2300 अरब डॉलर पाकिस्तान को धनराशि मुहैया कराई है अब देखना यह है कि पाकिस्तान उसे अपनी जनता को खाना खिलाएगा या पुरी की पूरी धनराशि युद्ध में झोंक देगा' अपुष्ट खबर यह है की सेना के जनरल असीम मुनीर और वहां के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ देश छोड़कर भागने की तैयारी में है और फौजियों का मनोबल गिर चुका है वहां के फाइटर पायलट भारत के विरुद्ध विमान उड़ाने से डर कर हाथ ऊपर खड़े कर चुके हैं। अब तो भारतीय फौज की कार्रवाई से यह तय हो गया है कि पाकिस्तान के 1971 की तर्ज में जब इंदिरा गांधी ने पूर्वी पाकिस्तान को बांग्लादेश का नाम देकर उसे स्वतंत्र राष्ट्र का दर्जा दिलवाया था अब भारत और भारत की सरकार और भारतीय सेना पाकिस्तान के चार टुकड़े करवाएगी तब जाकर पाकिस्तान की आत्मा को शांति मिलेगी अन्यथा वह आतंकवादियों का लगातार पालनहार बना रहेगा। न्यूज एजेंसियों के अनुसार बलूचिस्तान की लिबरेशन आर्मी ने पीओके के महत्वपूर्ण तीन चौथाई चौकिया पर अपना कब्जा जमा लिया है और वहां पर बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी और पाकिस्तानी फौजियों की जबरदस्त जंग जारी है। बलोची भी विद्रोह करने में आमादा हो गए हैं ऐसे में भारत सरकार को कुछ करने की आवश्यकता ही नहीं है बलूचिस्तान स्वयं अपनी लड़ाई लड़कर आजाद हो जाएगा। इसके अलावा पंजाब सिन्ध भी अलग होने की तैयारी में बैठे हुए हैं। इमरान खान के समर्थक उनको जेल से बाहर निकालने के लिए सड़कों पर रैलिया निकाल रहे हैं। पाकिस्तान के अंदरूनी हालात खुद बेहद खराब हो चुके हैं ऐसे में पाकिस्तान क्या खाक हिंदुस्तान की फौज का सामना कर सकेगा? अब उसकी बबार्दी तय है और उसके चार टुकड़े होने भी लगभग तय है। पाकिस्तान का नाम विश्व के नशे से हटने ही वाला है। स्वतंत्रता के बाद से ही पाकिस्तान भारत से बहुत पीछे और पीछे जाता चला गया।पाकिस्तान में जितनी भी सरकारें आई सब ने भारत का खुलकर विरोध किया और चीन के साथ मिलकर भारत के विरोध में आतंकी गतिविधियों को प्रश्रय देकर भुखमरी के गर्त में देश को डूबो दिया है, पाकिस्तान अपने सालाना बजट का अधिकांश पैसा सेना और आतंकवादी गतिविधियों में लगाकर अपनी अवाम को बेसहारा, भूखा छोड़ दिया , आने वाले 10 सालों में पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति सुधरने की कोई गुंजाइश नहीं दिखाई दे रही है। पाकिस्तान अब इंटरनेशनल मोनेटरी फंड और चीन के कर्ज में सर से लेकर पैर तक डूबा हुआ है। पिछले 5 सालों से पाकिस्तान की हालत बहुत खस्ता है। पाकिस्तान आवाम भुखमरी और कर्ज की बेतहाशा शिकार हो गई है। पाकिस्तानी नागरिकों को आटा, दाल,चीनी,बिजली और पेट्रोल पहले से लगभग चार गुना महंगी दरों में लेना पड़ रहा है। शरीफ सरकार दोबारा आने के बाद पूरी तरह विफल हो गई, प्रधानमंत्री शरीफ की चीन यात्रा पूरी तरह विफल रही है अब शरीफ सरकार ने भारत और भारत के प्रधानमंत्री का नाम लेने पर देशद्रोह की कार्रवाई का फरमान जारी कर दिया है। कई मीडिया एजेंसियों पर इस संदर्भ में भारत से संबंधित किसी भी जानकारी प्रसारित करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। केवल भारत के विरोध के मुद्दे को छोड़कर चीन ने पाकिस्तान का आर्थिक हालातो को सुधारने में कोई मदद करने का आश्वासन नहीं दिया है।पाकिस्तान अभी भी जम्मू कश्मीर में आतंकवादियों को आर्थिक मदद कर घटनाओं का अंजाम देने में लगा है। ऐसे में वैश्विक नशे में पाकिस्तान के मानचित्र का विनष्ट होना निश्चित माना जा रहा है। यह तथ्य सार्वजनिक है कि पाकिस्तान चीन का सबसे बड़ा शागिर्द देश है। अमेरिका ने इसी के फल स्वरुप पाकिस्तान को सबसे संदिग्ध एवं खतरनाक आतंकवादी देश घोषित कर दिया है। इस बात से तिलमिलाकर शहबाज शरीफ चीन की यात्रा पर जाने वाले हैं वहां वह आपसी संबंधों को फिर से सुधारने तथा देश चलाने के लिए आर्थिक मदद की गुहार लगाने जाएंगे। पाकिस्तान की हालत बहुत ज्यादा खराब एवं पतली है। पाकिस्तान की हुकूमत भले ही चाइना की जी हुजूरी करती आ रही है और उसके हां में हां मिलाती हो पर पाकिस्तानी जनता को न तो चीनी भक्ति पसंद है, ना चीन की कोई उपभोक्ता वस्तु ही पसंद है। पाकिस्तान की आवाम देश में चीन की मौजूदगी और उसकी कई परियोजनाओं से बेहद परेशान होकर आंदोलन के जरिए सड़क पर आ गई है।इसका जमकर विरोध किया जा रहा है। चीन द्वारा संचालित बेल्ट एंड रोड परियोजना पाकिस्तान की आवाम को फूटी आंख नहीं भा रही है। हाल ही में चीन ने पाकिस्तान के महत्वपूर्ण इलाके ग्वादर में एक परियोजना चला कर वहां जगह जगह पर चेकिंग चौकियां स्थापित कर दी है, जिससे पाकिस्तान की जनता को अनावश्यक चेकिंग की परेशानी को झेलना पड़ रहा है। पाकिस्तान में ग्वादर के इलाके में जहां पर चौकियां स्थापित की गई हैं पानी, बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं की भारी किल्लत हो गई और अवैध मछली पकड़ने से आजीविका पर खतरा आ गया है, जिस कारण आम जनता का जीना मुश्किल हो गया है, पाकिस्तानी अखबार जंग के अनुसार नागरिकों का प्रदर्शन अनावश्यक सुरक्षा चौकियों को हटाने, पीने के पानी और बिजली की उपलब्धता बढ़ाने मकरान तट पर मछली पकड़ने वाली नौकाओं को हटाने और पञ्जगुर से ग्वादर तक ईरान के साथ सीमा को फिर से खोलने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार क्षेत्र में रहने वाले स्थानीय लोगों की समस्याओं को गंभीरता से नहीं ले रही है वह इसमें टालमटोल कर रही है ऐसी चीजें ना काबिले बर्दाश्त है जिसे किसी भी हद तक सहन नहीं किया जाएगा। क्षेत्र के लोगों ने ग्वादर के लोगों की बुनियादी समस्याओं का हल नहीं निकलने के कारण सरकार की किरकिरी हो रही है। मूलतः चीन की बलूचिस्तान में उपस्थिति पाकिस्तान के आवाम की बड़ी बेइज्जती ही मानी जा रही है। गौरतलब है कि चीन की कई परियोजनाएं पाकिस्तान में वहां की जनता के विरोध के बावजूद चल रही है । बलूचिस्तान के कई क्षेत्रों में पाकिस्तान की जनता और इमरान सरकार के नुमाइंदों के बीच खुलकर विरोधाभास दिखाई देने लगा है। यह तो विदित है पाकिस्तान में शरीफ सरकार के खिलाफ वहां का पूरा मीडिया विपक्षी दल एकजुट होकर शरीफ सरकार को अपदस्थ कर चुनाव कराने या नए प्रधानमंत्री की तलाश कर रहा है,यह पूरी संभावना बन रही है कि आने वाले समय में सरकार को अपदस्थ कर चुनाव की घोषणा की जाएगी। कुल मिलाकर सरकार के खिलाफ आवाम, मीडिया, विपक्षी दलों की विरोधी कार्रवाइयों के चलते पाकिस्तान की स्थिति बहुत ज्यादा नाजुक एवं खराब है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पाकिस्तान अलग-थलग पड़ गया है, केवल चीन ही उसके साथ है। ऐसी स्थिति में पाकिस्तानी सरकार का चलना नामुमकिन दिखाई दे रहा है।

व्यंग्य

# सस्ते दिमाग की करतूतें

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**



आज का छात्र अपने बैग में पूरी दुनिया का वजन उठाता है–भूगोल, इतिहास, गणित, विज्ञान और मम्मी की टिफिन की उम्मीदें। पर जब पूछो कि बिना नकल के पास हो सकते हो? तो उत्तर आता है, बिना वायरलेस इंटरनेट के पबजी खेल सकते हो? स्कूल की घंटी बजी नहीं कि बच्चे ऐसे भागते हैं जैसे शिक्षा नहीं, आयकर विभाग पीछे पड़ा हो। पुराने जमाने में बच्चे स्कूल भागते थे, अब स्कूल बच्चों से भागता है। हमारे जमाने में मास्टर जी का डंडा चलता था, अब अभिभावकों का संदेश चलता है–विषयः कृपया मेरे बच्चे को मत मारिए, वह भावनात्मक रूप से कमजोर है। बस्ता भारी है, पर संस्कार हल्के हैं। पाठ्यक्रम में गांधी हैं, पर बच्चे गोडसे खोजते हैं। शिक्षिका जब संस्कृति पढ़ाती हैं, बच्चे खोज यंत्र पर संस्कृति कौन थी? टाइप करते हैं। और अगर वायरलेस इंटरनेट बंद हो जाए, तो शिक्षा ठप। अब तो परीक्षा से पहले संदेश समूह पर प्रश्नपत्र की समीक्षा होती है–भाई, अंग्रेजी में संज्ञा आया था क्या? उत्तर आता है, हाँ, संज्ञा आया था और मैं बाहर हो गया। ये शिक्षा नहीं, क्रिकेट प्रतियोगिता है। अंक नहीं, रन बनाने हैं। और परिणाम वाले दिन बच्चों की आँखों में आँसू नहीं, भाव-चित्र होते हैं। एक दिन गाँव के पप्पू ने पूछा, पापा, अंग्रेजी में बकरी को क्या कहते हैं? बाप बोला, ट्वेंटी-ट्वेंटी में विराट कोहली। शिक्षा का ऐसा बुरा हाल कि बोर्ड के परिणाम वाले दिन बच्चे नहीं, माता-पिता हृदय रोगी बन जाते हैं।

पहले परिणाम पर मिठाई बंटती थी, अब चलभाष बंद होता है। और अगर असफल हो गए, तो स्थिति संदेश आता है–जीवन एक यात्रा है, मंज़िल नहीं। मतलब फेल हुए तो दर्शनशास्त्र में अव्वल। शिक्षिका कक्षा में कहती हैं, बच्चो, एकाग्रता बढ़ाओ। बच्चा कहता है, मैडम, नए धारावाहिक का नया सत्र आया है, पहले वही देखूं तो एकाग्रता अपने आप आ जाएगी। अब माता-पिता घर में कहते हैं–बेटा, थोड़ा पढ़ ले, तो जवाब मिलता है–मम्मी, क्या तुम मेरे निजी क्षेत्र में हस्तक्षेप कर रही हो? यानी अब शिक्षा भी अंतरराष्ट्रीय शब्दों में चलती है। ज्ञान का गला लघु वीडियो मंच पर कटता है। और जो बच्चे अव्वल हैं, वो कोचिंग संस्थानों के प्रचार प्रतिनिधि हैं।

गाँव का भोला-सा रामू, जो कभी खड़ाऊ पहनकर स्कूल जाता था, अब शहर में कोचिंग के महंगे जूते पहनकर बिना दिशा के घूम रहा है। उसकी माँ कहती है, बेटा, अभियंता बन जा। रामू कहता है, माँ, मुझे वीडियो निमार्ता बनना है, अभियंता तो कृत्रिम बुद्धिमत्ता भी बन जाएगा। अब जमाना ऐसा हो गया है कि माँ-बाप भी खोजक कैलेंडर से बच्चों की पढ़ाई का समय तय करते हैं। और अगर बच्चा असफल हो जाए तो दोष आता है–हमने तो बचपन से ही अतिरिक्त कक्षा लगवाई थी, फिर भी ये क्या हो गया? बच्चे पहले खेत में मिट्टी से खेलते थे, अब स्मार्टफोन से पबजी खेलते हैं। आत्मा मर चुकी है, अवतार ऑनलाइन है। और जब मन डगमगाता है, तो बच्चे कहते हैं–आज मन उदास है, परेशान मत करना। माँ बाप को तो ये भी नहीं समझ आता कि मन उदास कौन सा बुखार है। एक जमाना था जब रिपोर्ट कार्ड पर लाल स्याही से अंक आते थे, अब लाल दिल वाला भाव-चित्र आता है। असफल होने का फैशन बन चुका है, और असफल होने वाला बच्चा फोटो मंच पर कहता है–महान लोगों को अंकों की जरूरत नहीं। और अब शिक्षा भी प्रचार-प्रसार का हिस्सा है–प्रवेश प्रारंभ! सौ प्रतिशत परिणाम की गारंटी! जैसे शिक्षा नहीं, बिजली का कनेक्शन हो। ये नया भारत है, जहाँ बच्चा पाठ्यक्रम नहीं पढ़ता, पाठ्यक्रम बच्चे को पढ़ता है। मास्टरजी कहते हैं, जो बच्चे पिछड़ रहे हैं, वो मेहनत करें। और बच्चे कहते हैं, हम पिछड़े नहीं, प्रणाली पुरानी हो गई है। पाठशाला में अब पाठ नहीं, केवल शाला बची है। और उस शाला में बच्चों का ध्यान सिर्फ टिफिन डिब्बे और चित्रमंची लघु वीडियो पर होता है। आखिर में एक दिन ऐसा आया जब गाँव के उस मास्टरजी ने स्कूल की घंटी खुद बंद कर दी। कहा–अब मैं नहीं पढ़ाऊंगा, क्योंकि बच्चे पढ़ते नहीं, रिकॉर्डिंग करते हैं। मास्टरजी रोते हुए बोले–मेरी तालीम में ज्ञान था, तुम्हारी में लघु वीडियो हैं। पूरा गाँव खामोश था, जैसे शिक्षा की चिता जल चुकी हो। और उस चिता की राख में लिखे थे शब्द–पढ़ाई की आखिरी कक्षा पूरी हो चुकी है। विदाई समारोह अब चित्रमंची सीधा प्रसारण पर होगा।

फिर क्या, पाठशाला के दरवाजे बंद हो गए, और आखिरी संवाद बस यही था–ए बाबू, मास्टरजी तो चले गए... अब ज्ञान कहां मिलेगा?

# ट्राई सायकल, किसान क्रेडिट और श्रमिक कार्ड मिलने से हितग्राहियों में खुशी

- आवेदनों के त्वरित निराकरण के लिए लाभार्थियों ने प्रदेश सरकार का जताया आभार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 10 मई।** सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत दिए गए योजनाओं का लाभ हेतु आवेदनों का तीसरे चरण के समाधान शिविर में आवेदनों का त्वरित मिल रहे लाभ का लाभार्थियों में हर्ष है। समाधान शिविर में राजस्व, खाद्य, कृषि और श्रम विभाग के हितग्राही को किसान किताब की द्वितीय प्रति, स्थानीय निवास प्रमाण पत्र, केसीसी कार्ड,नवीन राशन कार्ड, श्रमिक कार्ड का वितरण किया गया। इस दौरान लाभान्वित होने वाले हितग्राहियों ने शासन-प्रशासन के त्वरित समाधान कार्यवाही के लिए आभार जताया। सुशासन तिहार के तहत ग्राम डिमरापाल निवासी फुल सिंह ने बताया कि दिव्यांग होने की वजह से चलने में दिक्कत होती थी तो सुशासन तिहार में उसने ट्राई सायकल की मांग की थी समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों ने



मुझसे संपर्क किए और आज शिविर में सांसद महोदय के हाथों मुझे ट्राई सायकल मिला। मुझे बहुत खुशी है कि मेरे आवेदन पर विभाग ने तत्काल कार्यवाही कर सायकल दिया इसके लिए शासन - प्रशासन के सभी अधिकारियों का आभार।

ग्राम बड़े जिराखाल निवासी सूडनी और डोमनी ने सुशासन तिहार में नवीन राशन कार्ड के लिए आवेदन किए थे खाद्य विभाग द्वारा तत्काल आवश्यक दस्तावेजों का जांच कर हितग्राहियों नवीन राशन कार्ड बनाकर प्रदाय करने पर इन दोनों हितग्राहियों ने सरकार को धन्यवाद देते हुए कहा कि अब उन्हें उचित मूल्य दुकान से रियायती दर पर खाद्यान्न एवं अन्य जरूरी सामग्री प्राप्त हो सकेगी। समाधान शिविर में ग्रामीणों को किसान किताब सहित जाति-निवास प्रमाण पत्र, श्रमिक कार्ड बनाने के किए हितग्राहियों ने त्वरित पहल के लिए राज्य सरकार को धन्यवाद दिया। जिसमें स्थायी सामाजिक प्रास्थिति प्रमाण पत्र के लिए माध्यमिक शाला गुफडी की टिकेश्वरी ने भी आवेदन किया था उसका भी प्रमाण पत्र जारी किया गया। किसानों से पुराने जीर्णशीर्ण किसान किताब की द्वितीय प्रति के लिए खोर खोसा के लाभार्थी नेहरूराम ने बताया कि मैंने किसान किताब की द्वितीय प्रति के लिए तिहार में आवेदन किया था।

## एक नजर

### नक्सल प्रभावित अंदरूनी क्षेत्र भेज्जी में लगा समाधान शिविर



**सुकमा, 10 मई।** कोंटा विकासखंड के नक्सल प्रभावित अंदरूनी पंचायत भेज्जी में शुक्रवार को सुशासन तिहार के अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को राज्य महिला आयोग की सदस्य सुश्री दीपिका सोरी के द्वारा केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं से अवगत कराया गया। उन्होंने शासकीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं से हेलमेट लगाकर वाहन चलाने एवं ड्राइविंग लाइसेंस बनाने हेतु आग्रह किया। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए एसडीएम श्री शबाब ख़ान ने छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित सभी शासकीय योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में पीएम आवास के हितग्राहियों को आवास स्वीकृति प्रमाण पत्र, नवीन राशन कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, किसान किताब का वितरण किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य श्री सोयम भीमा, जनप्रतिनिधि श्री धनीराम बारसे, जनपद सीईओ श्री नारद मांझी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### नक्सलियों ने बस्तर को सिर्फ तबाही दी है अपनी सजा बतायें माओवादी

**सुकमा, 10 मई।** नक्सलियों ने बस्तर को सिर्फ तबाही दी है,शहीद जवानों,जनप्रतिनिधि एवं निर्दोष ग्रामीणों के बलिदान तेलंगाना और बड़े शहरों मे बैठे नक्सली समर्थकों एवं बुद्धिजीवियों को कभी नज़र नही आया। बस्तर मे जब नक्सलवाद ने दस्तक दिया,हजारों जवान,ग्रामीण जनप्रतिनिधि शहीद हुए। लगभग 1300 जवान शहीद हुए,लगभग 2 हज़ार से ज़्यादा घायल हुए,आम ग्रामीण और जनप्रतिनिधि लगभग 1800 से ज़्यादा शहीद हुए,लगभग 800,900 घायल हुए,नक्सलियों द्वारा लगभग 12,13 सौ से अधिक विस्फोट किया जिसमें कई निर्दोष ग्रामीण,वृद्ध,मासूम बच्चे महिलाये,मवेशी और हमारे जवान इसकी चपेट मे आये। नक्सलियों द्वारा लगभग 300 से ज़्यादा थाना,कैंप,चौकी पर हमला कर जान माल का नुक़सान किया। कई आम लोगों के लिए बनाये सड़क,पुल,पुलिया,अस्पताल भवनों ,स्कूल भवनों को बम उड़ा दिया। जिस जल जंगल जमीन की बात करने वाले आदिवासियों की जमीन छीनते हैं। नक्सली अगर करते हैं आत्मसमर्पण तो उनका स्वागत मगर नक्सलियों द्वारा शांति वार्ता को न स्वीकारे सरकार।

### सुशासन तिहार में हिमांशी के चेहरे पर छलकी खुशी

**राजनांदगांव 10 मई।** शासन की मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना श्रमिकों के लिए बहुत उपयोगी साबित हो रही है। इसकी एक बानगी दिखाई दी, राजनांदगांव विकासखंड के नगर पंचायत घुमका में आयोजित समाधान शिविर में। जहां ग्राम बरबसपुर की हिमांशी वर्मा को मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना के तहत 20 हजार रूपए की राशि प्राप्त होने पर उनके चेहरे पर खुशी छलक रही थी। उन्होंने बताया कि उनकी माता श्रीमती धनेश्वरी वर्मा मजदूरी का कार्य करती हैं। उनका श्रम विभाग में पंजीयन होने के कारण 20 हजार रूपए की राशि प्राप्त हो रही है। उन्होंने प्रसन्नता जाहिर करते हुए बताया कि प्राप्त राशि का उपयोग वे अपनी पढ़ाई के लिए करेंगी। वे अपनी आगे की पढ़ाई जारी रखना चाहती हैं और एलएलबी कर अधिवक्ता बनना चाहती हैं। उन्होंने सुशासन तिहार की प्रशंसा करते हुए कहा कि समाधान शिविर में जनसामान्य की समस्याओं का निराकरण हो रहा है। उन्होंने नोनी सशक्तिकरण योजना के तहत राशि प्राप्त होने पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त किया।

# दुबे उमरगांव और बकावंड के ग्राम बड़े जिराखाल में समाधान शिविर का आयोजन

- बस्तर सांसद महेश कश्यप और जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वेदवती कश्यप हुए शामिल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 10 मई।** सुशासन तिहार 2025 के तहत समाधान शिविर का आयोजन जिला बस्तर के विकासखंडों में किया जा रहा है। इसी तारतम्य में शुक्रवार को बस्तर जिले के विकासखंड बस्तर और बकावंड के ग्राम पंचायतों में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। बस्तर विकासखंड के दुबे उमरगांव में आयोजित समाधान शिविर में 12 पंचायत को सम्मिलित किया गया जिसमें तारागांव, मुंजला, फाफनी, देवड़ा, सोनारपाल, चपका, खोरखोसा, दुबेउमरगांव, गुफनी, बालेंगा, उसरी और टिकनपाल है। इस शिविर में 5219 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें 5215 आवेदनों का निराकरण किया गया है और 4 लंबित हैं। सर्वाधिक आवेदन



पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को मिला था। बकावंड विकासखंड के बड़े जिराखाल में आयोजित समाधान शिविर में बड़े जिराखाल, मोहलई, लावागांव, चारगांव,तारेका, गारेंगा, टेंपल कोमार, वनकोमार, मरेठा, छोटे जिराखाल, डीमरापाल, सतोषा, चिखलपदर, जैबेल, पोलेबेड़ा और फरसरा ग्राम पंचायत को शामिल किया गया था। इस शिविर में 2763 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें 2059 आवेदनों का निराकरण किया गया है और 37 लंबित हैं। सर्वाधिक आवेदन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को मिला था। बड़े जिराखाल में आयोजित समाधान शिविर में सांसद श्री महेश कश्यप ने कहा कि सरकार ने आमजनों की समस्या और मांगों के निराकरण के सुशासन तिहार का कार्यक्रम संचालित किया है। सभी जागरूक जनता ने आवेदनों के माध्यम से अपनी मांग रखी है जिसका विभागों द्वारा तत्काल आवश्यक कार्यवाही कर निराकरण किया गया और समाधान शिविर में जानकारी दी जा रही। इस क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं में फ्लोराइडयुक्त पानी की दिक्कत है, उसका समाधान करने के लिए प्रशासन को आवेदन दी गई है, संभव हो तो कोसरटेडा बांध से पानी की व्यवस्था करें। इस शिविर में पूर्व सांसद श्री दिनेश कश्यप, जनपद और जिला पंचायत सदस्य, अनुविभागीय अधिकारी(राज.)श्री ऋषिकेश तिवारी, जनपद सीईओ सहित जिला और विकासखंड अधिकारी उपस्थित थे।बस्तर विकासखंड के दुबे उमरगांव में आयोजित शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वेदवती कश्यप ने कहा कि सरकार की अच्छी पहल की आमजनों को जन कल्याणकारी योजनों से संबंधित समस्या या मांग के सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। सभी को इस शिविर का लाभ लेना चाहिए। इस अवसर पर जनपद और जिला पंचायत सदस्य, जनपद सीईओ सहित जिला और विकासखंड अधिकारी उपस्थित थे।

# डोंगरगढ़ की दीपिका वर्मा का छत्तीसगढ़ वूमेंस टीम में चयन

**डोंगरगढ़, 10 मई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर 15 वूमेंस क्रिकेट के चयन ट्रायल में धर्मनगरी डोंगरगढ़ शहर की दीपिका वर्मा का चयन किया गया है! दीपिका वर्मा डोंगरगढ़ क्रिकेट अकादमी में पिछले 03 वर्ष से प्रशिक्षण ले रही हैं और आठवीं कक्षा की छात्रा हैं ,



रायपुर से आए चयनकरता द्वारा उनकी ऑफ स्पिन बॉलिंग और फील्डिंग को देखते हुए उनका चयन छत्तीसगढ़ की 37 संभावितों खिलाड़ियों में किया गया है! अब इन 37 खिलाड़ियों का रायपुर में प्रशिक्षण लगाया जाएगा! दीपिका वर्मा डोंगरगढ़ की पहली वूमेनस क्रिकेटर हैं जिनका चयन छत्तीसगढ़ की संभावितों में हुआ है गौरवबल है कि राजनांदगांव जिले से दो खिलाड़ियों का चयन प्रदेश की टीम के लिए हुआ है उनमें से एक खिलाड़ी डोंगरगढ़ की है जो कि डोंगरगढ़ के लिए और डोंगरगढ़ क्रिकेट अकादमी के लिए बहुत ही गौरवनित पल है !डोंगरगढ़ क्रिकेट अकादमी से पिछले तीन-चार वर्षो में अंडर14,16,19 में खिलाड़ियों ने जिला एवं प्रदेश स्तर में अपना स्थान बनाया है और वहां अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं!

## सक्षम कोचिंग में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए प्रवेश परीक्षा 25 मई को

**सुकमा, 10 मई।** जिला प्रशासन सुकमा द्वारा संचालित स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति केन्द्र के अंतर्गत सक्षम कोचिंग में सत्र 2025-26 के लिए पीएससी, व्यापम एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस कोचिंग का उद्देश्य जिले के युवाओं को निशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन प्रदान कर शासकीय सेवाओं में सफलता के लिए तैयार करना है। सक्षम कोचिंग संस्था में प्रवेश परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों से पंजीयन फार्म 10 मई से 20 मई 2025 भरे जा सकते हैं। पंजीयन हेतु इच्छुक एवं योग्य विद्यार्थी संलग्न आवेदन पत्र को भरकर निर्धारित तिथि तक कार्यालय स्वामी विवेकानद युवा शक्ति केन्द्र (जिला ग्रथालय) पुराना कलेक्टर कार्यालय, कोंटा रोड सुकमा, 494111 में आफलाईन या स्पीड पोस्ट के माध्यम से जमा कर सकते हैं। प्रवेश परीक्षा 25 मई 2025 रविवार को प्रातः 11ः00 बजे से स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति केन्द्र (जिला ग्रंथालय), सुकमा में आयोजित की जाएगी। परीक्षा परिणाम 28 मई 2025 को घोषित किया जाएगा, जबकि कक्षाएं संभावित तिथि 02 जून 2025 (सोमवार) से प्रारंभ हो सकती है। सक्षम कोचिंग में प्रवेश हेतु विस्तृत जानकारी के लिए श्री वीरूपाक्ष पुराणिक, सहायक नोडल अधिकारी, दूरभाष क्रमांक 94252-60430 पर संपर्क कर सकते है।



## बेहद गर्म तापमान में भी प्रभावी ढंग से काम करेगी

**रायपुर, 10 मई।** एयर कंडीशनर निर्माण में 65 वर्षों से अधिक की विशेषज्ञता रखने वाली प्रमुख टेक्नोलॉजी कंपनी पैनासोनिक लाइफ सॉल्यूशंस इंडिया ने आज पूर्वी भारत में अपने वर्ष 2025 के एसी मॉडल्स की नई रेंज लॉन्च की। पूर्वी भारत में रायपुर कंपनी के लिए महत्वपूर्ण बाजार बना हुआ है। कंपनी की यह रेजिडेंशियल एयर कंडीशनर (आरएसी) श्रृंखला स्मार्ट लिविंग को नये अंदाज़ में परिभाषित करने के साथ-साथ चिलचिलाती गर्मी के दौरान 55 डिग्री सेल्सियस तक के तापमान का सामना करने की क्षमता रखती है। नई रेंज में 1.0, 1.5 और 2.0 टन के 61 मॉडल शामिल हैं, जो अब देशभर के प्रमुख रिटेल स्टोर्स, ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स और पैनासोनिक के ऑनलाइन ब्रांड स्टोर पर उपलब्ध हैं। इन एयर कंडीशनरों को कंपनी के आईओटी सक्षम मिराई प्लेटफॉर्म से नियंत्रित किया जा सकता है। इसमें स्लीप प्रोफाइल जैसी एक अनूठी सुविधा दी गई है।

# कलेक्टर-एसपी की अध्यक्षता में सर्व समाज की बैठक आयोजित

- समाज और प्रशासन के बीच समन्वय पर दिया गया जोर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कोण्डागांव, 10 मई।** कलेक्ट्रेट परिसर स्थित प्रथम तल के सभाकक्ष में शुक्रवार को कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना और पुलिस अधीक्षक श्री वाय. अक्षय कुमार की अध्यक्षता में सर्व समाज की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी समाज प्रमुखों ने भाग लिया और नवपदस्थ कलेक्टर से विभिन्न मुद्दों पर संवाद किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य समाज और प्रशासन के बीच समन्वय स्थापित कर जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी रूप से ज़मीनी स्तर तक



पहुँचाना था। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि यदि सभी समाज के लोग मिलकर कार्य करें, तो जिला निश्चित रूप से प्रगति करेगा। हम सबसे पहले भारतीय हैं, फिर किसी समाज के सदस्य। इसलिए यह हम सभी की जिम्मेदारी है कि हम एकजुट होकर देश के साथ खड़े रहें और उसकी सुरक्षा से लेकर विकास तक में सक्रिय योगदान दें। कलेक्टर ने समाज प्रमुखों से अपील की कि वे अपने नवयुवकों को सोशल मीडिया पर फैल रही भ्रामक जानकारियों से सचेत करें और स्वयं भी ऐसी जानकारियों के प्रसार से बचें। साथ ही उन्होंने रोड सेफ्टी को लेकर चिंता जताते हुए कहा कि जिले में हर रोज कहीं न कहीं दुर्घटना हो रही है जिससे बचने के लिए समाज के स्तर पर युवाओं को यातायात नियमों के पालन के लिए जागरूक किया जाना चाहिए। समाज प्रमुखों ने भी इस दिशा में सुझाव दिए और कहा कि जो व्यक्ति वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग करता है, बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाता है या नशे की हालत में गाड़ी चलाता है, उन पर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। इससे जिले में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकेगी। बैठक में रोजगार के मुद्दे पर भी चर्चा हुई। कलेक्टर ने समाज प्रमुखों से आग्रह किया कि वे युवाओं को उनकी रुचि के अनुसार स्वरोजगार से जोड़ने के लिए चिन्हित कर समूह बनाकर जिला प्रशासन तक पहुंचाए जिससे शासन की योजनाओं के माध्यम से युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जा सके।

# खुशी कर्मा ने जताया मुख्यमंत्री का आभार, मिला नवीन राशन कार्ड

- सुशासन तिहार बना जरूरतमंदों की उम्मीद
- अपनी समस्याओं के समाधान के लिए बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं वार्डवासी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 10 मई।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेशभर में चलाए जा रहे सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत लोगों की समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। इसी कड़ी में नगर पालिका परिषद सुकमा निवासी श्रीमती खुशी कर्मा को बड़ी राहत मिली है। सुशासन तिहार के अंतर्गत उन्होंने नवीन राशन कार्ड बनवाने के लिए आवेदन दिया था। नगरपालिका सुकमा के सीएमओ श्री पीआर कोर्राम ने उनके आवेदन पर त्वरित कार्यवाही करते हुए उन्हें तत्काल नवीन राशन कार्ड जारी किया। शुक्रवार को पटनम पारा में आयोजित समाधान शिविर में उन्हें नवीन राशन कार्ड प्रदान किया गया। सरकार की सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत अब उन्हें निःशुल्क



राशन सुविधा का लाभ मिलेगा। उन्होंने सुशासन तिहार के अंतर्गत समस्या का निराकरण होने पर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राशन कार्ड नहीं होने से राशन लेने में परेशानी होती थी। अब सरकार की मदद में मुझे मेरा हक मिल गया है। अब मुझे और मेरे परिवार को हर महीने निःशुल्क राशन मिलेगा। सुशासन तिहार हमारे लिए किसी त्यौहार से कम नहीं है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की पहल पर पूरे प्रदेश में 8 अप्रैल से 31 मई 2025 तक सुशासन तिहार मनाया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के पात्र व्यक्तियों तक सरकारी योजनाओं का त्वरित लाभ पहुँचाना, योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना और समस्याओं का समाधान करना है। जिले में भी सुशासन तिहार को लेकर जनसामान्य में व्यापक उत्साह देखने को मिल रहा है। कार्यक्रम के दौरान नगरपालिका सुकमा के अध्यक्ष श्री हूंगाराम मरकाम, नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर सुश्री निधि प्रधान, नपा उपाध्यक्ष श्रीमती भुवनेश्वरी यादव, सीएमओ श्री पीआर कोर्राम, पार्षद श्री विवेक यादव, श्री रंजीत बारठ, श्री शोभन गंदामी, श्री रमेश कर्मा, श्री राजेंद्र गुप्ता, श्रीमती उर्मिला मंडावी, श्री बुधराम मंडावी भी उपस्थित रहे।

## सुशासन तिहार अंतर्गत प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 15 और 16 मई को

**सुकमा, 10 मई।** सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन में जिले में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। इसी क्रम में कार्यालय जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र सुकमा में 15 मई एवं 16 मई 2025 को पूर्वान्ह 11ः00 बजे से अपरान्ह 03ः00 बजे तक सिक्योरिटी गार्ड के 600 पदों एवं ए.एस.ओ. 05 पदो, हाउसकीपिंग 100 पदों पर भर्ती हेतु दो दिवसीय प्लेसमेन्ट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। निजि क्षेत्र के नियोजक गार्डियन सिक्योरिटी फोर्स द्वारा हैदराबाद, मध्य प्रदेश, एवं ऑल इंडिया में कार्य करने हेतु सिक्योरिटी गार्ड, ए.एस.ओ., हाउसकीपिंग, की भर्ती की जायेगी। इस प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से निजि क्षेत्र में नियोजित होने के पात्र एवं इच्छुक पुरुष व महिला अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षणिक योग्यता, निवास, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड आदि। मूल दस्तावेज, छायाप्रति एवं पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ सहित उक्त दिवस को प्लेसमेंट कैम्प में उपस्थित होकर रोजगार के अवसर का लाभ प्राप्त कर सकते है। विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र सुकमा में संपर्क कर सकते है।

## 15 मई तक दावा-आपत्ति आमंत्रित

**सुकमा, 10 मई।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनांतर्गत प्रदेश के आदिवासी उपयोजना क्षेत्र तथा नक्सल प्रभावित क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9 वी (सत्र 2025-26) में प्रवेश हेतु प्राक्कयन परीक्षा आयोजित किया गया था। प्रयास बालक एवं कन्या आवासीय विद्यालयों के सत्र 2025-26 की कक्षा 9 वी में प्राक्कयन का मॉडल उत्तर विभागीय वेबसाईट https://eklavya.cg.nic.in/. पर प्रदर्शित किये गये है। दावा/आपत्ति प्राप्त करनें की अंतिम तिथि 15 मई 2025 रात्रि 12ः00 बजे तक दावा आपत्ति आवेदक अपने जिले के संबंधित सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर दावा आपत्ति के पक्ष में दस्तावेजों (प्रमाण) सहित जमा करना होगा। बिना प्रमाण के दावा आपत्ति को पूर्णतः अमान्य किया जायेगा। प्राप्त दावा आपत्ति के परीक्षण पश्चात् विशेषज्ञों द्वारा अंतिम निर्णय लिया जायेगा। दावा आपत्ति के संबंध में विषय विशेषज्ञों का निर्णय ही अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। डाक द्वारा दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किया जायेगा।

## ईसीसीई क्षेत्र में कार्यरत संस्थाओं से अभिरुचि प्रस्ताव 19 मई तक आमंत्रित

**सुकमा, 10 मई।** नीति आयोग के निर्देशानुसार, जिला प्रशासन सुकमा, महिला बाल विकास विभाग अंतर्गत चयनित 150 आंगनवाड़ी केंद्रों में 3 वर्ष से 6 वर्ष के बच्चों के प्रारंभिक जीवन कौशल विकास एवं बाल शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए संस्थाओं के बीच सहयोगी साझेदारी के लिए ईसीसीई क्षेत्र में कार्यरत संस्थाओं से अभिरुचि प्रस्ताव आमंत्रित की गई है। अभिरूचि प्रस्ताव 19 मई 205 समय 12.00 बजे तक कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग सुकमा में जमा किया जा सकता है। इसके पश्चात 19 मई 2025 अपरान्ह 03ः00 बजे जिला स्तरीय चयन समिति के द्वारा अभिरुचि प्रस्ताव की समीक्षा तया एक निर्धारित तिथि एवं समय पर संस्था द्वारा पावर पाइंटस प्रस्तुतीकरण और प्रदाय उपयोग की जाने वाली सामग्री के नमूनों का अवलोकन के आधार पर चयन किया जाएगा। विस्तृत जानकारी के लिए जिला महिला बाल विकास कार्यालय से संपर्क के सकते है।

## चिंगपाल में समाधान शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन हुआ



**सुकमा, 10 मई।** दरभा ब्लॉक के चिंगपाल गांव में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी सुशासन तिहार के अंतर्गत तीसरे चरण में समाधान शिविर का आयोजन चिंगपाल हाटपसरा के पास मैदान में किया गया। जिसमें आसपास के सात पंचायत के हितग्राहियों के साथ सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी भी उपस्थित रहे। सर्वप्रथम समाधान शिविर का उद्घाटन करते हुए बस्तर लोकसभा क्षेत्र के सांसद महेश कश्यप द्वारा मां दंतेश्वरी और छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना उपरांत अपने उद्बोधन में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा किए जा रहे सभी जन उपयोगी कार्यक्रमों की संक्षिप्त में जानकारी दी और ज्यादा से ज्यादा लोगों को शिक्षा के क्षेत्र में काम करने की आवश्यकता पर बल दिया जिससे कि बस्तर के बच्चों को बड़े पदों जैसे इंजीनियर और डॉक्टर पर पहुंचने की बात कही। इसके उपरांत सांसद द्वारा सभी विभाग के स्टालों का अवलोकन कर सभी आवश्यक जानकारी प्राप्त करते हुए जन कल्याणकारी योजनाओं के सही संचालन हेतु निर्देश दिए। इस अवसर पर जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव का भी आगमन हुआ उनके द्वारा भी सभी विभागों का स्टाल का निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी दी गई ।स्वास्थ्य विभाग का स्टाल का निरीक्षण करने उपरांत दरभा ब्लॉक में डॉक्टरों की कर्मचारियों और दवाइयां की उचित मात्रा में उपलब्धि की जानकारी लेकर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर संजय बसाक को आवश्यक निर्देश देते हुए किसी भी प्रकार की आवश्यकता होने पर मुझसे संपर्क करने की बात कही।

## डबल इंजन की सरकार में छत्तीसगढ़ बस्तर का हो रहा कायाकल्पः महेश

**जगदलपुर, 10 मई।** बस्तर को जोड़ने रावघाट - जगदलपुर ( 140 कि मी) नई रेल लाईन परियोजना को मिली स्वीकृति रेल मंत्रालय ने रावघाट - जगदलपुर नई रेल लाईन ( 140 कि मी) परियोजना को स्वीकृति प्रदान कर दी हैं। यह परियोजना पर 3513.11 करोड़ रु खर्च होगी जिसका वहन केंद्रीय सरकार करेगीं। केंद्र सरकार से मिली इस स्वीकृति हेतु बस्तर सांसद श्री महेश कश्यप ने प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी ,रेल मंत्री आदरणीय श्री अश्वनी वैष्णव सहित छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी का आभार व्यक्त किया है। सांसद श्री महेश कश्यप ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बस्तर वासियो के हित मे सदैव डबल इंजन की सरकार प्रतिबद्ध हैं। दिल्ली में बैठकर बस्तर वासियो के रेल के लिए प्रधानमंत्री जी चिंता कर रहे है। लगातार मेरी ओर से बस्तर के अनेको विकास कार्यो के लिए केंद्र व राज्य सरकार को जानकारी प्रदान की जा रही हैं। जिस ओर सरकार कार्य कर रही हैं। जिसका परिणाम है कि केंद्र सरकार ने नई रावघाट - जगदलपुर रेल लाईन परियोजना की स्वीकृति प्रदान की हैं।



## प्रमाणिक दस्तावेज के रूप में जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र मान्य

**सुकमा, 10 मई।** वर्तमान समय में शासकीय कार्यालयों में प्रमाणिक दस्तावेज के रूप में जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र को मान्यता दिया जाता है। इसके लिए आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के द्वारा प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आम जनता केवल घर में हुई घटना के लिए 21 दिनों के अंदर वेबसाइट https://crsorgi.gov.in/ में रिपोर्ट प्रस्तुत कर सकते हैं। यह आईडी एकल जन्म-मृत्यु की घटना के लिए काम करेगा और यदि जुड़वां या एकाधिक मामला हो तो प्रत्येक के लिए अलग अलग आवेदन करना पड़ेगा। रिपोर्ट फॉर्म की सम्पूर्ण जानकारी वांछित दस्तावेज के साथ संलग्न करना होगा।

# भोज कुमारी एवं कुमारी गुप्ता को मिली घर की चाबी, कहा-अपना घर का सपना हुआ पूरा

**रायगढ़, 10 मई।** सुशासन तिहार अंतर्गत जिले के विभिन्न स्थानों में समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज पुसौर के कोड़ातराई, तमनार के चितवाही, खरसिया के सरवानी एवं धरमजयगढ़ के मुनुन्द समाधान शिविर का आयोजन किया गया।

खरसिया के सरवानी में आयोजित शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा बुजुर्ग श्री रामलाल साहू, श्रीमती भगतीन बाई, श्री श्यामा लाल, श्री संतराम डनसेना, श्री अभय राम केसरवानी एवं श्रीमती शकुंतला केसरवानी को वय वंदना कार्ड प्रदान किया गया। कार्ड के बनने से उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि उम्र के इस पड़ाव में अब आसानी से इलाज की सुविधा मिल पाएगी। इसी प्रकार राजेश्वर कंवर, फागू लाल, राम कुमार गबेल, हरिचंद, कुशराम केवट दौलत राम गबेल एवं विकास को खाद्य विभाग द्वारा मौके पर प्राथमिकता राशन कार्ड प्रदान किया गया। हितग्राहियों ने कहा कि अब राशन प्राप्त करने में सहूलियत होगी। वहीं कृषक कीर्तन को किसान-किताब, खोज राम को फौती अद्यतन पश्चात एवं लक्ष्मी नारायण को अभिलेख सुधार पश्चात बी-1 प्रदान किया गया। साथ ही धनश्याम सिदार, संजय, देवी प्रसाद एवं गांधी को अनुदान पर हैंड स्प्रेयर प्रदान किया गया। कृषकों ने कहा कि किसान किताब एवं हैंड स्प्रेयर मिलने से अब खेती-किसानी आसान होगी। इस दौरान महिला बाल विकास विभाग द्वारा अन्न प्रासन्न एवं गोद भराई करवाया गया। इसी तरह पुसौर के कोड़ातराई में आयोजित शिविर में लोहर सिंह निवासी श्रीमती भोज




कुमारी एवं श्रीमती कुमारी गुप्ता को पीएम आवास की प्रतीकात्मक चाबी प्रदान की गई। हितग्राहियों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि शासन की योजना से उनका घर का सपना पूरा हुआ है। इसी तरह लोहरसिंह निवासी श्री मनोहर को मत्स्य विभाग द्वारा जाल, बेलपाली निवासी श्रीमती कविता चौहान, झारमुड़ा निवासी रागनी एवं सोमवती को खाद्य विभाग द्वारा नया राशन कार्ड, कोड़ातराई निवासी बोधई, सूरज चौहान को आयुष्मान कार्ड प्रदान किया गया। आयोजित शिविर में लगभग 250 मांग एवं शिकायतों के आवेदन भी प्राप्त किए गए। आयोजित समाधान शिविरों में विभागीय अधिकारियों ने सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति एवं विभागीय योजनाओं की भी जानकारी प्रदान की।

आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों को जाति प्रमाण पत्रों का वितरण, बी-1, किसान किताब, हैंड स्प्रेयर, वय वंदन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, सिकल सेल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, पेंशन, जॉब कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड जैसे विभिन्न योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।

### स्वास्थ्य कैम्प से लाभान्वित हुए मरीज लोगों ने किया ब्लड डोनेट

सरवानी में आयोजित समाधान शिविर में स्वास्थ्य कैम्प का भी आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने अपना बीपी, शुगर, सिकल जैसे विभिन्न प्रकार के स्वास्थ्य जांच करवाएं। शिविर में 6 आयुष्मान, 6 वय वंदन कार्ड बनाया गया। मौके पर विजेंद्र चौहान, नियमेश कुमार पटेल, संजय चौहान, विनय कुमार, भूपेंद्र पटेल एवं प्रकाश गुप्ता ने स्वयं से रक्त दान किया। जिन्हें प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### चितवाही एवं मुनुन्द में आयोजित समाधान शिविर में लोग हुए लाभान्वित

जिले के विकासखंड तमनार के चितवाही एवं धरमजयगढ़ के मुनुन्द में भी जनसामान्य की सुविधा के लिए समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। हितग्राहियों ने समाधान शिविर की सराहना करते हुए कहा कि शिविर के माध्यम से मांग एवं शिकायत के आवेदनों को लेने के साथ ही त्वरित निराकरण का प्रयास किया जा रहा है। इसके साथ ही जिला स्तरीय विभागों के सभी स्टॉल लगने से विभागीय योजनाओं की जानकारी आसानी से मिल रही है। इस अवसर जनपद अध्यक्ष श्री जागेश्वर, उपाध्यक्ष गायत्री बेहरा, डीडीसी श्री बंशीधर चौधरी, सत्यानंद राठिया, बीडीसी गीता पैकरा, देवसिंह राठिया सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### 13 मई को इन स्थानों पर लगेंगे समाधान शिविर

सुशासन तिहार के तीसरे चरण में 13 मई को जिले के 05 स्थानों में प्रातः 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक शिविर का आयोजन होगा। इसमें घरघोड़ा के माता मंदिर सामुदायिक भवन, धरमजयगढ़ के गणेश मंच रायगढ़ रोड, किरोड़ीमल नगर के कार्यालय भवन, पुसौर के संवरा पारा सामुदायिक भवन एवं खरसिया के पंडित दीनदयाल सामुदायिक भवन शामिल है।

## समाधान शिविर में मूलभूत समस्याओं का हुआ त्वरित समाधान



**बीजापुर, 10 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के परिकल्पना को साकार करने जिला प्रशासन द्वारा समाधान शिविर में सर्वाधिक प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा है। अपनी समस्याओं को निराकृत होते देख जनमानस में हर्षोल्लास व्याप्त है।

भोपालपटनम ब्लॉक के भद्रकाली पंचायत में आयोजित समाधान शिविर में मूलभूत समस्याओं का निराकरण करते हुए 44 लाख से अधिक के विकास कार्यो की सौगात ग्रामीणों को मिली जिससे ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद ज्ञापित कर कहा कि अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी सुशासन का सूर्योदय हो चुका है। स्वीकृत निर्माण कार्यो में 14.20 लाख के प्राथमिक शाला भद्रकाली में बनेगा। वहीं रेगुड़ा में 4.70 लाख के 1.5 मीटर स्पॉन पुलिया, कोण्डामौसम में 4.70 लाख के 1.5 मीटर स्पॉन पुलिया, मंदिर से संगम स्थल तक 11 लाख की लागत से 3मीटर स्पॉन पुलिया एवं कन्या आश्रम भद्रकाली में 4.70 लाख की लागत से 1.5 मीटर स्पॉन पुलिया की प्रशासकीय स्वीकृति की घोषणा समाधान शिविर के माध्यम से की गई।शिविर के माध्यम से पंचायत, राजस्व, पशुधन, मत्स्य, खाद्य, स्वास्थ्य, आयुष, कृषि, शिक्षा, जल संसाधन, उद्यान सहित विभिन्न विभागों को प्राप्त अधिकांश आवेदनों का निराकरण त्वरित किया गया। वहीं लाभान्वित हितग्राहियों में एक हितग्राही को मत्स्य विभाग द्वारा जाल वितरण किया गया। इसी तरह तीन हितग्राहियों को नवीन राशन कार्ड, 3 हितग्राहियों को पेंशन प्रमाण पत्र, 5 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रथम किस्त की राशि दी गई।प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही कुरसम पेंटक्का, कुरशम शांता, पोचक्का अरगेल, कुरसम सुनीता एवं जगबंधु जंगम ने नए आवास की स्वीकृति मिलने पर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद दिया एवं सुशासन तिहार के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया।मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती जानकी कोरसा, ने उपस्थित जनसमुदाय को शासन के योजनाओं से लाभान्वित होने के लिए प्रेरित किया। वहीं अधिकारियों द्वारा दी जा रही योजनाओं की जानकारी को भलिभांति समझने और गांव में अपने परिजनो को भी लाभान्वित होने के लिए प्रेरित करने को कहा।कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने समाधान शिविर के सभी स्थलों का बारी-बारी से अवलोकन करते हुए आवेदनों के निराकरण की स्थिति से अवगत होकर संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**एक नजर**

### ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन 13 मई को

**रायगढ़, 10 मई।** रायगढ़ स्टेडियम बोईरदादर रायगढ़ में 30 दिवसीय जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन 13 मई 2025 को किया जाएगा, जो आगामी 11 जून 2025 तक चलेगा। खेल प्रशिक्षण शिविर दो पालियों में सुबह 6 बजे से 8 बजे एवं सायं 4.30 से 6.30 बजे तक आयोजित होगा। जिसमें बॉस्केट बाल, फुटबाल, हैण्डबाल, ताइक्वांडो, तीरंदाजी, योगासन, टेबल टेनिस, लॉन टेनिस, बॉक्सिंग, बैडमिंटन एवं क्रिकेट खेल का प्रशिक्षण, जूनियर और सब जूनियर वर्ग के खिलाडियों को दिया जाएगा।

प्रशिक्षण शिविर में नवोदित खिलाड़ी विभिन्न खेल विधाओं की बारीकियों से अवगत होंगे। जो उनके खेल में रूचि एवं खेल कौशल के विकास में सहायक होगी और खिलाडियों में खेल के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। जिला स्तरीय ग्रीष्म कालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने हेतु इच्छुक खिलाड़ी कार्यालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग अथवा संबंधित खेल प्रशिक्षक से पंजीयन प्रपत्र प्राप्त कर आवश्यक जानकारी सहित पंजीयन फार्म संबंधित खेल के प्रशिक्षक/कोच के पास अनिवार्य रूप से जमा करना सुनिश्चित करेंगे। ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ी संबंधित खेल की सामग्री, पानी बॉटल, ग्लूकोज इत्यादि अपने साथ लेकर प्रशिक्षण शिविर में उपस्थित हो सकते है।

### छात्रावास-आश्रम के विद्यार्थियों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु 25 मई तक मंगाए गए आवेदन

**रायगढ़, 10 मई।** जिले में संचालित छात्रावास/ आश्रमों में वर्ष 2025-26 हेतु प्रवेशित अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों के लिए स्वस्थ तन-स्वस्थ मन (स्वास्थ्य सुरक्षा) योजना 2007 अंतर्गत रायगढ़ जिले के निजी प्रेक्टिशनरों जिनकी योग्यता एम.बी.बी.एस., बी.ए.एम.एस.एवं बी.एच.एम.एस.डिग्रीधारी चिकित्सकों से एक या एक से अधिक संस्थाओं (छात्रावास/आश्रम)के लिए 25 मई 2025 तक आवेदन मंगाए गए है।सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार निजी प्रेक्टिशनर चिकित्सकों को जिले में स्वीकृत 50 सीटर छात्रावास/ आश्रमों में प्रवेशित छात्र-छात्राओं के चिकित्सकीय परीक्षण हेतु 750 रुपये प्रति भ्रमण एवं 100 सीटर छात्रावास/आश्रमों में छात्र-छात्राओं के चिकित्सकीय परीक्षण हेतु 1200 प्रतिभ्रमण मानदेय भुगतान दिया जाएगा। निजी चिकित्सक माह में कम से कम दो बार छात्रावास/ आश्रम के छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण करेंगे। निजी चिकित्सक प्रत्येक छात्रावास/ आश्रम के विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण उपरांत एक स्वास्थ्य पंजी में विवरण दर्ज करेंगे।

# तहसील कार्यालय के औचक निरीक्षण में पहुंचे कलेक्टर

**रायगढ़, 10 मई।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी सुबह तहसील कार्यालय के औचक निरीक्षण में पहुंचे। यहां उन्होंने पूरे कार्यालय परिसर का भ्रमण कर अलग-अलग शाखाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने तहसीलदार न्यायालय के साथ ही नायब तहसीलदारों के न्यायालयों, डब्लूबीएन शाखा, नकल शाखा, नाजिर सेक्शन का निरीक्षण किया। यहां अपना काम लेकर पहुंचे पक्षकारों से भी उन्होंने चर्चा की।

कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने तहसीलदार शिव कुमार डनसेना से उनके न्यायालय में दर्ज केसेज और ऑनलाइन पोर्टल में केसेस की एंट्री के बारे में जानकारी ली। तहसीलदार ने बताया कि केसेस दर्ज होने के बाद तुरंत उसकी ऑनलाइन एंट्री की जाती है। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने पक्षकारों के मोबाइल नंबर भी अनिवार्य रूप से दर्ज करने के निर्देश दिए। जिससे उन्हें पेशी की तारीखों के बारे में जानकारी मिल सके। उन्होंने तहसीलदार को निर्देश देते हुए कहा



कि न्यायालय के निर्धारित तारीखों में सुनवाई के लिए अवश्य उपस्थित रहें। प्रकरणों में पेशी के लिए एक हफ्ते की तारीख दें, अनावश्यक रूप से लंबी तारीखें न दें। जिससे प्रकरण का निराकरण जल्द हो। उन्होंने कहा कि यह जिला मुख्यालय का तहसील कार्यालय है। यहां आने वाले लोगों के लिए समुचित बुनियादी सुविधाएं हो। कार्यालय परिसर में पार्किंग व्यवस्था को और बेहतर करने के निर्देश उन्होंने तहसीलदार को दिए।

### जिला पंजीयन कार्यालय का भी किया औचक निरीक्षण, लोगों से लिया फीडबैक

कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने जिला पंजीयन कार्यालय का भी औचक निरीक्षण किया। यहां उन्होंने कार्यालय का रिकॉर्ड रूम देखा और जिला पंजीयक से काम-काज के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान रजिस्ट्री के लिए पहुंचे लोगों से उनके अनुभव के संबंध में फीडबैक लिया। लोगों ने कहा कि सुविधाएं पहले से सरल हो रही हैं। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने जिला पंजीयन कार्यालय के आधुनिकीकरण कार्य के संबंध में जानकारी ली। जिला पंजीयक श्री दीपक मंडावी ने बताया कि पंजीयन कार्यालय को पासपोर्ट ऑफिस के तर्ज पर विकसित किया जाना है। जिससे यहां आने वाले लोगों को यहां एक अच्छा एक्सपीरियंस हो। इसके लिए यहां जनोपयोगी सुविधाओं के साथ इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर किया जाएगा। प्रदेश के 10 ऑफिस इस तरह अपग्रेड होंगे। जिसमें रायगढ़ भी शामिल है। इसके साथ ही हाल ही में की गई रजिस्ट्री में 10 नई पहल के बारे में भी लोगों को जागरूक किया जा रहा है। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने निर्माण एजेंसी को गुणवत्ता के साथ काम जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

## राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉक्टर वर्णिका शर्मा का एक दिवसीय भ्रमण




**बीजापुर, 10 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉक्टर वर्णिका शर्मा जी द्वारा बीजापुर जिले में बाल अधिकारों के संबंध में जानकारी देने तथा बाल संरक्षण तंत्र के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यो के सम्बंध में विभागीय बैठक हेतु एक दिवसीय भ्रमण किया गया। इस दौरान बाल संरक्षण तंत्र के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर बाल संरक्षण तंत्र इकाई ,विशेष किशोर पुलिस इकाई, श्रम विभाग, शिक्षा विभाग के विभागीय अमलो के साथ बैठक कर बच्चों के सर्वोत्तम हित को लेकर चर्चा किया गया इस दौरान जिले में व्यापक रूप से बाल श्रम की रोकथाम हेतु अभियान चलाने एवं उसे पर तत्परता दिखाने के निर्देश दिए गए प्रत्येक माह अभियान चलाया जाना है ताकि छत्तीसगढ़ को बाल श्रम मुक्त की ओर ले जाया जा सके अभियान में श्रम विभाग महिला बाल विकास विभाग पुलिस विभाग संयुक्त रूप से टीम बनाकर कार्य करें ताकि बाल श्रम की रोकथाम किया जा सके बाल श्रम रोकथाम के लिए श्रम विभाग को कलेक्ट्रेट में एकल खिड़की व्यवस्था लागू करने की सुझाव दिया गया, ताकि बाल श्रमिक के परिवारों को तत्काल रोजगार से जोड़ने का प्रयास किया जा सके।डॉक्टर वर्णिका शर्मा द्वारा यह अवगत कराया गया कि छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य को बाल विवाह मुक्त राज्य बनाने के लिए संकल्प लिया गया है इसके लिए हम सभी को मिलकर समन्वित प्रयास किया जाना है जिले पर विशेष ध्यान दिया जाना है और अधिक से अधिक जागरूकता प्रशिक्षण क्षमता वृद्धि कार्यक्रम का आयोजन करके किशोर किशोरियों को स्कूल, पोटाकेबिन, आश्रम के माध्यम से जागरूक किया जाना है की बाल विवाह जैसी स्थिति कही पर भी न हो। स्कूल आश्रम हॉस्टल में बच्चों के लिए जो सुविधाएं मुहैया किया जाना है वह उच्च स्तर का हो इसके लिए आप सभी को विशेष निगरानी व पर्यवेक्षण किया जाना है। जिले में संचालित बाल देखरेख संस्था बालिका गृह के निरीक्षण किया वँहा पर बच्चों के द्वारा किये स्वागत व उनकी मनमोहक प्रस्तुति से प्रसन्नता व्यक्त कर बच्चों को पढ़ाई के महत्व की जानकारी देते हुवे अच्छे से पढ़ाई करने की समझाइश भी दिया गया, बाल गृह के सुविधाओं की भी जानकारी लिया गया , तेंदू हॉल में बाल संरक्षण तंत्र के प्रभावी क्रियान्वयन व बाल विवाह मुक्त जिला बनाने हेतु सामाजिक संगोष्ठी में शामिल होकर महिलाओं को बाल संरक्षण तंत्र की जानकारी से अवगत कराया गया साथ ही बाल विवाह मुक्त जिला बनाने के लिए सभी को शपथ दिलाया गया और हस्ताक्षर अभियान के तहत हस्ताक्षर किया गया कि किसी भी स्थिति में बाल विवाह वह बच्चों के साथ होने वाले दुर्व्यवहार के प्रति सजग रहेंगे इस दौरान, अनुविभागीय अधिकारी श्री जागेश्वर कौशल, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती प्रीति खोखर चकियार, महिला व बाल विकास अधिकारी श्री कांता मसराम, बाल संरक्षण अधिकारी श्री गणेश्वर झाड़ी, श्री नवीन मिश्रा, सुश्री आनंदमई, श्रीमती शीला भारद्वाज,श्रीमती सूची शुक्ला व समस्त विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पीएम नटवर स्कूल के छात्रों ने बोर्ड परीक्षा में किया शानदार प्रदर्शन





**रायगढ़, 10 मई।** पीएम श्री नटवर अंग्रेजी माध्यम स्कूल के कक्षा 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित वार्षिक परीक्षा-2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। अंग्रेजी एवं हिन्दी दोनों माध्यमों में छात्रों का परिणाम उल्लेखनीय रहा। कक्षा 10वीं (अंग्रेज़ी माध्यम) विद्यालय में कुल 91 विद्यार्थी शामिल हुए, जिनमें से 86 ने सफलता प्राप्त की। उत्तीर्ण प्रतिशत 94.50 प्रतिशत रहा। प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण छात्रों की संख्या 55 रही। जिसमें से 13 विद्यार्थियों ने 80 से 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, जबकि 8 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। कक्षा 10वीं की छात्रा कुसुम डनसेना ने 97.33 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया और जिला स्तरीय मेरिट सूची में पांचवां स्थान प्राप्त किया। वह केवल 2 अंकों से राज्य स्तरीय मेरिट सूची के टॉप 10 में स्थान बनाने से चूक गई। इसी कक्षा 10वीं (हिंदी माध्यम) में कुल 76 छात्र परीक्षा में शामिल हुए, जिनमें से 58 छात्र सफल घोषित हुए। उत्तीर्ण प्रतिशत 76.32 प्रतिशत रहा। प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण विद्यार्थियों की संख्या 34 रही। जिसमें 05 छात्रों ने 80 प्रतिशत से 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

कक्षा 12वीं (अंग्रेज़ी माध्यम) में कुल 128 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें से 109 उत्तीर्ण हुए। उत्तीर्ण प्रतिशत 85.16 प्रतिशत रहा। जिसमें प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण विद्यार्थियों की संख्या 74 रही। 16 छात्रों ने 80 प्रतिशत से 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए जबकि 2 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। कॉमर्स संकाय की छात्रा पायल ने 94.6 प्रतिशत अंकों के साथ जिला स्तरीय टॉप-10 सूची में सातवां स्थान प्राप्त किया, जो विद्यालय के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। कक्षा 12वीं (हिंदी माध्यम) में 139 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जिनमें से 115 सफल हुए। कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 82.73 प्रतिशत रहा। जिसमें से 82 छात्रों ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की। 10 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से 90 प्रतिशत के बीच अंक प्राप्त किए। विद्यालय की प्राचार्य रूबी सज्जू वर्गीस, शाला के समस्त शिक्षकों और शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों ने छात्रों की उपलब्धियों पर हर्ष व्यक्त करते हुए सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुये जीवन में और ऊंचा मुकाम हासिल करने को कहा। उन्होंने उक्त सफलता विद्यार्थियों की कठिन मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम बताया।

### सुशासन तिहार-2025 के अंतर्गत दिव्यांग अभिमन्यु पटेल को मिली ट्रायसाइकिल



**महासमुंद,10 मई।** राज्य शासन द्वारा संचालित सुशासन तिहार-2025 के अंतर्गत समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुँचाने की प्रतिबद्धता को साकार करते हुए समाज कल्याण विभाग महासमुंद द्वारा सराहनीय कार्य किया गया है।ग्राम पंचायत मोखापुटका, विकासखण्ड सरायपाली निवासी श्री अभिमन्यु पटेल, जो कि 60 प्रतिशत अस्थिबाधित दिव्यांग हैं, ने ट्रायसाइकिल हेतु समाज कल्याण विभाग महासमुंद में आवेदन प्रस्तुत किया था। उनके आवेदन पर कार्रवाई करते हुए ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती लोचन भावना पटेल, उपसरपंच श्री शिवनारायण पटेल एवं अन्य ग्रामीण जिला कार्यालय समाज कल्याण में उपस्थित हुए। उन्होंने बताया कि श्री पटेल निराश्रित हैं तथा उनके माता-पिता का देहांत हो चुका है। उनके दैनिक जीवन में भारी कठिनाई एवं आवागमन में असुविधा हो रही थी।इस मानवीय परिस्थिति को गंभीरता से लेते हुए समाज कल्याण विभाग की उप संचालक श्रीमती संगीता सिंह द्वारा त्वरित निर्णय लेते हुए अभिमन्यु पटेल को ट्रायसाइकिल प्रदान की गई। ट्रायसाइकिल प्राप्त होने पर श्री अभिमन्यु पटेल ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग का आभार प्रकट किया।

## मात्र 999 रूपए में करें कम्प्यूटर कोर्स

**बीजापुर, 10 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला प्रशासन बीजापुर के द्वारा जिले के स्कूल विद्यार्थी एवं कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए कम्प्यूटर कोर्स का बेसिक क्लासेस दिए जाने हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया है। जिसमें Office, Word, E&cel, Power Point & Internet का प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण 1 माह का होगा जिसका शुल्क मात्र 999 रूपए निर्धारित कि गई है। इच्छुक युवा-युवती 10 मई 2025 से 25 मई 2025 तक केन्द्रीय पुस्तकालय बीजापुर (Central Library Bijapur) में संपर्क कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नम्बर 6264442626, 7987404463 एवं 7746859563 में संपर्क कर सकते हैं।

# क्षेत्र का अधिक से अधिक दौरा कर आमजनों की समस्याओं को दूर करने का प्रयास आगे भी जारी रहे: मुख्यमंत्री

**महासमुंद 10 मई ।** सुशासन तिहार के तीसरे चरण में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का जिलों के गांवों का आकस्मिक निरीक्षण और समाधान शिविरों का दौर जारी है जहाँ आवेदनों के निराकरण की स्थिति से अवगत होकर वे समीक्षा बैठक भी ले रहे हैं। आज इसी कड़ी में मुख्यमंत्री श्री साय ने महासमुंद जिला मुख्यालय में महासमुंद, गरियाबंद और बलौदा बाज़ार के कलेक्टर-एसपी, डीएफओ सहित अन्य अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने जिले में सुशासन तिहार अंतर्गत प्राप्त आवेदनों और उन के निराकरण की स्थिति की जानकारी लेने के साथ ही शासन की फ्लैगशिप योजनाओं की इन जिलों में क्रियान्वयन की समीक्षा की। आमजनों को मिलने वाली बुनियादी सुविधायें जैसे सड़क , बिजली, पानी की व्यवस्था और स्थिति की समीक्षा बैठक में हुई। मुख्यमंत्री श्री साय ने ज़ोर दिया कि ज़िलों में आमजनों के हित को सर्वोपरि रख कलेक्टर-एसपी नियमित भ्रमण कर उनकी समस्याओं,माँग, शिकायतों को दूर करें ।

जिला पंचायत सभाकक्ष में आहूत संयुक्त समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने सुशासन तिहार की बधाई देते हुए अधिकारियों से कहा कि जिस समर्पण और परिश्रम के साथ आप सभी ने इस



महाअभियान को सफल बनाने में योगदान दिया है प्रशंसनीय है। सुशासन तिहार का उद्देश्य जनता की समस्याओं का समाधान के साथ जनसंवाद को मजबूत करना है। हमारे संवेदनशील प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी हमेशा जनता के दुख दर्द को कम करने उन तक पहुंचने कहते हैं। अतः अपनी पूरी ऊर्जा, प्रतिबद्धता और विनम्रता के साथ लोगों से मिलें और अपने दायित्व का निर्वहन करें। इसलिए हमें स्वयं जनता के बीच जाना होगा। वे स्वयं औचक निरीक्षण कर जिलों के अधिकारियों की कार्यप्रणाली की लगातार समीक्षा कर रही हैं समीक्षा बैठकों में यह स्पष्ट हुआ है कि जो अधिकारी क्षेत्र में सक्रिय रहे, उन्हें जनसमस्याओं की गहरी समझ रही। एक सक्रिय और सफल अधिकारी वही होता है जो पहल करता है, संवाद करता है और समाधान तक पहुँचता है।मुख्यमंत्री श्री साय ने गर्मी के मौसम को देखते हुए जहाँ पेयजल की समस्या है उनका निराकरण प्राथमिकता से करने पर ज़ोर दिया। गर्मी में बिजली का लोड बढ़ने को लेकर अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि इसके लिए पहले से तैयारी करें और जिन क्षेत्रों में यह समस्या आ रही उनका चिन्हांकन कर आवश्यक कार्यवाही करें। मुख्यमंत्री ने राजस्व मामलों की समीक्षा करते हुए संभागायुक्त को जिलों में विशेष शिविर लगाकर प्रकरण निपटाने पर ज़ोर दिया। बैठक में तीनों ज़िले के कलेक्टरों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि मार्च 2026 तक तीन साल से अधिक लंबित सभी राजस्व प्रकरणों का निपटारा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।बैठक में मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना शासन की महती योजना है। लोगों को पक्का आवास देने की इस योजना के क्रियान्वयन में कोई कोताही ना बरती जाये। राज्य में ज़मीन रजिस्ट्री को लेकर की गई दस नई क्रांतिकारी पहल का बैठक में ज़िक्र किया ताकि हितग्राहियों के बीच व्यापक प्रचार प्रसार ज़िलों में हो और उन्हें इस महती योजना का लाभ मिले। मुख्यमंत्री ने सड़क इंफ्रास्ट्रक्चर की समीक्षा के दौरान निर्माण कार्यों में जो भी दिक्कत आ रही उन्हें जल्द से जल्द दूर करने के निर्देश दि । बैठक में मुख्यमंत्री जनदर्शन, संस्थागत प्रसव, सिकल सेल स्क्रीनिंग टेस्ट, जल जीवन मिशन में स्वीकृत और प्रगतिरत कार्य , लोक सेवा केंद्रों के प्रकरणों के निपटारे, खाद बीज भंडारण, वितरण, फसल चक्र परिवर्तन के लिए किए जा रहे प्रयास, गर्मी और आगामी मानसून के मद्देनजर मौसमी बीमारियों से बचाव के प्रयोजन की ज़िलावार समीक्षा की गई। विभिन्न पेंशन प्रकरणों, आश्रम छात्रावासों में स्वीकृत सीट, रिक्त पद आदि की समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री श्री साय ने ऐसे जिलों को जहाँ 10 एवं 12 वी बोर्ड के नतीजे संतोषजनक नहीं आए हैं वहाँ ज़्यादा बेहतर नतीजे लाने पर ध्यान देने कहा। संयुक्त समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने विशेष बल देते हुए कहा कि एक महीने बाद मानसून आ जाएगा अतः अभी अधोसंरचना से जुड़े काम जैसे स्कूलों के जीर्णोद्धार, सड़कों की मरम्मत के कार्यों को तेज गति से गुणवत्तापूर्ण करना प्राथमिकता होनी चाहिए। आज की बैठक में तीनों जिलों में लोगों की सड़क हादसों से सुरक्षा संबंधी उपाय, कारण आदि की समीक्षा करते हुए लोगों में जागरूकता लाने पर ज़ोर दिया गया। बैठक के अंत में अपराधों से जुड़े मामलों की समीक्षा की गई।

बैठक में सांसद महासमुंद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी, प्रभारी मंत्री श्री दयाल दास बघेल, विधायक महासमुंद श्री योगेश्वर राजू सिन्हा, राजिम विधायक श्री रोहित साहू, मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव कलेक्टर, तीनों जिलों के पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा विभिन्न विभागों के जिलाधिकारी उपस्थित थे।

### पीएटी/पीव्हीपीटी प्रवेश परीक्षा 15 मई को

**रायगढ़, 10 मई।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा 15 मई 2025 को पी.ए.टी./पी.व्ही.पी.टी.प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने परीक्षा के सफल संचालन हेतु डिप्टी कलेक्टर श्री समीर बड़ा, मोबा.नं.97103-26488 को नोडल अधिकारी एवं व्याख्याता शास.हाईस्कूल मिड़मिड़ा, रायगढ़ श्री बाबूलाल पटेल, मोबा.नं.97552-15616 को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

## नेत्र सहायक अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक

**रायगढ़, 10 मई।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अनिल कुमार जगत के मार्गदर्शन एवं सुश्री रंजना पैंकरा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक के कार्य संचालन में आज स्थानीय कार्यालय के आरोग्य सभा कक्ष में नेत्र सहायक अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला नोडल अधिकारी (अंधत्व) डॉ. मीना पटेल द्वारा की गयी। जिसमें उन्होंने तय समय में सर्वे कार्य पूर्ण कर लक्ष्यवार चिन्हाकित मरीजों की सूची डी.बी.सी.एस. जिला कार्यालय में जमा करने को कहा। उन्होंने गत वर्ष के लक्ष्य अनुरूप 97 प्रतिशत कार्य पूर्ण करने पर जिले के समस्त नेत्र सहायक अधिकारियों की सराहना करते हुए इसी गति में कार्य करते हुए शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति हेतु निर्देशित किया। बैठक में जिले के समस्त नेत्र सहायक अधिकारी एवं विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

एक नजर

## खटियापाटी में महुआ शराब की अवैध बिक्री करने वाला कोचिया गिरफ्तार




**बलौदाबाजार, 10 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में आज दिनांक 08.05.2025 को थाना सिटी कोतवाली की पुलिस टीम द्वारा ग्राम खटियापाटी में घेराबंदी कर अवैध महुआ शराब बिक्री करने वाले 01 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से ?2000 कीमत मूल्य का 10 लीटर हांथ भट्टी महुआ शराब एवं बिक्री रकम ?200 जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपी का नाम राजकुमार भारद्वाज उम्र 38 साल निवासी ग्राम खटियापाटी थाना सिटी कोतवाली है।

## पीएटी एवं पीव्हीपीटी परीक्षा 15 मई को 11 सौ से अधिक परीक्षार्थी होंगे शामिल

**बलौदाबाजार, 10 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** व्यवसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा 15 मई 2025 को पीएटी एवं पीव्हीपीटी परीक्षा 2025 का आयोजन केवल प्रथम पाली में किया जा रहा है। परीक्षा आयोजन हेतु जिले में 3 केंद्र बनाए गये हैं, जिसमें 1164 परीक्षार्थी शामिल होंगे। बताया गया कि प्रथम पाली की परीक्षा प्रातः 9 बजे से अपरान्ह 12.15 बजे तक आयोजित होगी जिसमें दाऊ कल्याणसिंह शासकीय स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय बलौदाबाजार में 480 परीक्षार्थी, शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय बलौदाबाजार में 374 परीक्षार्थी एवं पण्डित चक्रपाणि शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल बलौदाबाजार में 310 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

### तिल्दा-नेवरा में अयोजित हुआ सुशासन तिहार का समाधान शिविर

# ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करने के लिए उपस्थित रहे सभी विभाग के अधिकारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**तिल्दा-नेवरा, 10 मई।** वन मंत्री केदार कश्यप के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग द्वारा सुशासन तिहार के अंतर्गत एक अद्भुत पहल की जा रही है। वन विभाग की टीम निःशुल्क पौधा वितरण किया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय छ.ग.शासन के द्वारा सुशासन की स्थापना को लेकर तीन चरणों में 'सुशासन तिहार-2025 संचालित किये जाने का निर्णय लिया गया हैं, जिसके तहत प्रथम चरण, द्वितीय चरण की समयावधी पूर्ण हो चुका हैं। तृतीय चरण समाधान शिविर दिनांक 09.05.2025 को समय सुबह 09.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक बद्रीनारायण उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नेवरा में आयोजित किया गया उक्त शिविर में सभी विभाग से संबंधित प्रथम चरण में प्राप्त मांग एवं शिकायत पर किये गये कार्यवाही के साथ उपस्थित रहे थे लोगो की समस्या को सुनकर त्वरित निराकरण कर रहे थे महीला बाल विकास विभाग द्वारा महिलाओं की गोद भराई और छोटे बच्चो को अन्नप्राशन संस्कार कराया गया वही वन विभाग द्वारा एक पेड़ मां की नाम पर पेड़ लगाया गया और लोगो को वितरण भी किया गया आबकारी विभाग से उपस्थित अधिकारियों को लोगो ने कोचिया गिरी पर कार्यवाही व शराब दुकानों के कर्मियों द्वारा कोचियालोगो को भारी मात्रा में को शराब सप्लाई करते हैं उन्हें बंद कराने की मांग की गई कुल 16 आवेदन आबकरी विभाव में आया जिसमे कुछ ग्राम पंचायत में कार्यवाही भी की गई जोता फाटक और टंडवा में कार्यवाही आबकारी विभाग द्वार की गई वही कुछ घरों में प्रतातलाशी ली गई बिजली विभाग में पोल सिफ्टिंग, नए कनेक्शन नामांतरण की आवदेन दिया गया वही बिजली विभाग की कर्मचारी ने खुद ओल्ड पेंशन की मांग के लिए आवेदन किया आयुर्वेदिक विभाग द्वारा स्वास्थ लाभ निक खान पान की जानकारी दी गई पीडब्ल्यूडी विभाग में डिवाइडर मांग की आया आवदेन वही सड़क चौड़ीकरण की मांग की गई

वही उद्यानिकी विभाग में मशरूम 5की ट्रेनिंग व बंदर से सब्जियों की बचाव का आवेदन किया गया। पूरे तिल्दा ब्लॉक में सुशाहन तिहार अंतर्गत कुल तिल्दा विकासखंड में 846 आवेदन आए जिसमे 766 मांग की आवदेन रही और 80 आवेदन शिकायत की रही नगरीय प्रशासन से 421 आवेदन राजस्व विभाग में कुल 310 आवेदन आए हैं।

उक्त शिविर मे भाजपा जिला महामंत्री अनिल अग्रवाल, राम पंजवानी, चंद्रकला खुमान वर्मा ईश्वर यद रानी सौरभ जैन नरेंद्र शर्मा सुरेश लखवानी अपर कलेक्टर कीर्तिमान राठौर, उमाशंकर बांधी और एसडीएम आशुतोष देवांगन, तहसीलदार ज्योती मसियारे नायब तहसीलदार विपिन पटेल सहित सभी विभाग अधिकारी और कर्मचारीगण उपस्थित रहे

समाचार संक्षेप

# मुख्यमंत्री ने कमार बस्ती में बांस शिल्प को सराहा

**बलौदाबाजार, 10 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रदेशव्यापी सुशासन तिहार के तहत मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के कसडोल विकासखंड स्थित विशेष पिछड़ी जनजाति क्षेत्र बलदाकछार पहुंचे। यहां उन्होंने बरगद के नीचे चौपाल लगाकर ग्रामीणों से आत्मीय संवाद किया और योजनाओं के क्रियान्वयन की जमीनी हकीकत जानी। चौपाल के उपरांत वे सीधे कमार बस्ती पहुंचे, जहां बांस शिल्प से जीविका चला रहे परिवारों से भी मुलाकात की।



- परिवार में शादी के लिए स्वयं खरीदे पर्रा, धुकना और सुपा
- स्थानीय शिल्प और परंपराओं के प्रति संवेदनशीलता का उदाहरण बने मुख्यमंत्री साय

मुख्यमंत्री साय ने बस्ती में कुलेश्वरी कमार के परिवार को बांस से परंपरागत घरेलू उपयोग की सामग्री–पर्रा, धुकना, सुपा–बनाते देखा। उन्होंने न केवल उनके कार्य में गहरी रुचि दिखाई, बल्कि प्रत्येक वस्तु की जानकारी एवं कीमत भी खुद पूछी। मुख्यमंत्री की यह संवेदनशीलता वहां मौजूद सभी ग्रामीणों को आत्मीयता का अनुभव करा गई। मुख्यमंत्री साय को बांस से बनी सामग्रियाँ इतनी पसंद आई कि उन्होंने अपने परिवार में होने वाली शादी के लिए तुरंत दो पर्रा, दो धुकना और एक सुपा खरीद लिया। कुल 600 रुपए की राशि बनती थी, लेकिन मुख्यमंत्री ने कुलेश्वरी को 700 रुपए देकर न केवल उनकी मेहनत का सम्मान किया, बल्कि उनके आत्मविश्वास को भी नई ऊर्जा दी। मुख्यमंत्री साय का यह सहज और संवेदनशील व्यवहार जनप्रतिनिधि के रूप में उनके धरातल से जुड़ाव को दर्शाता है।

# जपं अध्यक्ष ने ली सामान्य सभा की बैठक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**तिल्दा-नेवरा, 10 मई।** आज जनपद पंचायत, तिल्दा में आयोजित प्रथम सामान्य प्रशासन का बैठक में जनपद अध्यक्ष टिकेश्वर मनहरे सहित जनपद सदस्य शामिल हुए। बैठक में राष्ट्रीय परिवार सहायता, मुख्यमंत्री पेंशन एवं वृद्धा पेंशन के आवेदनों का अनुमोदन कर अन्य आवश्यक कार्यों का अनुमोदन किया गया।

जनप्रतिनिधियों के साथ विविध योजनाओं, जल जीवन मिशन, घरेलू विद्युत कनेक्शन एवं अन्य विकासात्मक कार्यक्रमों की प्रगति का विश्लेषण किया। इस दौरान सभागार में जनप्रतिनिधियों व सदस्यों द्वारा क्षेत्रीय ग्रामों में विद्यमान जल, विद्युत, शिक्षा, सड़क, चिकित्सा एवं अन्य विभागीय समस्याओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। जनसमस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए त्वरित समाधान करने के आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## निःशुल्क संगीत प्रशिक्षण के लिए पंजीयन 13 मई से

**बलौदाबाजार, 10 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला प्रशासन के सहयोग से बलौदाबाजार नगर अंतर्गत संचालित निःशुल्क संगीत प्रशिक्षण हेतु 13 मई 2025 से पंजीयन शुरू होगा। संगीत कला जैसे तबला वादक, गायन संगीत, शास्त्रीय संगीत, गिटार पेड, हारमोनियम आदि जैसे विधाओ में रूचि रखने वाले छात्र- छात्राओं का पंजीयन एम.डी.व्ही स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बलौदाबाजार में करवा सकते है। समस्त शासकीय, अशासकीय शालाओं के संगीत कला क्षेत्र में रूचि रखने वाले छात्र-छात्रों को 13 जुलाई 2025 से निःशुल्क संगीत प्रशिक्षण दी जायेगी।

## सीएम विष्णु देव साय ने चौपाल में दो युवाओं को पहनाया हेलमेट, कहा- जान है कीमती, हेलमेट जरूर लगाएं

**बलौदाबाजार, 10 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सुशासन तिहार के दौरान शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन के औचक निरीक्षण हेतु बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के बलदाकछार पहुँचे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गाँव के दो युवाओं को अपने हाथों से हेलमेट पहनाकर सड़क सुरक्षा का संदेश दिया। उन्होंने बरगद के नीचे लगी चौपाल में बलदाकछार के 24 वर्षीय धनंजय पटेल और 28 वर्षीय हेमलता चंद्राकर को हेलमेट पहनाया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने शिविर में उपस्थित सभी लोगों से अपील की कि वे दोपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप



से हेलमेट पहनें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति की जान अनमोल है। सड़क पर वाहन चलाते समय दुर्घटना की स्थिति में हेलमेट सिर में गंभीर चोटों से बचाता है। उन्होंने कहा कि हेलमेट लगाना न केवल यातायात नियमों का पालन है, बल्कि स्वयं की सुरक्षा के लिए भी अत्यंत आवश्यक है।

# कांग्रेस सरकार की शिक्षा नीति का उज्वल परिणाम : इन्द्र साव

### आत्मानंद स्कूल का छात्र बना प्रदेश का गौरव, विधायक ने दी बधाई, सहायता का आश्वासन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 10 मई।** भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत संचालित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, सिमगा के कक्षा दसवीं के मेधावी छात्र लिव्यांश देवांगन ने 99त्न अंक प्राप्त कर प्रदेश में द्वितीय स्थान हासिल किया है। इस उल्लेखनीय सफलता से न केवल उनके माता-पिता और गुरुजन गौरवान्वित हुए हैं, बल्कि पूरे भाटापारा विधानसभा क्षेत्र का नाम भी रोशन हुआ है।

इस अवसर पर भाटापारा विधायक इन्द्र साव स्वयं लिव्यांश के निज निवास पहुँचे और उन्हें बुके, मिठाई व कलम भेंट कर शुभकामनाएँ दीं। साव ने लिव्यांश को उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक बधाई दी और कहा कि ÷लिव्यांश ने प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त कर हमारे क्षेत्र और पूरे प्रदेश को गौरव का अवसर प्रदान किया है। यह सफ्लता उनके माता-पिता और शिक्षकों की मेहनत का परिणाम है।÷

विधायक साव ने स्वामी आत्मानंद स्कूल के समस्त शिक्षकों का भी आभार व्यक्त किया, जिन्होंने छात्र की प्रतिभा को सही दिशा दी। उन्होंने आगे की पढ़ाई में हरसंभव सहायता देने का आश्वासन भी लिव्यांश को दिया।

श्री साव ने कहा कि ÷स्वामी आत्मानंद स्कूल हमारी कांग्रेस सरकार की एक क्रांतिकारी पहल रही है, जो गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवारों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने का माध्यम बनी है। लिव्यांश की सफ्लता इस योजना की सार्थकता का प्रतीक है।÷

इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया, पूर्व पार्षद दशरथ चंद्राकर, सत्यजीत शेंडे, जीत नारायण साव, अमरनाथ साहू सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## पीडीएस दुकान संचालन के लिए आवेदन 15 मई तक आमंत्रित

**बलौदाबाजार, 10 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बलौदाबाजार अमित गुप्ता द्वारा छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 के कंडिका 9(4) के प्रावधानो के तहत ग्राम पंचायत परसाभदेर (ख), ढनढनी, पहंदा, कोकड़ी, रिसदा एवं पनगांव में नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन हेतु आवेदन 15 मई 2025 तक आमंत्रित किया गया है। शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन हेतु इच्छुक संस्थाओं ग्राम पंचायत, महिला स्व सहायता समूह, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति, अन्य समितियॉ एवं वन सुरक्षा समिति अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बलौदाबाजार में 15 मई 2025 तक कार्य दिवस में कार्यालयीन समय में निर्धारित प्रारूप में दस्तावेज आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त आवेदन अथवा अपूर्ण आवेदन एवं दस्तावेज रहित आवेदन पत्रों पर विचार नही किया जाएगा।


**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल प्रक्षेत्र, जगदलपुर**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छ.ग. गृह निर्माण मंडल प्रक्षेत्र जगदलपुर द्वारा दीनदयाल आवास योजनार्तगत हॉटकचोरा में स्थित निर्मित भवनों में **LIG FLAT- 09/179** जो कि **श्री प्रतुल दुबे पिता श्री दीलिप कुमार दुबे** को मण्डल द्वारा आबंटित है। उक्त भवन को **श्री प्रतुल दुबे पिता श्री दीलिप कुमार दुबे** के द्वारा **श्री रमेश गुप्ता पिता स्व. श्री शिवदास गुप्ता** को विक्रय करने हेतु विक्रय अनुबंध की छायाप्रति जमा किया गया है।

इस संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति, शासकीय/अर्धशासकीय संस्था को इस संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अंदर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। निर्धारित दिनांक पश्चात् आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल,**
**प्रक्षेत्र-जगदलपुर**

**आम सूचना**

(ग्राम नेवरा स्थित नजूल भूमि ख.न. 187/2-3 का भाग, शीट नं. 5, प्लाट नं. 15009 रकबा 1908 वर्गफुट के सम्बन्ध में)

सर्व साधारण को एतद द्वारा विदित हो कि उपरोक्त वर्णित नजूल संपति ग्राम नेवरा तहसील तिल्दा जिला रायपुर छ.ग. स्थित ख.न. 187/2-3 का भाग, शीट नं. 5, प्लाट नं. 15009 रकबा 1908 वर्गफुट जो मेरे पक्षकार के आधिपत्य की संपति है, जो कि मूल रूप से उनके चाचा स्व. सुदामामल के नाम से स्थायी पट्टे पर आबंटित की गयी थी। जिसे वर्तमान में नजूल अभिलेख में दर्ज उनके वारिसान रुपेश छतानी, अनिल छतानी, रेखा उर्फ ज्योति आहूजा एवं उर्मिला कुकरेजा द्वारा पंजीकृत दस्तावेज के माध्यम से मेरे पक्षकार को अंतरण किया जाना है। शीघ्र ही इस सम्बन्ध में विधिवत रूप से पंजीकृत दस्तावेज का निष्पादन उक्त वारिसों द्वारा मेरे पक्षकार के पक्ष में किया जावेगा।

अतः उक्त नजूल भूमि पर या इसके अंतरण पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक निकाय, शासन, प्रशासन को किसी भी प्रकार की कोई भी उजर या आपति हो तो ऐसी समस्त आपतियां लिखित में दस्तावेजी साक्ष्य सहित इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर मेरे समक्ष प्रस्तुत करे, निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति शून्य एवं नाजायज मानी जाकर मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी।

**रायपुर**
**दिनांक- 08-05-2025**

**भवदीय**
**मुकेश वीरानी (अधिवक्ता)**
**60, रिद्धि-सिद्धि रेसीडेंसी,**
**अवन्ती विहार, रायपुर**

**कार्यालय ग्राम पंचायत हथबंद, जनपद पंचायत सिमगा जिला - बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

Email id- grampanchayathathband@gmail.com
श्रीमती ढालेश्वरी अनंत, (सरपंच) मो.न. 9399553445
श्री कमल किशोर साहू, (सचिव) मो.न. 8982634500

क्र./ /पंचा./बाजार नीलामी/2025 — हथबंद, दिनांक 02.05.2025

**// ईश्तहार//**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि ग्राम पंचायत हथबंद सीमांतर्गत स्थित लगने वाले आम बाजार (बाजार भरने का दिवस सोमवार एवं शुक्रवार) को वित्तीय वर्ष 2025-26 (16 मई 2025 से 31 मार्च 2026 तक की अवधि) हेतु ठेके पर दिये जाने बाबत् सार्वजनिक नीलामी दिनांक 15.05.2025 दिन गुरूवार समय अपरान्ह 01:00 बजे, से स्थान कार्यालय ग्राम पंचायत हथबंद में सम्पन्न की जायेगी। जिनका विवरण निम्नानुसार हैः-
(ग्राम पंचायत बैठक दिनांक 01.05.2025 में पारित प्रस्ताव के अनुपालन में )

| ठेका का विवरण | बाजार भरने का दिन | अमानत राशि | निर्धारित अपसेट प्राईस |
|---|---|---|---|
| बाजार ठेका | सोमवार-शुक्रवार | 200000.00 | 450000.00 |

**टीपः**- बाजार नीलामी की नियम एवं शर्तें कार्यालय में कार्यालयीन कार्य दिवस व समयावधि में अवलोकन की जा सकती है।

**कमल किशोर साहू** सचिव, ग्राम पंचायत हथबंद, जनपद पंचायत सिमगा
**श्रीमति ढालेश्वरी अनंत** सरपंच, ग्राम पंचायत हथबंद, जनपद पंचायत सिमगा

**कार्यालय नगरपालिका परिषद खरसिया, जिला - रायगढ़ (छ.ग.)**

palikakharsia@gmail.com — Tel Phone No.07762-272277

क्रमांक/379/न.पा.प./रा./2025-26 — खरसिया, दिनांक 08/05/2025

**//दुकान खुली नीलामी सूचना//**

नगरपालिका परिषद खरसिया अधिनस्त डॉ. भीमराव अम्बेडकर व्यवसायिक काम्प्लेक्स की कुल दुकान 37 एवं 03 हॉल, को कब्जे के हक के तहत देने हेतु खुली नीलानी का आयोजन **दिनांक 21/05/2025 समय प्रातः 11 बजे कार्यालय नगर पालिका परिषद खरसिया** में आयोजित किया गया है।

अतः खुली नीलामी में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अवसर का लाभ उठावें। नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति/फर्म दिनांक 28/05/2025 तक अमानत राशि नगद/डी.डी. जमा करना सुनिश्चित करेंगे। दुकान नीलामी से संबंधित अन्य समस्त जानकारी एवं नियम शर्तें नगरपालिका परिषद खरसिया कार्यालय के सूचना पटल अथवा राजस्व विभाग में उपस्थित होकर अवलोकन किया जा सकता है।

**डॉ. भीमराव अम्बेडकर व्यवसायिक काम्पलेक्स**
**भूतल पर निर्मित दुकान की संख्या**

| क्र. | दुकान क्र. | लंबाई (मी.) | चौड़ाई (मी.) | दुकान का क्षेत्रफल (वर्ग मी.) | दुकान की सरकारी बोली | दुकान का अमानत राशि | आरक्षण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | GB1 | 4.50 | 3.50 | 15.75 | 967113 | 97000.00 | अनु.ज. जाति |
| 3 | GC3 | 3.75 | 3.50 | 13.13 | 805928 | 81000.00 | अनु. जाति |
| 4 | GC5 | 3.75 | 3.50 | 13.13 | 805928 | 81000.00 | अनु. जाति |
| | | | | **प्रथम-तल पर निर्मित दुकानों की संख्या** | | | |
| 1 | FA1 | 7 00 | 3 80 | 20.60 | 1236900.00 | 124000.00 | सामान्य म. |
| 2 | FA2 | 7 00 | 3,80 | 26.60 | 1236900.00 | 124000.00 | सामान्य म. |
| 3 | FA3 | 4.50 | 3.50 | 15.75 | 732375.00 | 74000.00 | अनु. जाति |
| 4 | FA4 | 4.50 | 3.50 | 15 75 | 732375.00 | 74000.00 | अनारक्षित |
| 5 | FA7 | 4 50 | 3.50 | 15.75 | 732375.00 | 74000.00 | अनारक्षित |
| 6 | FA8 | 4.50 | 3.50 | 15.75 | 732375.00 | 74000.00 | अनारक्षित |
| 7 | FA15 | 4.50 | 3.50 | 15.75 | 732375.00 | 74000.00 | अनु. जाति |
| 8 | FB1 | 4.50 | 3.50 | 15.75 | 732375.00 | 74000.00 | अनारक्षित |
| 9 | FB2 | 4.50 | 3.50 | 15.75 | 732375.00 | 74000.00 | शि.बेरोजगार |
| 10 | FB3 | 4.50 | 3.50 | 15.75 | 732375.00 | 74000.00 | अनारक्षित |
| 11 | FB4 | 4.50 | 3.50 | 15.75 | 732375.00 | 74000.00 | सामान्य म. |
| 12 | FB5 | 4.50 | 3.50 | 15.75 | 732375.00 | 74000.00 | शि.बेरोजगार |
| 13 | FB6 | 4.50 | 3.50 | 15.75 | 732375.00 | 74000.00 | अनारक्षित |
| 14 | FB7 | 4.50 | 3.50 | 15.75 | 732375.00 | 74000.00 | अनारक्षित |
| 15 | FB8 | 4.50 | 3.50 | 15.75 | 732375.00 | 74000.00 | अ.पि.वर्ग |
| 16 | FB9 | 4.50 | 3.50 | 15.75 | 732375.00 | 74000.00 | सामान्य म. |
| 17 | FB10 | 4.50 | 3.50 | 15.75 | 732375.00 | 74000.00 | अ.पि.वर्ग |
| 18 | FB11 | 4.50 | 3.50 | 15.75 | 732375.00 | 74000.00 | सामान्य म. |
| 19 | FB12 | 4.50 | 3.50 | 15.75 | 732375.00 | 74000.00 | अ.पि.वर्ग |
| 20 | FC1 | 3.80 | 3.50 | 13.30 | 618450.00 | 62000.00 | अनु.ज. जाति |
| 21 | FC2 | 3.80 | 3.50 | 13.30 | 618450.00 | 62000.00 | अ.पि.वर्ग |
| 22 | FC3 | 3.80 | 3.50 | 13.30 | 618450.00 | 62000.00 | शि.बेरोजगार |
| 23 | FC4 | 3.80 | 3.50 | 13.30 | 618450.00 | 62000.00 | अनु. जाति |
| 24 | FC5 | 3.80 | 3.50 | 13.30 | 618450.00 | 62000.00 | अनारक्षित |
| 25 | FC6 | 3.80 | 3.50 | 13.30 | 618450.00 | 62000.00 | सामान्य म. |
| | | | | **द्वितीय तल पर निर्मित दुकानों/हॉलों की संख्या** | | | |
| 1 | SA1 | 4.60 | 3.50 | 16.10 | 491485.00 | 50000.00 | शि.बेरोजगार |
| 2 | SA2 | 4.60 | 3.50 | 16.10 | 491485.00 | 50000.00 | अ.पि.वर्ग |
| 3 | SA3 | 4.60 | 3.50 | 16.10 | 491485.00 | 50000.00 | अ.पि.वर्ग |
| 4 | SB1 | 4.60 | 3.50 | 16.10 | 491485.00 | 50000.00 | अनु. जाति |
| 5 | SB2 | 4.60 | 3.50 | 16.10 | 491485.00 | 50000.00 | विधवा/परित्यकता |
| 6 | SB3 | 4.60 | 3.50 | 16.10 | 491485.00 | 50000.00 | अनु. जाति |
| 7 | SC1 | 3.75 | 3.50 | 13.13 | 400667.00 | 41000.00 | अनारक्षित |
| 8 | SC2 | 3.75 | 3.50 | 13.13 | 400667.00 | 41000.00 | अ.पि.वर्ग |
| 9 | SC3 | 3.75 | 3.50 | 13.13 | 400667.00 | 41000.00 | तृतीय लिंग |
| 10 | HALL1 | 19.45 | 8.50 | 165.33 | 5046876.00 | 505000.00 | अनारक्षित |
| 11 | HALL2 | 15.00 | 9.30 | 139.50 | 4258517.00 | 426000.00 | अनारक्षित |
| 12 | HALL3 | 9.35 | 7.35 | 68.72 | 2097892.00 | 210000.00 | अनारक्षित |

नोटः- दुकान की वार्षिक किराया ऑफसेट मूल्य का 2 प्रतिशत होगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद खरसिया**
**जिला-रायगढ़ (छ.ग.)**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) चारामा, जिला- उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र./202505142400004/ अ-2/2024-25
साकिन :- बारगरी प.ह.न.10

**उद्घोषणा**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि आवेदक चन्द्रजीत यदु पिता कौशल किशोर, जाति ठेठवार, निवासी ग्राम पंजाबी कालोनी दयालबंद बिलासपुर, तहसील बिलासपुर, जिला बिलासपुर के द्वारा ग्राम बारगरी, तहसील चारामा स्थित उनके भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 46/6, 47 कुल रकबा 0.97 हे. को अरवा राई मिल हेतु औद्योगिक प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन कराने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में प्रक्रियाधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपना दावा या आपत्ति नियत सुनवाई दिनांक 20/05/2025 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा या आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जावेगी।

अतः आज दिनांक 06/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया जाता है।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) चारामा,**
मुहर **जिला-उत्तर बस्तर कांकेर**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) चारामा, जिला- उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र./ 202505142400003/ अ-2/2024-25
साकिनः बारगरी प.ह.न.10

**उद्घोषणा**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि आवेदक कौशल किशोर यदु पिता मदनलाल, जाति ठेठवार, निवासी ग्राम पंजाबी कालोनी दयालबंद बिलासपुर, तहसील बिलासपुर, जिला बिलासपुर के द्वारा ग्राम बारगरी, तहसील चारामा स्थित उनके भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 46/3, 46/5, 48 कुल रकबा 1.71 हे. को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में प्रक्रियाधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपना दावा या आपत्ति नियत सुनवाई दिनांक 20/05/2025 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा या आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जावेगी।

अतः आज दिनांक 06/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया जाता है।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) चारामा,**
मुहर **जिला-उत्तर बस्तर कांकेर**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) चारामा, जिला- उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र./ 202505142400002/ अ-2/2024-25
साकिनः- चारामा प.ह.न.06

**उद्घोषणा**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि आवेदक कुंजलाल देवांगन पिता घासीराम देवांगन, जाति कोष्टा, निवासी ग्राम चारामा, तहसील चारामा, जिला उत्तर बस्तर कांकेर के द्वारा ग्राम चारामा, तहसील चारामा स्थित उनके भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 405/9 रकबा 0.028 हे. को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में प्रक्रियाधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपना दावा या आपत्ति नियत सुनवाई दिनांक 15/05/2025 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा या आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जावेगी।

अतः आज दिनांक 24/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया जाता है।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) चारामा,**
मुहर **जिला-उत्तर बस्तर कांकेर**

## एक नजर

### ऑपरेशन सिंदूर के लिए मोदी व सेना को बधाई



**रायपुर, 10 मई।** नहर पारा विकास समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद रमेश आहूजा ने पाकिस्तान के खिलाफ भारत के आपरेशन सिंदूर की सराहना की है। आहूजा ने कहा कि आतंकवाद का कारखाना पाकिस्तान को अब सबक मिल जाएगा। पाकिस्तान के सभी ड्रोन को नेस्तानाबूत करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री अमित शाह तथा तीनों सेनाध्यक्षों, सुरक्षा बलों को बधाई।

### महापौर मीनल चौबे ने जोन 2 में पार्षदों की बैठक लेकर कार्यों की समीक्षा की



**रायपुर, 10 मई।** नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चैबे ने नगर निगम जोन 2 कार्यालय पहुंचकर निगम जलकार्य विभाग अध्यक्ष श्री संतोष सीमा साहू, एमआईसी सदस्य श्री महेन्द्र खोडियार, श्री अवतार भारती बागल, पार्षद श्रीमती रामहीन कुर्रे, श्रीमती कृतिका जैन, श्री शेख मुषीर, श्री खगपति सोनी, जोन कमिष्नर डॉ. आर.के. डोंगरे, कार्यपालन अभियंता श्री पी.डी. घृतलहरे सहित जोन के संबंधित सभी अधिकारियों की उपस्थिति में जोन के विभिन्न विभागो के कार्यो की जानकारी लेकर उसकी गहन समीक्षा कर आवष्यक निर्देष दिये। महापौर श्रीमती मीनल चैबे ने बैठक में वार्ड पार्षदों से चर्चा कर सुझाव लिये। महापौर ने बैठक में नगर निगम को नियमानुसार जलकर अदा नहीं करने वाले लोगो की सूची बनाकर उनके घरो के नल कनेक्षन काटने की कडी कार्यवाही अभियान चलाकर करने के निर्देष दिये है। महापौर श्रीमती मीनल चैबे ने जोन स्तर पर जनसमस्याओं का त्वरित निदान नहीं होने को लेकर गहन नाराजगी व्यक्त की है। महापौर ने जोन स्तर पर जन समस्याओं का त्वरित निदान प्राथमिकता से सुनिष्चित करवाने के निर्देष दिये है। महापौर ने जोन के वार्डो में सुव्यवस्थित स्ट्रीट लाईट प्रबंधन करने टाइमर सेट कर स्ट्रीट लाईट शत प्रतिषत संख्या में जलाने की व्यवस्था करने निर्देषित किया है। महापौर ने सभी वार्डो में सतत मॉनिटरिंग कर गर्मी में सुगम जल आपूर्ति नागरिको को करने एवं वर्षा पूर्व गंदे पानी का निकास सुगम बनाने नालो, नालियों की अच्छी तरह पूर्ण सघन सफाई करवाने के निर्देष अधिकारियों को दिये है।

### रायपुर नगर निगम लगाएगा जोनवार समाधान शिविर

**रायपुर, 10 मई।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के आदेशानुसार और उप मुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग अरुण साव के निर्देशानुसार सुशासन तिहार 2025 के प्रथम चरण के अंतर्गत विगत दिनांक 8 अप्रैल से 11 अप्रैल 2025 तक आम जनता से मांगों और शिकायतों से सम्बंधित ऑनलाइन और ऑफ्लाइन आवेदन सभी 10 जोनों के समस्त 70 वार्डों में लगाए जाकर प्राप्त किये गए. द्वितीय चरण में लगभग 1 माह में प्रथम चरण में प्राप्त आम जनता की मांगों और शिकायतों का गुणवत्तापूर्वक समाधान करने का कार्य अत्यंत तेज गति से प्रतिदिन किया गया. रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर श्रीमती मीनल चैबे, सभापति सूर्यकान्त राठौड़, आयुक्त विश्वदीप के मार्गदर्शन में सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत दिनांक 5 मई से 31 मई तक समाधान शिविर लगाकर सम्बंधित अधिकारीगण आवेदकगणों को उनके आवेदन पर की गयी समाधान की कार्यवाही की जानकारी देंगे और विभिन्न शासकीय जनकल्याणकारी योजनाओं की हितग्राहियों को जानकारी देंगे, ताकि पात्र हितग्राहीगण शासन की विभिन्न लाभदायी योजनाओं से सहजता और सरलता से पूर्ण लाभान्वित हो सकें।

### मध्यान्ह भोजन रसोइया महासंघ ने उपमुख्यमंत्री साव को लिखा पत्र

**रायपुर, 10 मई।** छत्तीसगढ़ मध्यान भोजन रसोइया महासंघ ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव को पत्र लिखा है। इस पत्र के माध्यम से विधानसभा चुनाव 2023 के दौरान घोषित 'मोदी की गारंटी' के तहत रसोइयों के मानदेय में 50 प्रतिशत वृद्धि की मांग की गई है। महासंघ ने यह भी बताया कि पिछले 8 वर्षों से इस दर में कोई वृद्धि नहीं की गई है। सरकार से अपील की है कि आगामी 2025 बजट सत्र में रसोइयों के न्यूनतम मजदूरी में वृद्धि की जाए। पत्र में लिखा कि प्रदेश के सभी 90 विधानसभा क्षेत्रो के मैदानी (ग्रामीण) व वन (ग्रामीण) क्षेत्र के भु भाग में स्थित समस्त शासकीय शालाओं में 87500 रसोईयों से छात्रों के भोजन निर्माण का कार्य लिया जाता है। हम सब रसोईया सरकार से मोदी की गारंटी विधानसभा चुनावी घोषणा पत्र 2023 में किये गए 50त्न वेतन वृद्धि के वादे को जल्द से जल्द पूर्ण करने की मांग करते है। हमें वेतन वृद्धि प्रदान करने के लिए सरकार को केंद्र सरकार से भी आर्थिक मदद के लिए मांग नहीं करनी पड़ेगी। यदि सरकार वर्तमान श्रम आयुक्त दर में न्यूनतम मजदूरी में वृद्धि कर देती है। न्यूनतम मजदूरी श्रम आयुक्त दर में वृद्धि का नियम है, जिसे पिछली सरकार ने लागू नहीं किया।

# छग के रेलवे स्टेशनों में बढ़ाई गई सुरक्षा



**रायपुर, 10 मई।** भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए भारतीय रेलवे ने देशभर के स्टेशनों पर सतर्कता बढ़ा दी है। बिलासपुर जोनल रेलवे स्टेशन समेत जोन में आरपीएफ अलर्ट मोड पर है। भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए भारतीय रेलवे ने देशभर के स्टेशनों पर सतर्कता बढ़ा दी है। बिलासपुर जोनल रेलवे स्टेशन समेत जोन में आरपीएफ अलर्ट मोड पर है। रायपुर में भी ट्रेनों और स्टेशनों की सुरक्षा व्यवस्था को सख्त किया गया है। वहीं डॉग स्क्वायड की मदद से जांच अभियान भी तेज़ी से चलाया जा रहा है। यात्रियों को माइक से लगातार सतर्क किया जा रहा है, ताकि किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधियों की तुरंत सूचना मिल सके। वहीं, प्लेटफार्म के साथ ही ट्रेनों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। सीसीटीवी कैमरों से भी निगरानी की जा रही है। रेलवे के अलर्ट जारी करने के बाद जोनल मुख्यालय के साथ ही सभी रेलवे स्टेशनों के प्लेटफार्म पर चौकसी बढ़ गई है। आरपीएफ के जवान सीसीटीवी कैमरों से संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रख रहे हैं। वहीं ट्रेनों व यार्ड में डॉग स्क्वायड टीम के साथ सघन जांच की जा रही है। इसके साथ ही यात्रियों को भी सतर्कता बरतने और संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी देने की समझाइश दी जा रही है। जम्मू एयरपोर्ट में हमला होने के बाद रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट में भी अलर्ट मोड जारी किया गया है। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ड्रोन व मिसाइल हमलों के बाद रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। रायपुर एयरपोर्ट में हाई अलर्ट जम्मू एयरपोर्ट पर हुए आत्मघाती ड्रोन हमले के बाद केंद्र सरकार के निर्देश पर रायपुर सहित सभी प्रमुख एयरपोर्ट्र्स पर सुरक्षा को लेकर चौकसी बढ़ा दी गई है। एयरपोर्ट परिसर और आसपास के संवेदनशील इलाकों में ष्ट्ढस्न और राज्य पुलिस की विशेष टीमें तैनात की गई हैं। ड्रोन गतिविधियों पर नजर रखने के लिए एंटी-ड्रोन यूनिट्स को भी एक्टिव कर दिया गया है। एयरपोर्ट प्रबंधन ने यात्रियों से डिपार्चर टाइम से कम से कम 3 घंटे पहले एयरपोर्ट पहुंचने की अपील की है। चेक-इन प्रक्रिया उड़ान से 75 मिनट पहले बंद कर दी जाएगी।

### ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर पूजा-अर्चना



**रायपुर, 10 मई।** विगत दिनों 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तानी आतंकियों ने भारतीय हिंदू पर्यटकों को धर्म पूछकर उनकी हत्या कर दिया जिसके जवाब में केंद्र की मोदी सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से करारा जवाब देते भारतीय सेना के शौर्य एवं पराक्रम से पाकिस्तानी आतंकी ठिकानों पर हमला कर ध्वस्त कर दिए। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए पूजा अर्चना एवं मोदी जी के प्रति आभार व्यक्त करने हेतु कल 7.30 बजे कंकाली मंदिर ,(पुरानी बस्ती पुलिस थाने के पास में पूजा अर्चना का कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में सुमन मुथा अध्यक्ष महिला मोर्चा सदर मंडल , ममता यादव ज्योति पवार,ब्राह्मण पारा वार्ड के पार्षद अजय साहू, भाजपा सदर मंडल महामंत्री राजू बीरनानी, गिरीश अवधिया, दुर्गा देवांगन,बबीता रजक,सहित विभिन्न वर्गों की महिलाये एवं गणमान्य नागरिक सामिल हुए।

## व्यापारियों से आखिर किस बात का बदला: कन्हैया

**रायपुर, 10 मई।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महामंत्री कन्हैया अग्रवाल में नया रायपुर में होलसेल कॉरिडोर बनाए जाने की पूर्व की सरकार द्वारा स्वीकृत योजना को निरस्त किए जाने पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार व्यापारियों से किस बात का बदला ले रही है। सरकार के इस फैसले से व्यापार जगत में घोर निराशा और आक्रोश है। अग्रवाल ने कहा कि भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार में व्यापारियों की प्रतिनिधि संस्था छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रस्ताव पर हिंदुस्तान से सबसे बड़े थोक बाजार की परिकल्पना की गई थी । नया रायपुर में लगभग 1100 एकड़ में बनने वाले होलसेल कॉरिडोर के लिए 1083 एकड़ जमीन का भू उपयोग भी सरकार के द्वारा बदला जा चुका था ,मात्र 540 रुपए पर जमीन आवंटन का निर्णय लिया जा चुका था और इस हेतु लगभग 8000 आवेदन भी व्यापारिक संगठनों के माध्यम से प्राप्त हो चुके थे। प्रदेश महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने कहा कि सरकार के इस निर्णय से छत्तीसगढ़ का



व्यापारिक औद्योगिक विकास अवरुद्ध होगा । देश के सबसे बड़े होलसेल कॉरिडोर के बनने का रास्ता साफ होने के साथ ही देश भर के बड़े-बड़े कारोबारी थी रायपुर में व्यापार प्रारंभ करके प्रदेश के व्यापार विकास में भागीदार बनना चाहते थे। सरकार के द्वारा होलसेल कॉरिडोर प्रोजेक्ट को रद्द करने की घोषणा से व्यापारियों में तीव्र आक्रोश है और सरकार के प्रति निराशा भी है। व्यापार जगत ने भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने के लिए अपना सहयोग दिया और सरकार ने प्रोजेक्ट रद्द करके व्यापारियों को तोहफा दिया है। श्री अग्रवाल ने कहा कि सरकार अपने निर्णय पर पुनर्विचार करे और होलसेल कॉरिडोर योजना को मूर्त रूप देने का कार्य करे।

## नृसिंह जन्मोत्सव 11 को मनाया जाएगा



**रायपुर, 10 मई।** रायपुर पुष्टिकर समाज ट्रस्ट द्वारा स्थानीय बूढ़ेश्वर महादेव मंदिर परिसर में आगामी 11 मई 2025 की संध्या 5 बजे से भगवान नृसिंह जन्मोत्सव अपनी गौरवशाली परंपरा का निर्वहन करते हुए नृसिंह उत्साह और उमंग के साय मनाया जाएगा। विदित रहे, राक्षसराज हिरण्यकश्यप गोपाल मन्दिर सदर बाजार से अपनी आततायी प्रवृत्ति का प्रदर्शन करते हुए निकलकर बुढ़ेश्वर महादेव मंदिर पहुंचता है और प्रह्लाद सहित प्रभु के भक्तजनों को यंत्रणा देता है। भक्त प्रह्लाद की प्रार्थना पर भगवान विष्णु स्तम्भ को फाड़कर भगवान नृसिंह के रूप में प्रगट होते हैं और हिरण्यकश्यप को चुनौती देते हुए युद्ध करते हैं। अंत में भगवान नृसिंह संध्या संधिकाल में हिरण्यकश्यप का वध कर देते हैं। पुष्टिकर समाज के सदस्य ही राक्षसराज हिरण्यकश्यप और भगवान नृसिंह सहित भक्त प्रहलाद के इन पात्रों का जीवंत अभिनय करते हैं। इस उत्सव के लिए राजधानी में रचाये जाने वाले इस दिव्य-भव्य मेले में असंख्य लोग शामिल होकर आनंदित होते हैं।

### सीएम ने देश के पहले हाइड्रोजन ट्रक का शुभारंभ किया



**रायपुर, 10 मई।** देश के पहले हाइड्रोजन ट्रक का शनिवार को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री निवास पर सीएम श्री साय ने हाइड्रोजन चलित ट्रक के चालक को प्रतीकात्मक चाबी पर हस्ताक्षर कर चाबी सोपी और हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। वहीं इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ विकास के लिए अग्रसर है इसमें आज नया आयाम जुड़ रहा है। देश के पहले हाइड्रोजन ट्रक का शुभारंभ करने का मुझे सौभाग्य मिला है। जीरो पॉल्यूशन जीरो कार्बन के उत्सर्जन की ओर बढ़ रहे हैं जिसमें यह पहला कदम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी ग्रीन एनर्जी के तरफ जोर दे रहे हैं। इससे पर्यावरण भी सुरक्षित होगा। माइनिंग लॉजिस्टिक्स में काफी उपयोगी होंगी हाइड्रोजन फ्यूल ट्रक बताया जा रहा है कि 40 टन क्षमता वाले इस ट्रक का उपयोग विद्युत उत्पादन इकाई तक कोल परिवहन के लिए किया जाएगा।

# महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए दिशा-निर्देश जारी

- नई शिक्षा नीति के तहत स्नातक स्तर का पाठ्यक्रम होगा 4 वर्ष का
- साइंस संकाय में प्रवेश के लिए होड़, कला-वाणिज्य, संकाय में भी रूचि

**रायपुर,10 मई।** नई शिक्षा नीति के निर्देशानुसार पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया शुरू करन के दिशा-निर्देशा जारी कर दिए हैं। फिलहाल गर्मी को देखते हुए छात्र प्रवेश के लिए नहीं आ रहे हैं। लेकिन विज्ञान संकाय में प्रवेश के लिए होड़ मची हुई है। छात्रों की रूचि इसमें कला, वाणिज्य संकाय में प्रवेश लेने की है। उच्च शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 10 वीं एवं 12वीं के परिणाम आने के बाद विभिन्न महाविद्यालयों में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस समय नई शिक्षा नीति के अंतर्गत स्नातक स्तर का पाठयक्रम 4 वर्ष का होगा। इसलिए पूराने पाठ्यक्रमों के प्रति छात्रों की रूचि है। वर्तमान में विज्ञान महाविद्यालय का कटआफ मॉर्क्स ज्यादा चले जाने के कारण प्रवेश के लिए होड़ मची हुई है। फिलहाल राष्ट्रीय स्तर के मेडिकल तथा इंजीनियरिंग के परिणाम नहीं आए हैं। इसलिए यहां पर छात्र एवं उसके अभिभावक शांत बैठे हुए हैं। सिर्फ रायपुर में ही निजी एवं शासकीय महाविद्यालयों की संख्या 20 से 25 है। इस समय दूधाधारी बजरंग कन्या महाविद्यालय, छत्तीसगढ़ कॉलेज, साइंस कॉलेज रायपुर में एडमिशन के लिए द्वार खोल दिए गए हैं। लेकिन जैसे-जैसे अंतिम तिथि नजदीक आएका छात्र सक्रिया होंगे। राजधानी में विभिन्न निजी महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए प्राध्यापकों कमेटी बना दी गई है, जो कि कुल प्राप्तांक के आधार पर प्रवेश देंगे। इस समय शासकीय एवं निजी विद्यालयों में सिर्फ फार्म खरीदे जा रहे हैं। एडमिशन फीस को लेकर शांत हैं । एक अनुमान के अनुसार विज्ञान महाविद्यालयों कटऑफ मार्क्स ज्यादा होने के कारण प्रवेश को लेकर मारामारी मची रहेगी।

उच्च शिक्षा विभाग के अनुसार प्रवेश के लिए गाइडलान जारी कर दी गई। रविशंकर विश्वविद्यालय के स्नातक स्तर के परिणाम जैसे-जैसे आते जाएंगे, प्रवेश की प्रकिया प्रारंभ हो जाएगी। रविशंकर विश्वविद्यालय में उत्तर पुस्तिकाकओं का मूल्यांकन तेजी से चल रह है। शैक्षणिक कलेण्डरों के अनुसार परिणाम शीघ्र घोषित करना है। रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय से संबद्ध करीब 150 महाविद्यालय है। इनमें से कई के पास भवन नहीं है वही निजी महाविद्यालयों की स्थिति अच्छी नहीं है।

### सायबर अटैक से निपटने के लिए जारी किए जाएंगे दिशा-निर्देश



**रायपुर, 10 मई।** भारत और पकिस्तान में जारी तनाव के बीच छत्तीसगढ़ सरकार एक्टिव है। आज पुलिस और स्वास्थ्य विभाग को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए जा सकते हैं। गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि केंद्र के सभी निर्देशों का पालन कर रहे हैं। राष्ट्रीय विषय है सबको पालन भी करना चाहिए। पाकिस्तान की ओर से भारत में किए गए हमलों को लेकर गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि पाकिस्तान ड्रोन से हमला कर रहा है। यह भारतीय सेना की खूबी है कि भारतीय सेना ने हवा में ही मिसाइल और ड्रोन नष्ट किए है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान समझ लें, अन्यथा अंतिम निर्णय होगा। बौखलाए पाकिस्तान की ओर से सायबर अटैक की आशंका जताई जा रही है। इससे निपटने के लिए आज राज्य गृह विभाग की ओर से दिशा-निर्देश जारी हो सकते हैं। गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि अगर पाकिस्तान की ओर से सरकारी संस्थानों पर सायबर अटैक होता है तो हमारी संस्थाएं इसके लिए तैयार है। हम मुस्तैदी के लिए पूरी कोशिश कर रहे हैं। आज इस विषय पर कुछ दिशा निर्देश भी दिए जाएंगे।

लोक अदालत...



**रायपुर। राजधानी में आज लोक अदालत का आयोजन किया गया। सैकड़ों पक्षकार इसमें उपस्थित होकर अपने प्रकरणों का निराकरण कराया।**

### विकास कार्यों की धीमी गति से विधायक नाराज

**रायपुर, 10 मई।** पूर्व केबिनेट मन्त्री रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने विकास कार्यों कार्य की अत्यंत धीमी गति को लेकर स्थल पर अपनी गहन नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल अतिरिक्त मशीनें संसाधन लगाकर कार्य को गतिमान करते हुए शत प्रतिशत कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता से हर हाल में 30 जून 2025 के पूर्व तक पूर्ण करवाना सुनिश्चित करने के कडे निर्देश संबंधित अनुबंधित एजेंसी हील ब्रो मेटेलिक प्रा.लि. के प्रतिनिधि सहित निगम अभियंताओं को दिये, ताकि आगामी वर्षा ऋतु में सम्बंधित स्थल पर पौधरोपण अभियान चलाया जा सके।

### गुढ़ियारी में लगा समाधान शिविर

- दहीहांडी मैदान में पार्षद एवं अधिकारी शामिल हुए

**रायपुर, 10 मई।** मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रथम चरण के तहत प्राप्त शिकायतों एवं मांगों के निराकरण के लिए समाधान शिविर शुरू हो गया है। आज गुढ़ियारी के दही हांडी मैदान में जोन क्रमांक एक के अंतर्गत आने वाले विभिन्न वार्डों से प्राप्त मांगों शिकायतों का निराकरण किया गया। निगम सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सुशासन तिहार के तहत नगर निगम में बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिसमें शिकायत कम मांग ज्यादा है। शिविर में बुजुर्ग महिला श्रीमती भागवती सोनवानी को निगम आयुक्त विश्वदीप एवं पार्षद राजेश देवांगन ने स्वास्थ्य विभाग की योजना पूर्ण स्वपोषण आहार सम्मान किया। शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना से लेकर गरीबी रेखा एवं अन्य योजनाओं का लाभ दिलाने की मांग की है। राजधानी में विभिन्न वार्डों के अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत निराकरण किया जा रहा है। आज के शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों के अलावा नगर निगम के अधिकारियों ने भाग लिया। महापौर ने विभिन्नवार्डों के पार्षदों की बैठक लेकर सुगम जलापूर्ति करने के निर्देश दिए हैं। महापौर ने आज जोन क्रमांक 4 के अध्यक्ष मुरली शर्मा के साथ बैठक ली, जिसमें मनोज वर्मा, अजय साहू एवं अन्य अधिकारी शामिल हुए। जोन क्रमांक 4 के अंतर्गत सिविल लाईन, गोलबाजार, सदर बाजार, बैरन बाजार, हनुमान नगर आता है।

# समाधान शिविर में शामिल हुए बृजमोहन



**रायपुर, 10 मई।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार जिले में सुशासन तिहार 2025 का आयोजन किया जा रहा है। सुशासन तिहार के तीसरे चरण में शुक्रवार को जिले के गोबरा-नवापारा और ग्राम कांदुल में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। समाधान शिविर के दौरान किसानों को किसान किताब (ऋण पुस्तिका) प्रदान की गई। सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सुशासन तिहार का आयोजन किया गया है। सुशासन तिहार का उद्देश्य आमजनों की मांगों को पूरा करना और उनकी शिकायतों का समाधान करना है। हमारा प्रयास है कि सभी की मांग पूरी हो और शिकायतों का निराकरण हो जाए। सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने लाईब्रेरी के फर्नीचर के लिए 5 लाख रूपए, बस स्टैंड के लिए 5 लाख, सरस्वती शिशु मंदिर में सभागार के लिए सांसद निधि से 10 लाख रूपए और विधायक निधि से 10 लाख रूपए, नदी सफाई के 50 लाख रूपए और मनरेगा से तटबंध किनारे सड़क निर्माण की घोषणा की। गोबरा-नवापारा के समाधान शिविर में संभागायुक्त श्री महादेव कावरे ने कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से आमजनों की शिकायतों का निराकरण कर उनकी मांगों को पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। समाधान शिविर में प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आमजनों के आवेदनों पर जल्द कार्रवाई करें। समाधान शिविर में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ अभनपुर एसडीएम श्री रवि सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

*कांदुल में हुआ समाधान शिविर का आयोजन, हितग्राहियों को बांटे मिनी किट*

सुशासन तिहार के तीसरे चरण में आज ग्राम कांदुल में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। समाधान शिविर में आमजनों की ओर से प्राप्त आवेदनों का समाधान किया गया। साथ ही शिविर स्थल में आए उद्यानिकी विभाग की ओर से किसानों को मिनी किट और स्थानीय निवासियों को नया राशन कार्ड प्रदान किया गया। इस दौरान सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सुशासन तिहार का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार के अंतर्गत आमजनों को लाभ मिल रहा है, उनकी समस्याओं का समाधान हो रहा है। शिविर को रायपुर ग्रामीण के विधायक श्री मोतीलाल साहू ने भी संबोधित किया। इस दौरान जनप्रतिनिधि और अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### छग में पुलिसकर्मियों की छुट्टियां रद्द

**रायपुर, 10 मई।** भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच देशभर में अलर्ट है। छत्तीसगढ़ में भी अलर्ट जारी कर दिया गया है। प्रशासन ने छत्तीसगढ़ के अलग-अलग विभागों को अलर्ट पर रखा है। पुलिस प्रशासन ने कर्मचारियों और अधिकारियों की छुट्टी को लेकर निर्देश जारी किए हैं। पुलिस विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि बिना परमिशिन कोई भी अधिकारी मुख्यालय नहीं छोड़ें , इसके साथ ही बताया गया है कि पुलिसकर्मियों को सिर्फअति इमरजेंसी होने पर ही छुट्टियां मिलेंगी। छत्तीसगढ़ पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी आदेश में यह लिखा गया है कि वर्तमान परिस्थियों में जहां अतिरिक्त अलर्ट जारी करने की आवश्यकता होती है, ऐसे में सभी पुलिस इकाई प्रमुख यह सुनिश्चित करें कि इकाई के किसी भी अधिकारी या कर्मचारी को अति आवश्यक परिस्थितियों में अवकाश एवं अनिवार्य शासकीय कार्यो के अतिरिक्त मुख्यालय छोड़ने की अनुमित प्रदाय नहीं किया जावे। साथ ही सभी इकाई प्रमुख यह भी सुनिश्चित करें कि किसी भी स्थिति से निपटने के लिए अधिकतम बल पूर्ण तैयारी के साथ ईकाई स्तर पर उपलब्ध रखा जाये। वहीं, दूसरी तरफ छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने भी समर वेकेशन को पोस्टपोन कर दिया है। पहले गर्मी की छुट्टियां 10 मई से शुरू होनी थीं। अब इसे 2 जून से बढ़ाकर 28 जून कर दिया गया है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26